दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 31 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 299 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सरकार में रहते हुए सरकारी धन की हेराफेरी, चोरी और दकैती करने वाले नेता जब भ्रष्टाचार के आरोप में घिरते हैं तो अपने खिलाफ केन्द्रीय जांच एजेंसियों की कार्यवाही को राजनीति प्रेरित करार देने लगते है। बढ़ चढकर दावा करते है की वे डरने वाले नही है। उलटे सत्तारूढ़ दल को डरपोक बताते है। चारा चोरी के मामले में सजायाफ्ता लालू के कुनबे पर जब नौकरी के बदले जमीन हथियाने के मामले में कार्यवाही हो रही है तो उनका परिवार खुद को दुध का धुला बताकर पीएम मोदी को डरा हुआ बता रहा है। इसे ही कहते है चोरी ऊपर से सीना जोरी।

सीवी रमन विवि की आईसेक्ट की डिग्रियां संदिग्ध

■ छत्तीसगढ़ सरकार कर चुकी है ब्लैक लिस्ट

विक्रम सिंह ठाकुर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बालिकाओं को कंप्यूटर शिक्षा देने के लिए शुरू की गई इंदिरा सूचना योजना में लाखों गड़बड़ी के मामले में सीवी रमन यूनिवर्सिटी के अधीन संचालित संस्था आल इंडिया सोसायटी फार इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी (आईसेक्ट) को राज्य सरकार द्वारा ब्लैक लिस्टेड कर दिए जाने के बाद भी कम्प्यूटर कोर्स की डिग्रियां बांट रही है। बताया जा रहा है कि उसकी डिग्रियों की सरकारी नौकरी में मान्यता संदिग्ध है। छत्तीसगढ़ में बालिकाओं के बीच कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने 2001 में इंदिरा सूचना शक्ति योजना शुरू की गई थी। योजना के संचालन के लिए 2001 से 2004 तक कंप्यूटर शिक्षा संस्था आईसेक्ट ने अनुबंध किया गया था। 2005 में योजना का नाम बदल कर छत्तीसगढ़ सूचना शक्ति योजना कर दिया गया। आईसेक्ट कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देने वाली संस्था है जिसने बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर आधारित डिग्रियां बांटी । इसके अलावा कई सरकारी स्कूलों और संस्थाओं में वोकेशनल ट्रेनिंग भी दी गई है। इसकी डिग्रियों ओर प्रशिक्षण को सरकार नौकरियों के लिए मान्यता संदिग्ध बताई जा रही है। आईसेक्ट द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इंदिरा सूचना शक्ति योजना में लाखों की गड़बड़ी का पता चलने पर इस संस्था को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है और आदेश जारी करते हुए शिक्षा सचिव ने आदेश जारी कर प्रदेश में किसी भी तरह के सरकारी प्रशिक्षण या कोर्स इस संस्था के अधिन संचालित करने पर रोक लगा दी है। यह संस्था निजी कम्प्यूटर सेंटरों में फ्रेंचाइजी के तहत भी संचालित हो रही है। सेंटरों से फ्रेंचाइजी शुल्क के रूप में 50 हजार से 1 लाख रुपए तक की राशि ली जाती है। अधिकांश सेंटर एक- दो कमरों में चल रहे हैं।

डिग्रियों को लेकर हो चुका केस दर्ज

कोटा थाणडीपार निवासी प्रेमेन्द्र मानिकपुरी की शिकायत पर कोटा थाने में डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी के कुलपति संतोष चौबे, रजिस्ट्रार गौरव शुक्ला, उप रजिस्ट्रार नीरज कश्यप और पूर्व रजिस्ट्रार शैलेष पांडेय के खिलाफ धोखाधार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13 (1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। कोर्ट में 13 फरवरी को मामले की सुनवाई की है। मोटी रकम लेकर फर्जी डिग्रियां बांटने के आरोप लगे है। यूनिवर्सिटी के खिलाफ छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग में भी शिकायतें दर्ज हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है सर्टिफिकेट की जगह डिग्री कोर्स संचालित किए जा रहे थे। मान्यता नहीं होने के कारण कई युवाओं की डिग्रियों को नौकरी के समय अमान्य कर दिया गया था, जिससे युवाओं को भी इसके खिलाफ आवाज उठाई थी।

पकड़ाया था 1.82 करोड़ का घोटाला

छत्तीसगढ़ सरकार ने ऑल इंडिया सोसाइटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी (आईसेक्ट) को इसलिए ब्लैक लिस्टेड किया गया था क्योंकि अजीत जोगी के शासनकाल में प्रदेश के स्कूलों के स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा देने का अनुबंध किया था। लोक लेखा समिति ने योजना के दोषपूर्ण क्रियान्वयन तथा 182 करोड़ का अनियमित भुगतान होना पाया था। समिति की अनुशंसा पर शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा आईसेक्ट को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है।

पुलिस कैंप पर नक्सली हमला 3 जवान शहीद, 14 घायल

सुकमा/नवप्रदेश। बस्तर के टेकलगुडेम में मंगलवार को पुलिस कैंप पर नक्सली हमले में 3 जवान शहीद हो गए हैं। 14 जवान घायल हैं। घायलों को चॉपर से पहले जगदलपुर लाया गया। यहां से फिर उन्हें रायपुर रेफर किया गया। बता दें कि टेकलगुडेम में ही साल 2021 में नक्सली हमले में 23 जवान शहीद हुए थे। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में कोबरा, एसटीएफ और डीआरजी की टीम सर्चिंग कर रही थी। दोपहर 3 से 4 बजे के बीच घात

लगाए नक्सलियों ने टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। फोर्स को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल की आड़ लेकर भागने में कामयाब हो गए। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

आज ही बनाया गया था कैंप

जानकारी के मुताबिक, यह हमला सुकमा के थाना जगरगुण्डा इलाके में हुआ है। इस सुरक्षा कैंप को आज ही नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने और इलाके के लोगों को सहायता देने के लिए स्थापित किया गया था। कैंप स्थापित करने के बाद सीआरपीएफ के कोबरा जवान जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। तभी नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी।

बजट सत्र से पहले 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द

नई दिल्ली (ए.)। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड 146 सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है। बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हमने पहले ही कहा था कि इंडिया गठबंधन केवल फोटो शूट है। गठबंधन की मौत तो करीब हो ही गई है। इसका बेन डेड है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक में उन्होंने असम में राहुल गांधी की यात्रा पर हुए हमले और राज्य सरकार की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का मुद्दा उठाया। साथ ही हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद समेत विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का भी जिक्र किया। मंगलवार को संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल समेत 30 पार्टियों के 45 नेता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैंने केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा सभापति हरिवंश नारायण सिंह से विपक्षी सांसदों के निलंबन को रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने यह निलंबन रद्द कर दिया है। बुधवार (31 जनवरी) से निलंबित सांसद सदन में लौटेंगे। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 146 सांसद सस्पेंड किए गए थे। राज्यसभा से 46 सांसद निलंबित हुए थे। इनमें 35 सिर्फ एक सत्र के लिए सस्पेंड हुए थे। वहीं, 11 सांसदों के सस्पेंशन का मामला प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया था।

थोड़ा सा दबाव पड़ता है और नीतीश यू-टर्न ले लेते हैं : राहुल

पटना (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का बिहार में मंगलवार को दूसरा दिन था। राहुल गांधी ने पूर्णिया में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में गांधी ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हमने नीतीश जी से कहा था कि आपको बिहार में जातिगत जनगणना करवानी होगी। लेकिन बीजेपी नहीं चाहती थी कि बिहार

में जातिगत जनगणना हो, क्योंकि वे देश को सच बताने से डरते हैं। बीजेपी नहीं चाहती कि जनता का ध्यान सामाजिक न्याय पर जाए। बिहार में महागठबंधन सामाजिक न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। हमें नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है। बिहार की सियासत में नीतीश के एक बार फिर पलटी मारने पर राहुल गांधी ने कहा, नीतीश जी पर थोड़ा सा दबाव पड़ता है और वे (नीतीश कुमार) यू-टर्न ले लेते हैं।'' राहुल गांधी ने आगे कहा कि समय आ गया है कि हिंदुस्तान का एक 'एक्स-रे' किया जाए, ताकि पता चले कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव में अपना अवसान देख कर भयाक्रांत है कांग्रेस : सुधांशु

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर आज तीखी प्रतिक्रिया दिये हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में लोकतांत्रिक राजवंशों के परिवारवाद का पटाक्षेप हो रहा है और वास्तविक लोकसत्ता प्रादुर्भाव हो रहा है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह प्रतिक्रिया जताई और कहा, देखी जमाने की यारी, बिछड़े सभी बारी-बारी! हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में पूरी

तरह ध्वस्त होने के बाद विपक्ष के इस तथाकथित इंडी गठबंधन की यारी अब छिन्न-भिन्न हो गई है। इस बौखलाहट में अब कांग्रेस पार्टी आपत्तिजनक बयान देने पर आ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधारहीन और अनर्गल बयान दिया है।

पूर्व पीएम इमरान खान को 10 साल की जेल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और प्रधानमंत्री इमरान खान को सिफर मामले में कोर्ट ने 10 साल की जेल की सजा सुनाई है। इस मामले में सजा पाने वालों में इमरान अकेले शामिल नहीं हैं। इस दौरान पीटीआई चीफ के सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी 10 साल की सजा हुई है। स्पेशल कोर्ट के इस फैसले को इमरान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। दरअसल, इमरान पाकिस्तान में आम चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन दोनों नेताओं को 10-10 साल की सजा सुनाए जाने के बाद चुनाव लड़ने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। हालांकि, इमरान के पास अभी भी ऊपरी अदालत में अपील करने का विकल्प बचा हुआ है।

पूर्व विदेश-मंत्री जसवंत सिंह की बहू की एक्सीडेंट में मौत

अलवर। राजस्थान के बाड़मेर से पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में मानवेंद्र सिंह, उनका बेटा हमीर सिंह और ड्राइवर घायल हो गए हैं। हादसा मंगलवार शाम 5 बजे अलवर के नीगांवा के पास खुसपुरी (हरियाणा बॉर्डर) में हुआ। घायलों को अलवर के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मानवेंद्र सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में विदेश मंत्री रहे जसवंत सिंह के बेटे हैं। मानवेंद्र सिंह के बेटे हमीर सिंह के हाथ और नाक में फ्रैक्चर हुआ है। पूर्व सांसद के सीने की पसली टूटी है। फेफड़े में भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी का इलाज शुरू कर दिया गया है। मानवेंद्र भाजपा से सांसद बने थे, अब वे कांग्रेस में हैं।

सपा ने की लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों की घोषणा

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 16 प्रत्याशियों लिस्ट जारी की है। जिसमें सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव का भी नाम शामिल है। पार्टी ने डिंपल यादव को मैनपुरी से टिकट दिया है। यह सीट सपा की सेफ सीट मानी जाती है। सपा ने पहली लिस्ट में यूपी की बड़ी लोकसभा सीट पर भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। जिनमें मैनपुरी, लखनऊ, फैजाबाद, गोरखपुर और ज्ञाव सीट शामिल हैं। सपा ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कुल 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

इन नेताओं को मिला टिकट

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफ िकुर्रे हमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिम्पल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, ज्ञाव (33) से अनु टण्डन लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फ रुर्खाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बाँदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद को टिकट दिया है।

सीएम सोरेन पत्नी को सौंप सकते हैं सत्ता की चाबी

राची/नवप्रदेश। जमीन घोटाले में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार 30 जनवरी की दोपहर रांची पहुंचे। वे सोमवार 29 जनवरी से लापता थे। रांची पहुंचकर उन्होंने सीएम हाउस में सत्ता पक्ष (जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी) के विधायकों के साथ मीटिंग की। इधर, जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि झारखंड के सीएम के साथ किमिनल जैसा व्यवहार किया गया। जब उन्होंने पूछताछ के लिए 31 जनवरी का समय दिया था तो ईडी उनके आवास पर क्यों गई। उन्होंने कहा कि वे नीतीश और अजीत पवार नहीं हैं। राज्य में विधायक दल की बैठक मंगलवार शाम 7 बजे शुरू हुई।

भाजपा कार्यकर्ता मर्डर केस में 15 पीएफआई मेंबर्स को सजा-ए-मौत

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल की एक कोर्ट ने प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 15 कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई है। भाजपा की ओबीसी विंग के नेता रंजीत श्रीनिवासन की 19 दिसंबर 2021 को हत्या कर दी गई थी। पिछले हफ्ते कोर्ट ने 15 लोगों को दोषी माना था। कोर्ट ने कहा था कि आठ दोषी, जिनकी पहचान निजाम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल सलाम उर्फ सलाम पोन्नू, अब्दुल कलाम, सफरुद्दीन और मनशद के तौर पर हुई है, वे रंजीत श्रीनिवासन के मर्डर में सीधे तौर पर शामिल थे। अन्य दोषियों की पहचान जसीब राजा, नवास, शमीर, नसीर,जाकिर हुसैन, शाजी पूवाथुंगल और शमनास अशरफ के तौर पर हुई है। कोर्ट ने इनमें से चार को इसलिए दोषी करार किया था क्योंकि वे हथियार लेकर क्राइम सीन पर आए थे, ताकि श्रीनिवासन भाग न पाए और कोई उसकी मदद भी न कर पाए। बाकी तीन ने मर्डर की साजिश रची थी। मवेलीक्कारा एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज वीजी श्रीदेवी ने फैसला सुनाया। विक्टिम के वकील ने बताया कि सजा पाने वाले सभी आरोपी टेंड किलर स्क्वॉड का हिस्सा थे। जिस करूर और निर्मम तरीके से विक्टिम को उनकी मां, पत्नी और बच्चे के सामने मारा गया था, ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर क्राइम की श्रेणी में आता है।

नौकरी के बदले जमीन मामले में ईडी ने तेजस्वी से की पूछताछ

पटना (वार्ता)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के पुत्र और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में पूछताछ शुरू कर दी। 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में ईडी के समन के बाद श्री यादव पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। श्री यादव के ईडी कार्यालय पहुंचने से पहले ही राजद के विधायक और पूर्व मंत्री समेत बड़ी संख्या में समर्थक ईडी कार्यालय पहुंच गए थे । जैसे ही श्री यादव ईडी कार्यालय पहुंचे, समर्थक उनके पक्ष में नारे लगाने लगे। बहुत मुश्किल से श्री यादव ईडी के कार्यालय के अंदर जा पाए। नौकरी के बदले जमीन घोटाले से



जुड़े मामले की जांच ईडी कर रही है। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील सरकार के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था । सोमवार को ईडी ने श्री यादव से लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की थी।

गरमा-गरम

उम्मीद... लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला है अंतरिम बजट, हर वर्ग को साधने की होगी कोशिश

अंतरिम बजट 2024 : बजट में किसान, युवा और महिला को मिल सकता है लाभ

नई दिल्ली (ए.)। देश में लोकसभा चुनाव से पहले एक अंतरिम बजट पेश होने वाला है। यह बजट इसी हफ्ते 1 फ रवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सदन में पेश करेंगी। यूनियन बजट 2024 गुरुवार को सुबह 11 बजे के आसपास पेश होगा। बता दें कि इस बार का बजट अंतरिम बजट होगा। क्योंकि, लगभग दो महीने बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार का गठन होने के बाद ही पूरे साल का बजट पेश किया जाएगा। चुनावी वर्ष होने के कारण ऐसा माना जा रहा है कि इस बार के बजट में किसानों, महिलाओं और युवा वर्ग के लिए कुछ बड़े ऐलान किए जा सकते हैं। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, अंतरिम बजट में कई बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं। जिसमें किसानों को राहत देने के

अलावा रोजगार से संबंधित जरूरी घोषणाएं की जा सकती हैं। मुख्य रूप से महंगाई पर नियंत्रण रखना और विकास दर को बरकरार रखना वित्त मंत्रालय के लिए एक बड़ी चुनौती है। चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार वोटर्स को आकर्षित करने की कोशिश करेगी। इसके लिए अंतरिम बजट में कुछ लोक लुभावन घोषणाएं की जा सकती हैं।

युवा और किसान पर सरकार की नजर

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक सरकार इस बजट में अपनी डायरेक्ट बेनीफि ट स्कीम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के तहत मिलने वाली धनराशि को बढ़ा सकती है। फि लहाल इस योजना के तहत किसानों को 6000 रुपये प्रति वर्ष मिल रहे हैं। ऐसी उम्मीद है कि यह राशि बढ़ाकर 9000 रुपये की जा सकती है। किसानों के अलावा युवा वोटर्स को साधने के लिए रोजगार बढ़ाने वाली घोषणाएं भी हो सकती हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इन दोनों कदमों से सरकार एक साथ युवा वर्ग और किसानों को अपनी ओर आकर्षित कर सकती है।

टूरिज्म सेक्टर में भी कई उम्मीदें

पिछला साल ट्रैवलिंग और टूरिज्म सेक्टर के लिहाज से काफी रोमांचक रहा। भारत अगले दशक तक दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला एविएशन मार्केट बनने की राह पर है। जिस तरह से टियर 2,3,4 शहर में हवाई यात्रा का ट्रेंड बढ़ा है। उसे एविएशन सेक्टर को बढ़ावा मिला है। उम्मीद है कि इस बार के बजट में उड़ान योजना के तहत इन शहरों में मौजूदा और नए एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचे, टेक्नोलॉजी और सुरक्षा उपायों के विकास के लिए संसाधनों का आवंटन होगा।

न्यूज गैलरी

सरकार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार: जोशी

नई दिल्ली (वार्ता)। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कहा कि सरकार दोनों सदनों की नियमावली और आसन के निर्देशानुसार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार है। सरकार ने अंतरिम बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक में संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया। बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा और 9 फरवरी तक चलेगा। बैठक में श्री जोशी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए श्री जोशी ने कहा कि सरकार अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्षी दलों से दोनों सदनों में कामकाज के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ सहयोग करने और तख्तियां लहराने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा सहित 30 दलों के 45 नेताओं ने बैठक में भाग लिया और यह सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अंतरिम बजट 2024-25 पेश करेंगी। यह लोकसभा चुनाव का आखिरी बजट होगा। वित्त मंत्री लगातार छठा बजट पेश करेंगे, पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट यह उपलब्धि अब तक केवल पूर्व प्रधान मंत्री मोरारजी देसाई ने हासिल की थी।

सड़क हादसे में 2 स्कूली बच्चों समेत 3 की मौत

बदायूं (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के कोतवाली उझानी क्षेत्र में बरेली मथुरा मार्ग पर मंगलवार को स्कूली वैन और मिनी ट्रक की टक्कर में दो बच्चों और चालक की मौत हो गयी जबकि छह अन्य बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गये। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि गांव बुटला दौलतपुर में स्थित कैप्टन गजराज सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही एक प्राइवेट स्कूल वैन की आज सुबह लगभग 9.45 बजे एक कैटर से टक्कर हो गयी। वैन पहले कैटर गाड़ी से टकराई, उसके बाद पीछे से आ रही रोडवेज बस भी वैन से टकरा गयी। इस हादसे में ड्राइवर और उसके बेटे समेत दो बच्चों की मौके पर मौत हो गई है । गम्भीर रूप से घायल छह बच्चों को बदायूं मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मरने वालों में वैन चालक उमेश(30), उसका 2 साल का बच्चा और एक अन्य 6 वर्ष के छात्र की मृत्यु हुई है। अन्य बच्चे मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए लाए गए हैं। वाहनों को सड़क से हटवा कर मार्ग सुचारू कर दिया गया है।

आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं बापू के विचार: योगी

लखनऊ(वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर बापू को याद किया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ‘‘मानवता के अप्रतिम प्रतीक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। पूज्य बापू के विचार ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी दी गई शिक्षा में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है।’’ कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्रतदेव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ज्ञानवापी से एसआई को तेलगु भाषा में शिलालेख मिले

नई दिल्ली। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई को कुछ नई चीजें मिली हैं। कर्नाटक के मैसूर में एएसआई के पुरालेख विभाग के निदेशक मुनिरत्नम रेड्डी के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम को 34 शिलालेख मिले हैं। इनमें से तीन शिलालेख तेलुगु भाषा में हैं। कुछ शिलालेख कन्नड़, देवनागरी और तमिल भाषाओं में हैं। एएसआई की पुरालेख शाखा को इससे पहले अयोध्या से एक संस्कृत शिलालेख भी मिला था। शिलालेख मस्जिद की दीवारों पर उकेरे गये हैं। इन शिलालेखों में से एक में नारायण भटलू के पुत्र मक्षना भटलू जैसे लोगों के नाम साफ तौर पर लिखा है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई को कुछ नई चीजें मिली हैं। कर्नाटक के मैसूर में एएसआई के पुरालेख विभाग के निदेशक मुनिरत्नम रेड्डी के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम को 34 शिलालेख मिले हैं। इनमें से तीन शिलालेख तेलुगु भाषा में हैं। कुछ शिलालेख कन्नड़, देवनागरी और तमिल भाषाओं में हैं। एएसआई की पुरालेख शाखा को इससे पहले अयोध्या से एक संस्कृत शिलालेख भी मिला था।

एएसआई के मुताबिक इससे वहां पहले भव्य मंदिर होने के संकेत मिलते हैं। मुनिरत्नम के मुताबिक, यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि नारायण भटलू एक तेलुगु ब्राह्मण हैं जिन्होंने 1585 में काशी विश्वनाथ मंदिर के निर्माण की देखरेख की थी। ऐसा कहा जाता है कि जौनपुर के हुसैन शर्की सुल्तान (1458-1505) ने 15 वीं शताब्दी में काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। मंदिर का पुनर्निर्माण 1585 में किया गया था। माना जाता है कि राजा टोडरमल ने दक्षिण भारत के एक विशेषज्ञ नारायण भटलू को मंदिर के निर्माण की निगरानी करने के लिए कहा था। मौजूदा शिलालेख इस तथ्य का समर्थन करता है। एएसआई निदेशक ने अपनी रिपोर्ट में कहा, यह शिलालेख ज्ञानवापी मस्जिद की एक दीवार पर लिखा हुआ है और यह तेलुगु भाषा में है। हालांकि यह क्षतिग्रस्त और अधूरा है, लेकिन इसमें मक्षाना भटलू और नारायण भटलू का उल्लेख है।

मस्जिद से तेलुगु भाषा में मिले शिलालेखों में एक अन्य में 'गोवी' शब्द लिखा मिला। यह गोविस चरवाहों को कहा जाता है। इसके अलावा एक तीसरा शिलालेख है जो 15वीं शताब्दी का है। यह मस्जिद के उत्तरी हिस्से के मुख्य द्वार पर मिला। इसमें 14 लाइनें हैं, जो पूरी तरह से घिसी-पिटी हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यह दीपकों से संबंधित है। इसका बाकी हिस्सा नष्ट हो गया है और साफतौर पर पढ़ा नहीं जा सकता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सर्वेक्षण में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कुल 55 पत्थर की मूर्तियां मिलीं, जिनमें 15 शिव लिंग, विष्णु की तीन मूर्तियां, गणेश की तीन, नंदी की दो मूर्तियां शामिल हैं। एएसआई की रिपोर्ट में कहा गया है, कृष्ण के दो, और हनुमान की पांच मूर्तियां मिली हैं।

थोड़े से दबाव में बिखर गए नीतीश कुमार

सामाजिक न्याय देने की जिम्मेदारी हमारी, यहां आपकी कोई जरूरत नहीं : राहुल गांधी

पटना(ए.)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार के यू-टर्न के बाद कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की पहली प्रतिक्रिया आ गई है। उन्होंने पूर्णिया में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री थोड़े से दबाव में बिखर गए। इस दौरान उन्होंने चुटकुला सुनाते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज भी कसा।

राहुल गांधी ने पूर्णिया रैली में कहा कि आपके सीएम राज्यपाल के यहां शपथग्रहण के लिए गए, वहां शपथ ली। वहां बीजेपी के नेता और राज्यपाल बैठे थे। शपथ के बाद वे वापस सीएम हाउस की तरफ चले जाते हैं। लौटते समय गाड़ी में पता चलता है कि वो अपना शॉल राज्यपाल के घर में छोड़ आए तो वो ड्राइवर से कहते हैं कि वापस चलो, शॉल उठाना है। गवर्नर के घर पहुंचते हैं तो वो नीतीश कुमार को देखकर कहते कि भाई इतनी जल्दी वापस आ गए। ये हालत है बिहार की।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष आगे कहते हैं कि थोड़ा सा दबाव पड़ता है और यू-टर्न ले लेते हैं। दबाव क्यों पड़ा क्योंकि बिहार में हमारे गठबंधन ने एक बात जनता के सामने रखी है। इस यात्रा में हम

पांच न्याय की बात कर रहे हैं। इनमें से एक न्याय- समाजिक न्याय का वही मतलब है और इसका पहला कदम देश का एक्स-रे करना है।

'नीतीश जी कहां फंसे?'

उन्होंने आगे कहा, "मैंने नीतीश से साफ कह दिया कि देखिए आपको जाति जनगणना बिहार में करनी पड़ेगी, हम आपको छूट नहीं देंगे। राजद ने और हमने ये काम नीतीश जी पर दबाव डालकर किया। इसके बाद दूसरी तरफ से प्रेशर आया। बीजेपी नहीं चाहती है कि इस देश का एक्स-रे हो। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पता चल जाएगा कि कितने दलित हैं, आदिवासी हैं, गरीब है। बीजेपी ये नहीं चाहती। नीतीश कुमार बीच में फंस गए। बीजेपी ने उन्हें बीच में निकलने का रास्ता दे दिया। वो उस रास्ते पर निकल गए। सामाजिक न्याय देने की जिम्मेदारी हमारे बिहार में हमारे गठबंधन की है, नीतीश कुमार की यहां कोई जरूरत नहीं है। यहां हम अपना काम कर लेंगे।

उनके जाने से इंडिया गठबंधन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने वाला : जयराम

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्षी गठबंधन तोड़ने से कांग्रेस 'राहत' में नजर आ रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नीतीश कुमार के 'महागठबंधन' को छोड़कर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में जाने से विपक्षी गुट इंडिया में अब कई नेता 'राहत की सांस ले रहे हैं'। कांग्रेस नेता ने कहा, 'कुमार के बाहर निकलने से इंडिया गठबंधन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। कई नेता राहत की सांस ले रहे हैं और कह रहे हैं कि भगवान का शुक्र है कि यह आदमी चला गया। यह अच्छी मुक्ति है।' रमेश ने कहा, 'यह सच है कि कुमार ने पटना में विपक्षी नेताओं की पहली बैठक की मेजबानी की थी और उसके बाद के सभी सम्मेलनों में भाग लेते रहे थे। लेकिन हालांकि हम यह पता नहीं लगा सके कि उनकी योजनाएं क्या थीं, लेकिन पिछले दो या तीन महीनों में उनका व्यवहार अविश्वास पैदा करने वाला था।' नीतीश कुमार के भाजपा के साथ जाने को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा, 'इसका 'इंडिया' गठबंधन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा...बिल्कुल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ये नीतीश कुमार की शैली है....यह 'आया राम, गया राम' नहीं है, बल्कि यह 'आया कुमार, गया कुमार' है।'

इजराइल जाने को मजबूर युवकों को रोकने का सरकार के पास उपाय नहीं : प्रियंका

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर युवकों को रोजगार मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि हर साल दो करोड़ युवकों को रोजगार देने का वादा जुमला साबित हुआ है और यही वजह है कि बेरोजगार युवा युद्धग्रस्त इजराइल जाकर खतरा उठाने को मजबूर हैं वहीं सरकार के पास कोई उपाय नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने कहा अगर कहीं पर युद्ध के हालात हैं तो सबसे पहले हम अपने नागरिकों

को वहाँ से बचाकर, वापस अपने वतन लाते हैं लेकिन बेरोजगारी ने आज वो हाल कर दिया है कि देश की सरकार हजारों असहाय और मजबूर युवाओं को युद्धग्रस्त इजराइल जाकर ये खतरा उठाने से भी बचा नहीं रही है। उन्होंने कहा 'इसी से पता चलता है कि चुनावों में 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी', 'सालाना दो करोड़ रोजगार' और 'मोदी की गारंटी' जैसी बातें सिर्फ जुमला हैं। यहीं, अपने देश में इन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल रहा।

ईडी को मुंबई में मिला अपना दफ्तर,362 करोड़ के बीकेसी प्लॉट में कार्यालय

मुंबई। अपनी मुस्तैदी से हजारों करोड़ों रुपये की अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आर्थिक राजधानी मुंबई में एक विशाल घर मिलने वाला है। ईडी को मुंबई में अपने ऑफिस के लिए बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में 362 करोड़ रुपये का प्लॉट आवंटित किया गया है। मुंबई में इस समय ईडी का ऑफिस और स्टोर रूम तीन अलग-अलग बिल्डिंगस में है। इनमें से दो बैलार्ड एस्टेट में और एक ऑफिस वर्ली में है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी को आधा एकड़ का प्लॉट आवंटित हुआ है जिसमें से 10,500 वर्ग मीटर पर बिल्डिंग का निर्माण किया जा सकता है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 10,500 वर्ग मीटर के लिए 3.4 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर चार्ज करने का फैसला किया है। मुंबई में इस समय जहां ईडी के दफ्तर हैं उन तीनों बिल्डिंग्स में अन्य प्राइवेट कंपनियों के भी ऑफिस हैं। ऐसे में एजेंसी को वहां आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने में मुश्किल होती है। बता दें कि ईडी के बैलार्ड एस्टेट में ऑफिस किराए पर है।

लारेंस बिश्नोई के शूटर की निर्मम हत्या, हाथ-पैर बांधकर जलाया

नई दिल्ली। हरियाणा में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के शूटर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। खबर है कि उसके हाथ-पैर बांधकर जिंदा जला दिया गया। कहा जा रहा है कि इस वारदात की जिम्मेदारी गैंगस्टर देवेंद्र बंबीहा गैंग ने ली है। ऐसा माना जाता है कि बंबीहा गैंग और बिश्नोई गैंग की दुश्मनी चल रही है, जिसके चलते पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली एनसीआर में कई जगहों पर वारदात हुई हैं। सोमवार को पुलिस ने बताया है कि बिश्नोई गैंग के शूटर राजन को आग लगाने से पहले उसके हाथ-पैर बांध दिए गए थे। उसकी लाश यमुनानगर जिले में मिली है। वह कई गैंगवॉर में शामिल रह चुका है। राजन के शव की पहचान उसके रिश्तेदार के बेटे प्रिंस ने की है। हालांकि, उसका कहना है कि राजन का परिवार से कोई लेना देना नहीं था। शूटर के हाथ और पैर बंधे हुए थे और शरीर के कई हिस्से गायब थे।

खदान में विस्फोट के दौरान पत्थर गिरने से 1 की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक खदान में विस्फोट के दौरान पत्थर गिरने से एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है हादसे में 2 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। यह घटना पनवेल इलाके में सोमवार को दोपहर के दो बजे घटी। मरने वाले की पहचान अभिनाश केशवर कुजूर के तौर पर की गई है। वहीं दो अन्य के सिर पर चोट लगी है। शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने खदान में विस्फोट कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

बीजेपी नेता ने ममता बनर्जी के लिए बोले 'अपमानजनक' शब्द

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के खिलाफ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के थप्पड़ मारने वाले बयान से बड़ा विवाद खड़ा हो गया। टीएमसी नेताओं ने बयान को अपमानजनक और बीजेपी की गंदी हरकत करार दिया। इसको लेकर पार्टी ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष से फैरन माफी मांगने की मांग की है। कई नेताओं ने बंगाला भाषा में दिए गये सुकांत मजूमदार के इस बयान को सोशल मीडिया पर शेयर किया। इससे दोनों दलों के बीच टकराव बढ़ गया है। राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में एक रैली में बीजेपी नेता मजूमदार ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर ममता बनर्जी पर कई आरोप लगाए। बीजेपी नेता ने लोगों से कहा कि शिक्षा में खराब प्रदर्शन बच्चों की गलती नहीं है। उन्होंने लोगों से कहा, अपने बच्चों को पीटने के बजाय बनर्जी को थप्पड़ मारना चाहिए। सुकांत मजूमदार बोले- जब आपके बच्चे स्कूल से वापस आ रहे हैं तो वे कुछ भी जवाब नहीं दे सकते हैं। आप उन्हें थप्पड़ मार रहे हैं और उनसे सवाल कर रहे हैं कि स्कूल में क्या पढ़ा है। अपने बच्चों को थप्पड़ मारने के बजाय, ममता बनर्जी को थप्पड़ मारें क्योंकि उन्होंने शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है। पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के बयान पर टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने इसे पीएम के नारी शक्ति वाले नारे का अपमान बताया और कहा, "बंगाल बीजेपी के प्रमुख, जो एक सांसद भी हैं, ने सार्वजनिक रूप से एक भाषण दिया है, जहां उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ शारीरिक हिंसा का इस्तेमाल करने का आह्वान किया है।

NDA छोड़ने के सवाल पर भड़के जीतन राम मांझी

पटना/नवप्रदेश। बिहार में जीतन राम मांझी की पार्टी HAM 4 विधायक नई सरकार में शामिल हैं। मांझी के बेटे संतोष सुमन को मंत्री बनाया गया है। बिहार में जीतन राम मांझी की पार्टी HAM के 4 विधायक नई सरकार में शामिल हैं। मांझी के बेटे संतोष सुमन को मंत्री बनाया गया है। बिहार में बहार है, बिन मांझी सब बेकार है" बिहार में नई NDA सरकार बन चुकी है, नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। इस दौरान NDA के घटक दल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, यानी HAM के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के सरकारी आवास के बाहर लगे पोस्टर गठबंधन सरकार में उनकी अहमियत पर जोर दे रहे हैं।

बाबा रामदेव के मोम के पुतले का अनावरण

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव के मोम के पुतले का 'मैडम तुसाद न्यूयॉर्क' के एक कार्यक्रम में अनावरण कर दिया गया है। वह ऐसे पहले भारतीय सन्यासी हैं, जिनका मोम का पुतला न्यूयार्क मैडम तुसाद संग्रहालय में स्थापित हो रहा है। भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के जन-जन में योग और भारतीय संस्कृति का जागरण करने का श्रेय स्वामी रामदेव को जाता है। पतंजलि के प्रवक्ता एसके तिजारावाला ने कुछ दिनों पहले ही पुतले के अनावरण को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि विश्व का सबसे बड़ा मोम आकर्षण 'मैडम तुसाद संग्रहालय न्यूयॉर्क' मंगलवार को योग ऋषि स्वामी रामदेव की उपस्थिति में उनके मोम के पुतले का अनावरण करेगा। यह समारोह दोपहर 12.55 बजे द ललित, बाराखंभा एवेन्यू, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में आयोजित होगा।

अयोध्या में रामलला की 5 साल के राजकुमार जैसी सेवा

अयोध्या। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उनकी पूजा का विधान ऐसे तय किया गया है, जैसे राजा दशरथ के महल में अयोध्या के राजकुमार की 5 वर्ष की अवस्था में सेवक सेवा कर रहे हों। एक राजकुमार बालक की तरह उन्हें जगाया जाता है। उनकी रुचि का भोजन कराया जाता है। आराम कराया जाता है।

पंजाब-हरियाणा से लेकर बिहार तक तीन दिन कोहरे का यलो अलर्ट

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर भारत में भीषण सर्दी और कोहरे के बीच सूरज की आंख मिचौली चल रही है। एक दिन चटक धूप खिल रही है तो उसके अगले दिन कोहरा कहर बरपा रहा है। लगभग एक हफ्ते से यह देखने को मिल रहा है। रविवार को दिन में धुंध और कोहरे के बाद सोमवार को चटक धूप खिली। इससे बर्फीली ठंड से कुछ राहत तो मिली, लेकिन जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी से ज्यादातर इलाकों में गलन भरी ठंड महसूस की गई। न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई है और 7-10 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा से लेकर बिहार तक अगले तीन दिनों तक कहीं हल्का तो कहीं घना कोहरा छाया रहेगा। विभाग ने इसको लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के आसपास के मैदानी इलाकों में 30 जनवरी से 4 फरवरी तक बारिश की भी संभावना है। पिछले कुछ समय से सर्दी का सितम झेल रहे पंजाब और हरियाणा में भी पारा सामान्य के करीब पहुंच गया है।

शहर सत्ता... भाजपा नेता मनोज सोनकर को कुल 16 वोट हासिल हुए, आप के कुलदीप को 12 वोट तो 8 वोट अवैध करार

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में खेला, भाजपा की जीत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर का चुनाव भाजपा ने जीत लिया है। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने बड़ा उलटफेर करते हुए यह जीत हासिल की है। मेयर चुने गए भाजपा नेता मनोज सोनकर को कुल 16 वोट हासिल हुए हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के कुलदीप सिंह 12 वोट ही पा सके। 8 वोट अवैध करार दिए गए हैं। इस निर्णय को लेकर विवाद हो सकता है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इस पर सवाल

खड़े कर सकते हैं। पहले ही चुनाव टालने को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने हमला बोलते हुए कहा था कि यह गलत है और भाजपा ने हार के चलते ऐसा फैसला लिया है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को कांग्रेस का भी समर्थन हासिल था। फिर भी उनकी हार हुई है। ऐसे में चुनाव में भाजपा ने बड़ा खेल करते हुए यह सीट अपने नाम कर ली। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही चुनाव में जीत के दावे कर रहे थे। आम आदमी पार्टी की पार्षद प्रेमलता ने इस इलेक्शन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हम इस चुनाव के खिलाफ हाई कोर्ट जाएंगे। भाजपा ने गलत तरीके से जीत हासिल की है। मेरे हाथ से बैलेट पेपर ही छीन लिया गया। किरण खेर मैडम लगातार इशारे दे रही थीं। आखिर 8 वोट अवैध कैसे हो सकते हैं? प्रेमलता ने कहा कि हमारे 24 वोट थे। फिर 8 वोट अवैध कैसे करार दे दिए गए। प्रेमलता ने आरोप लगाया कि गलत तरीके से बाद में साइन किए गए और वोटों को अवैध करार दे दिया गया। प्रेमलता ने कहा कि भाजपा की सरकार का अंत आ चुका है। भले ही इन लोगों ने मेयर का चुनाव धोखे से जीत लिया है, लेकिन सांसदी के चुनाव में तो सीधे जनता ही वोट देगी और सबक सिखाएगी। प्रेमलता ने इस दौरान किरण खेर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। भाजपा की इस जीत पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी ट्वीट आया है। उन्होंने इसे इंडिया अलायंस के खिलाफ पहली जीत करार दिया है। जेपी नड्डा ने लिखा, ' इंडिया अलायंस ने भाजपा के खिलाफ पहली चुनावी लड़ाई लड़ी और हार हुई है। इससे दिख गया कि न तो उनकी गणित काम की और ना ही उनकी केमिस्ट्री चल पाई है।'

अग्निवीर सेना से रिटायर होने के बाद शुरू होगी कौशलवीर योजना

नई दिल्ली। सेवानिवृत्त होने वाले सैनिक या अग्निवीर को भविष्य में रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि वह सेना से कौशलवीर बनकर बाहर निकलेंगे। सेना ने अपने जवानों एवं अग्निवीरों को तकरीबन 500 क्लस्टर के रोजगारपरक कौशल से लैस कराने के लिए कौशलवीर नामक एक नई योजना शुरू करने का फैसला किया है। सेना के सूत्रों के अनुसार, यह योजना नई शिक्षा नीति और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुरूप है तथा इसे नेशनल स्किल डवलपमेंट कार्डसिल की मदद से तैयार किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

अमर सेनानियों को सीएम साय ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश पर प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बलिदानियों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। भारत की आजादी के लिए महात्मा गांधी के अतुल्य योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने पूरी दुनिया को दिखाया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर डटे रहकर किस तरह बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी विश्व के लिए न सिर्फउपयोगी हैं, बल्कि उनके विचारों और दर्शन में अनेक समस्याओं का समाधान भी छिपा है। उन्हीं की प्रेरणा से नए और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। हम सभी गांधी जी के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का प्रण लें और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। यही गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

आईटीआई में मेहमान प्रवक्ता पद के लिए मंगवाए आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। नोडल अधिकारी सौरभ व्योमेश साय ने बताया कि योग्य एवं निर्धारित अर्हता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर में निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक से दिनांक 13 फरवरी 2024 शाम 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदक, आवेदन के लिए वेबसाइट www.raipur.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सड्डू में स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी), कारपेंटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, टर्नर, विद्युतकार के 01-01 पद तथा स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के 02 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आरंग में फिटर के 01 पद एवं दाउ चंद्रभान सिंह सिरमौर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तिल्दा-नेवरा में वर्कशॉप कैल्कुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के 01 पद तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, माना कैम्प रायपुर में फिटर, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार, टर्नर, स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के 01-01 पद तथा वेल्डर के 02 पद और वर्कशॉप कैल्कुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के 01 पद तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, तोरला में कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 01 पद एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, खोरपा में कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 01 पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सहायक शिक्षकों की भर्ती, ऑनलाइन काउंसिलिंग कल से

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक सीधी भर्ती 2023 में सहायक शिक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों की तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग 01 फरवरी दोपहर 12 बजे से 03 फरवरी संध्या 05 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in/ में प्रारंभ की जा रही है। उक्त काउंसिलिंग में व्यापम की परीक्षा परिणाम के अनुसार सहायक शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल https://eduportal.cg.nic.in/ पर देखी जा सकती है। शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन आबंटित जिला के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा। अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें। दस्तावेज सत्यापन तिथि की सूचना अभ्यर्थियों के लागिन आई.डी. तथा पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पृथक से प्रदान की जायेगी।

मौसम ने बदली करवट, बढ़ेगा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम के मिजाज में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में जहां गर्मी का एहसास होने लगा है तो वहीं रात में भी न्यूतम तापमान करीब 2 डिग्री तक कम हो गया है। वहीं आने वाले दो दिनों के भीतर पारा 2 डिग्री और ऊपर जाने की संभावना है। हालांकि अभी सुबह की धुंध से राहत नहीं मिली है। सरगुजा संभाग में भी रात के तापमान में बढ़ोतरी का दौर जारी है। बावजूद इसके अंबिकापुर सबसे ठंडा बना हुआ है। सोमवार को यहां न्यूनतम पारा 8.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं डोंगरगढ़ 31.5 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। बलरामपुर में 8.8, जशपुर में 9.1, और कोरिया में 9.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

आजकल में आईपीएस ट्रांसफर : एसपी-आईजी की ट्रांसफर लिस्ट रेडी

■ **एएसपी की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए उठापटक ज्यादा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पुलिस अधीक्षकों का बहुप्रतीक्षित ट्रांसफर की अटकलें फिर गर्म है इसके साथ ही कुछ आईपीएस अफसरों के प्रमोशन भी हो सकते हैं। आईजी और एसपी के लिए चर्चाओं का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में इस समय छह पुलिस रेंज हैं। इनमें से 4 से 5 आईजी पुलिस बदल जाएंगे। एसआईबी चीफ तो सत्ता बदलते ही बदल दिए जाते हैं। ऐसा हुआ भी और प्रतिनियुक्ति से लौटे वरिष्ठ आईपीएस अमित कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई है। अब तक़रीबन 33 में से आधे से ज्यादा जिलों के एसपी की ट्रांसफर लिस्ट बनकर तैयार है। एडिशनल एसपी स्तर के अफसरों की सूची भी जारी की जाएगी। सूत्रों की मानें तो एसपी से ज्यादा मशक्कत एएसपी लेवल के अधिकारीयों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में करनी पड़ी है। प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि 89 आईएएस अफसरों का तबादला सरकार ने करके सूची 3 जनवरी को लिस्ट भी जारी कर दिया। लेकिन आईपीएस अफसरों की ट्रांसफर लिस्ट अब तक जारी नहीं हुई है। लोकसभा चुनावों की तारीखें भी घोषित होने वाली हैं, ऐसे में जिन जिलों के एसपी के दो से ढाई साल के कार्यकाल हो चुके हैं उनका तबादला तो होना तय ही है।

डीआईजी और आईजी का प्रमोशन भी ड्यू

बता दें कि ट्रांसफर-पोस्टिंग के अलावा कुछ अफसरों के प्रमोशन भी ड्यू है। अधिकृत सूत्रों के मुताबिक डीपीसी की फाइल गृह मंत्री कार्यालय गई थी जो कि, अनुमोदित होकर मंत्रालय वापस पहुंच चुकी है। सब कुछ ठीक-थक रहा तो संभवतयः आज शाम तक डीपीसी हो सकती है। इसमें सलेक्शन ग्रेड के साथ ही डीआईजी और आईजी का प्रमोशन होना है।

अजातशत्रु, डॉ लाल उमेद शशिमोहन लौटेंगे

पिछली सरकार में लंबा समय बटालियन में गुजरने की वजह से कोरबा एसपी जितेंद्र शुक्ला यथावत रह सकते हैं। बटालियन वाले अजातशत्रु बहादुर सिंह, शशिमोहन सिंह, रजनेश सिंह को भी अच्छी पोस्टिंग मिलने की प्रबल संभावना है। जबकि लाल उमेंद सिंह भी राजधानी या फिर दुर्ग-भिलाई लाए जा सकते हैं।

बड़े बकायेदारों पर निगम सख्त

सालों से टालमटोल करने वाले अब मांग रहे मोहलत

■ **नगर निगम ने पांच संस्थाओं पर दी दबिश, नवभारत फ्यूज कंपनी ने 7 वर्षों का बकाया किया तुरंत जमा**

रायपुर/नवप्रदेश। मार्च से पहले रायपुर नगर निगम प्रशासन ने अब बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निगम की सख्ती देखकर जो लोग 7-8 सालों से सम्पत्तिकर का लाखों रुपए दबा कर रखे हुए थे, वे अब एक झटके में भुगतान करने के लिए मोहलत और मिन्नत कर रहे हैं। 24 घंटे में ही 14 लाख से ज्यादा का बकाया निगम के राजस्व अधिकारियों ने वूसल किया। जिसमें नवभारत फ्यूज कंपनी ने 7 वर्षों का बकाया 10 लाख 62 हजार रुपए कार्रवाई के दौरान तुरंत अदा किया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सख्त आदेश दिया है कि यदि बकाया सम्पति कर जमा कराने में आनाकानी की गई तो सीलबंदी और कुर्की की कार्रवाई सख्ती से की जाएगी।

आज की कार्रवाई का हाल बयान

- जोन 6 की टीम ने संजय नगर बकरा मार्केट क्षेत्र में चॉकलेट फैक्ट्री की 3 दुकानें सील की। इस पर वर्ष 2018 - 19 से 2023-24 तक का 1 लाख 19 हजार 464 रुपए बकाया है। टीम ने अभियान के दौरान 140664 रुपए राजस्व वसूली की।
- जोन 8 की टीम ने वर्ष 2015-16 से 2023-24 तक 17 लाख 04 हजार 750 रुपए नहीं देने वाली फर्म मेसर्स यूनिवर्सल इक्यूमेंट एण्ड केमिकल सर्विस प्रोपराइटर अनिता सबलानी के संस्थान में दबिश दी तो तत्काल 2 लाख 37 हजार 930 रुपए जमा कराया।
- जोन-9 ने फर्म क्लब हाउस प्रोपराइटर रवि प्रेम कंस्ट्रक्शन राकेश पाण्डेय पर बकाया 13 लाख 25411 होने पर सीलबंदी की कार्रवाई की।
- जोन 10 की टीम ने नवभारत फ्यूज कंपनी लिमिटेड से वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक का बकाया राजस्व वसूलने की कार्रवाई की। इसने तत्काल 10 लाख 62 हजार का भुगतान की। टीम ने 42 लाख 11 लाख 625 रु. की बकाया के विरुद्ध बड़े बकायेदारों ने तत्काल 14 लाख 40 हजार 594 रुपए जमा कराया।

साढ़े चार लाख वसूली

जोन-02 में नगर निगम बाजार विभाग की टीम ने फफाडीह चौक के गिरीश भाई जेठी, रुक्मणि शुक्ला के ऊपर जब सीलबंद की कार्रवाई की तो उन्होंने बाजार विभाग को चार लाख 61 हजार 709 रुपये का सभी बकाया अदा कर दिया। इसके साथ ही एक बकायादार द्वारा बकाया अदा नहीं किए जाने पर दुकान को सीलबंद कर दिया गया। रविवार को जोन-2 राजस्व विभाग की टीम ने 10 लाख 47 हजार 330 रुपये वसूली की।

हास्टल सील, पांच लाख से ज्यादा था बकाया

जोन-03 के राजस्व विभाग की टीम ने लालबहादुर शास्त्री वार्ड 34 के क्षेत्र में जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल राजस्व वसूली करने पहुंचे। इस दौरान भवन स्वामी राजकुमार नाजियानी द्वारा पांच लाख तीन हजार रुपये का बकाया नहीं दिए जाने पर उनका हास्टल पंचनामा कार्रवाई कर सील कर दिया गया।

जोन चार की तीन दुकानें की गईं सील

जोन चार के अंतर्गत वार्ड 46 की तीन दुकानों को सील कर दिया गया है। मोती बाग कांप्लेक्स में स्थित दुकान एक व दो पर 30-30 हजार रुपये और दुकान क्रमांक 52 पर 50 हजार रुपये का किराया बाकी है। नगर निगम राजस्व अधिकारी बलदाउ वर्मा ने सील बंद की यह कार्रवाई की।

मिन्नतों के बाद मात्र एक दिन की मोहलत मिली

जोन-07 शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड 38 में कार्रवाई करते हुए पांच वर्षों का बकाया मौके पर वसूला। निगम ने बकायादार कृष्णा देवी, धनवंती देवी के व्यवसायिक परिसर पर जब सीलबंद की कार्रवाई की तो उन्होंने तत्काल दो लाख 88 हजार रुपये का चेक प्रदान कर दिया। वार्ड 23 में दो बड़े बकायादार आरोग्य अमृततुल्य चाय और खान इमादुद्दीन के विरूद्ध सीलबंद की कार्रवाई जब की गई तो उन्होंने मोहलत मांगी। इस दौरान निगम ने दोनों को सोमवार तक का समय प्रदान किया था।

वित्त मंत्री चौधरी ने की आमजनों से मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज अपने शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में आम जनों से मुलाकात की और लोगों की समस्याएं सुनी। वित्त मंत्री से मिलने के लिए राज्य भर के विभिन्न संगठनों के अलावा ग्रामीण, छात्र तथा आमजन पहुंचे थे। वित्त मंत्री ने सभी को समय देते हुए उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना और उनके आवेदनों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात कहते हुए आवश्यक आवेदनों के तत्काल निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। ओपी चौधरी ने आम लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि वो आम लोगों की सेवा करने के लिए सदैव उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार आम लोगों की मदद के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और उनकी सेवा में हमेशा उपस्थित है।

राजभवन में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को आज राजभवन में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। राजभवन परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने नवगुरूकुल परिसर का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा आज सुबह फुण्डहर स्थित नवगुरूकुल हॉस्टल का निरीक्षण किया और निवासरत छात्राओं को दिये जा रहे नाश्ते का स्वाद चखा। कलेक्टर ने गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नवगुरुकुल परिसर की सिक्योरिटी सिस्टम, सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने करने के दिये निर्देश दिए। इसके साथ ही नवगुरुकुल परिसर में व्यवहारिक आवश्यकतानुसार सभी व्यवस्थायें आंकलन करके शीघ्र प्रदाय करने के निर्देश दिये गये।

लोकसभा चुनाव में जनता केंद्र की वायदा खिलाफी का लेगी हिसाब : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार से छुटकारा पाने मतदान करेगी। मोदी ने वायदा किया था अच्छे दिन आयेंगे मोदी के जाने के दिन आ गये लेकिन अच्छे दिन नहीं आये। विदेश से कालाधन लाने का वायदा किया। विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी सरकार की मिलीभगत से देश का धन लेकर हुये फरार हो गये, मोदी सरकार देखती रह गयी। विदेशों से कालाधन नही आया। हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आने का वादा कर वोट ले लिया 15 लाख की बात तो दूर एक पैसा नहीं आया। श्री बैज ने कहा कि भाजपा चुनाव के पहले जनता को ठगने के लिये चुनावी वायदे करती है तथा चुनाव जीतने के बाद उसको जुमला बता देती है। यह भाजपा का असली चरित्र है। 2014 में भी मोदी ने देश की जनता से 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा किया था। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की वादा किया था। हर नागरिक के खाते में 15 लाख आने का वादा किया था। किसानों की आय दुगुनी करने का भी वादा था लेकिन 10 साल सरकार बनाने के बाद भी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। अब छत्तीसगढ़ की जनता को ठगने के लिये नये जुमले फेंक कर मोदी की गारंटी बता दिया। लेकिन जनता भाजपा और मोदी दोनो के चरित्र को समझ चुकी है। राज्य में भाजपा बुरी तरह चुनाव हार रही है।

माता-पिता की उम्मीद पर खरा उतरना हर बच्चे का कर्तव्य : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में अन्तर्विद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, जिंदगी में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के जरिए हम अपने भविष्य का निर्माण करते हैं साथ-साथ अपने माता-पिता की उम्मीदों को भी पूरा करते हैं। अपने माता-पिता की उम्मीद पर खरा उतरना हर बच्चे का कर्तव्य होता है। हर मां बाप अपने बच्चे को ऊंची से ऊंची शिक्षा देना चाहता है। लेकिन केवल शिक्षा से ही सब कुछ नहीं होता। व्यक्ति के चौतरफा व्यक्तित्व विकास के लिए खेल कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होना भी काफी महत्वपूर्ण है।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डीके अग्रवाल, प्राचार्य, डॉ. वाईके राजपूत, डॉ केके अवस्थी, अनुराग अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अजय समेत तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने मंगलवार को सुबह बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में सात बार रामरक्षा स्त्रोत का पाठ किया और छह बार हनुमान चालीसा का। मंडल की आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि बूढ़ापारा केंद्र प्रति मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ करता आ रहा है। जल्दी ही महाराष्ट्र मंडल के अन्य केंद्र भी समीपस्थ हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं रामरक्षा स्त्रोत का पाठ नियमित रूप से करेंगे। आज के कार्यक्रम में हेमा पराड़कर, अपर्णा मोघे, अनघा करकशे,अर्चना मोघे, सौ वाकडे, सौ घाटघे सहित अनेक श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

5 दिनों में छग के 7 जिलों से होकर गुजरेगी राहुल की यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत होगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग तथा छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी की यात्रा के स्वागत को लेकर उत्साहित है। कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी की यात्रा के स्वागत की तैयारियां पूरी कर लिया है। 11 कमेटियां बनाई गई है तथा यात्रा जिन जिलों से गुजरेगी वहां के लिये वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा राज्य के 7 जिलों से होकर गुजरेगी तथा 536 किलोमीटर 5 दिनों तक राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में रहेंगे। भुखमरी, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, सांप्रदायिक विद्वेष के दौर में राहुल गांधी की न्याय पदयात्रा लोगों के जख्मों में मरहम साबित होगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत से ही भाजपा डर गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मणीपुर सरकार ने इम्फ ाल में यात्रा की शुरूआत के लिये पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गयी तो उसमें शर्तें भी लगा दी गयी थी। असम की भाजपा सरकार ने यात्रा में बाधा करने के लिये स्तरहीन हथकंडे अपनाया था। भाजपा की मोदी सरकार अपने खिलाफउठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। वह नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ लोग एकजुट हो इसीलिये राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिये षड़यंत्र रचा जा रहा है। मोदी सरकार कुछ भी कर ले लेकिन भारत के लोगों की आवाज न दबेगी, न रूकेगी। श्री शुक्ला ने कहा कि देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है। आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है।

महाराष्ट्र मंडल ने बापू और वीर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में मंगलवार को सुबह शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के लिए मर मिटने वाले वीर बलिदानियों का स्मरण करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में महाराष्ट्र मंडल के कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, स्टाफ मेंबर एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देश प्रा. अनिल कालेले ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को देश की वर्तमान परिस्थितियों के लिए प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि जब राजधानी रायपुर में छोटी-छोटी बातों पर बड़ी- बड़ी हिंसा होने लगी हैं। लोगों की सहनशक्ति लगातार क्षीण होते जा रही है। युवाओं में सुनने, चिंतन- मनन करने के बजाय आवेश में आकर कुछ भी कर गुजरने की उत्कंठा घातक तरीके से बढ़ रही है। ऐसे समय में राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी की अहिंसा, सहनशीलता, सहिष्णुता की सीख युवाओं के लिए प्रासंगिक है और अपरिहार्य भी। उन्होंने कहा कि गांधी के नाम पर राजनीति अब खत्म होनी चाहिए, बल्कि गांधी हमारे चरित्र नहीं उतारना चाहिए।

संपादकीय

भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं का शक्ति प्रदर्शन

चारा घोटाले में जेल की हवा खा चुके बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव अब रेल्वे में नौकरी देने के बदले जमीन हड़पने के बहुचर्चित मामले में ईडी की राडार पर आ गये है। केन्द्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव ने रेल्वे में भर्ती के नाम पर अपने गुर्गो के माध्यम से जमकर उगाही करायी थी यहां तक की जो लोग नगद राशि देने की स्थिति में नही थे उनकी जमीने भी अपने परिवार के सदस्यो के नाम करा ली थी इस घोटाले की पहले सीबीआई ने जांच की थी और अब लालू प्रसाद यादव के साथ ही उनकी धर्मपत्नि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के अलावा उनके बेटे तेजस्वी यादव और बेटी मीसा यादव सहित आधा दर्जन लोगो के खिलाफ ईडी ने कार्यवाही तेज कर दी है। लालू यादव से पटना में ही ईडी के आफिस में घंटो पूछताछ की गयी अपने खराब स्वास्थ का हवाला देने वाले लालू प्रसाद यादव ना नुकुर करने के बाद भारी फौज फटाके के साथ ईडी के दफ्तर पहुंचे इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकरता बड़ी संख्या में ईडी दफ्तर के सामने पहुंचकर नारेबाजी करने लगे लालू प्रसाद यादव के समर्थको ने इस तरह का शक्ति प्रर्दशन कर केन्द सरकार पर ही हमला बोला और यह आरोप लगाया की केन्द्र सरकार के इशारे पर ईडी ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ यह बदले की कार्यवाही की है लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा यादव ने तो सीधे सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ही निशाना साधा और आरोप लगाया कि लालू प्रसाद यादव की बढ़ती लोकप्रियता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डर गये है इसीलिए उनके परिवार को बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होने तो यह भी आशंका जाहिर की है कि ईडी लालू प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर सकती है इसी मामले में दूसरे दिन पूछताछ के लिए ईडी ने जब बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को तलब किया तो वे भी अपने साथ समर्थको की फौज लेकर ईडी दफ्तर पहुंचे। पूछताछ के दौरान उनके समर्थक ईडी दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी करते रहे और केन्द्र सरकार के खिलाफ जहर उगलते रहे। समझ में नही आता कि भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे ये नेता केन्द्रीय ऐजेंसियों की जांच में सहयोग करने की जगह पूछताछ से बचने की कोशिश क्यों करते है और पूछताछ के दौरान शक्ति प्रदर्शन कर क्या हासिल करना चाहते है इसके पूर्व भी केन्द्रीय ऐजेंसियों ने भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं से पूछताछ की थी तब उन नेताओं ने भी लावलश्कर के साथ रैली निकाली थी वे पूछताछ के लिए ऐसे जाते है मानो दुश्मन देश के साथ लड़ाई करने जा रहे हो उनके समर्थक नारे लगाकर उनकी हौसला अफजायी करते है। नेशनल हेराल्ड केस में जब सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की गयी थी तब भी ऐसा ही नाजारा देखने को मिला था। नई दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले में भी जब नई दिल्ली के तात्कालीन उपमुख्यमंत्री जो आबकारी मंत्री भी थे उस मनीष सिसोदिया को जब ईडी पूछताछ के लिए बुलाया था तब भी आम आदमी पार्टी के हजारो सर्मथकों ने ईडी दफ्तर के सामने इसी तरह का हंगामा किया था। हालांकि उनके हंगामें का केन्द्रीय ऐजेंसियों की कार्यवाही पर कोई असर नही पड़ा। मनीष सिसोदिया को जेल जाना ही पड़ा और आज साल भर से वे जेल की हवा खा रहे है। इसके बावजूद भ्रष्टाचार के आरोपी अन्य नेता जांच के दौरान अपने समर्थको की भीड़ जुटाकर केन्द्रीय ऐजेंसियो पर अनुचित दबाव डालने की नाकाम कोशिश करते है। बंगाल में तो सत्तारूढ़ टीएमसी के एक नेता के खिलाफ जांच करने पहुंची ईडी की टीम पर टीएमसी के गुंडो ने हमला ही कर दियाा था ऐसे भ्रष्ट नेताओ के खिलाफ केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों को और ज्यादा कडी कार्यवाही करनी चाहिए।

देश का सियासी नक्शा बदलेगा नीतीश का फैसला

आशीष वशिष्ठ

बिहार में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हुआ है। मुख्यमंत्री नहीं बदले हैं, गठबंधन सरकार बदली है। नीतीश कुमार का राष्ट्रीय जनता दल से एक बार फिर मोहभंग हुआ है और पुराने सहयोगी एनडीए गठबंधन से टूटा प्यार, एक बार फिर जुड़ चुका है। कभी एनडीए, कभी महागठबंधन, तो कभी इंडिया... बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कब सियासी फायदे की खातिर पलटी मार लेंगे, इसका अंदाजा लगा पाना भी बिल्कुल वैसा ही है, जैसे रेत के मैदान में एक सुई को ढूंढना। करीब 2 साल तक पीएम नरेंद्र मोदी को कोसने वाले नीतीश को, मोदी के सहारे ही 24 की चुनावी नैया पार होती दिख रही है।

नीतीश कुमार ने नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की षपथ ली है। वास्तव में बीजेपी और आरजेडी दोनों की मजबूरी नीतीश कुमार हैं, उनके बिना सरकार बनाने का ख्वाब कोई नहीं देख सकता। उन्होंने न तो बीजेपी को इस हाल में छोड़ा है, न तो आरजेडी को कि बिना नीतीश के सरकार बना लें। बिहार की राजनीति के पन्ने पलटे तो नीतीश कुमार ने बेमेल गठबंधन पहली बार 2014 में किया। वह जंगलराज सरकार के धुर विरोधी थे, उन्होंने आरजेडी से गठबंधन कर लिया। यह गठबंधन बहुमत से चुनाव जीत गया। साल 2017 में नीतीश का मोह गठबंधन से भंग हो गया। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ उन्हें पसंद नहीं आया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उन्होंने बीजेपी से नाता जोड़ लिया।

साल 2019 का लोकसभा चुनाव, 2020 का विधानसभा चुनाव जेडीयू और बीजेपी ने साथ मिलकर लड़ा। जंगलराज सरकार का डर दिखाकर भी कुल 43 सीटें ही नीतीश बाबू हासिल कर सके। 2022 में बीजेपी फिर नीतीश कुमार को तानाशाह वाली पार्टी नजर आने लगी। नीतीश कुमार ने लालू परिवार के साथ मिलकर सरकार बनाई. तेजस्वी फिर डिप्टी बने। तेजस्वी ने वादा किया कि वे सरकारी नौकरियों की भरमार लगा देंगे। उन्होंने काम भी शुरू किया और क्रेडिट भी लेने लगे। नीतीश को यह रास नहीं आया और खटास बढ़ती गई। लंबे वक्त तक भाजपा के साथ गठबंधन में रहने वाले नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को पानी पी-पीकर कोसा था, इसके बाद लालू की पार्टी के साथ मिलकर वो बिहार में सरकार बनाते हैं, मुख्यमंत्री बनते हैं और देखते ही देखते एक बार फिर लालू से पीछा छुड़ाकर भाजपा को गले लगा लेते हैं। 2019 का आम चुनाव एनडीए में रहते हुए लड़ते हैं। फिर 2020 का विधानसभा चुनाव भी साथ में लड़ते हैं, जिसमें उनकी पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, बावजूद इसके वो फिर से सीएम बनते हैं। मगर न जाने क्यों, नीतीश कुमार ने पलटी मार ली और फिर से लालू के साथ चले गए। अब एक फिर सीएम नीतीश ने साल 2017 वाला पलटीमार कांड दोहराया और उसी अंदाज मे लालू का साथ छोड़ भाजपा के साथ चले गए। बिहार की 40 सीटों पर हुए पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का बोलबाला रहा है। 2014 के चुनावी नतीजों में भाजपा ने अकेले 22 सीटें हासिल की थी, जबकि एनडीए गठबंधन ने 31 सीटें जीती थीं। हालांकि अगर 2019 के चुनावी नतीजों का जिक्र किया जाए तो 2014 की तुलना में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा था, मगर एनडीए गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। इस बार भाजपा के पास खुला मैदान था, जो नीतीश-लालू-कांग्रेस के साथ आमने सामने की लड़ाई लड़ती। मगर भाजपा को ये बात अच्छे से समझ आ रहा था कि अगर ऐसा होता है तो सबसे बड़ा नुकसान बिहार में झेलना पड़ सकता है। यहां जातीय समीकरण का बोलबाला है और लालू-नीतीश की जोड़ी को मात दे पाना शायद भाजपा के लिए मामूली बात नहीं होगी। इसीलिए बिहार में भाजपा इस कोशिश में लगी थी नीतीश कुमार को अपने साथ लाया जाए।

हां, ये बात जरूर है कि नीतीश के इस कदम से भाजपा को बड़ा फायदा होगा, जिसका उदाहरण 2019 का चुनाव है। नीतीश और मोदी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे, जिससे लालू की पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगेगा और शून्य की चिंता सताएगी। आरजेडी नहीं चाहेगी कि उसे पिछली बार की तरह हार झेलनी पड़े। नीतीश के पलटी मारने से इंडिया गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। भाजपा को इस बात का एहसास था कि अगर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद बिहार में एकसाथ चुनाव लड़ते हैं, तो साल 2015 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर 2024 के चुनाव में दिख सकता है। आपको याद दिला दें कि 2015 के नतीजों में आरजेडी को 80 सीटें, जदयू को 69 और भाजपा को सिर्फ 59 सीटें मिली थीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 22, लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 और राष्ट्रीय लोक समता दल ने तीन सीटें जीती थी। ये तीनों दल एनडीए का हिस्सा थे। यूपीए में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने क्रमशः 4 और 2 सीटें जीती थी। जनता दल यूनाइटेड ने दो सीटें जीती थी। 2019 के आम चुनाव में एनडीए के बैनर तले बीजेपी, जेडीयू और लोक जनषक्ति पार्टी ने चुनाव लड़ा। और क्रमषः 17, 16 और 06 सीटों पर विजय हासिल की।

कैसा दल, कहां का बदल

योगेश मिश्र

सितंबर 2021 में तो नागालैंड में गजब ही हो गया था। राज्य विधानसभा में प्रमुख विपक्ष नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) ने नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने की घोषणा कर दी। नतीजतन राज्य में विपक्ष ही नहीं बचा। दल-बदल विरोधी कानून तब लागू नहीं होता जब किसी राजनीतिक दल को छोड़ने वाले विधायकों की संख्या सदन में पार्टी की कुल संख्या का दो-तिहाई हो। ये विधायक किसी अन्य पार्टी में विलय कर सकते हैं या सदन में एक अलग समूह बन सकते हैं। मिसाल के तौर पर मेघालय में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक, तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2019 में राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी के सभी छह विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उसी साल, तेलुगु देशम के छह राज्यसभा सांसदों में से चार भाजपा में शामिल हो गए। ये सब दलबदल कानून की जद से बाहर थे।

बिहार में विपक्ष बदला। सत्ता नही।सत्ता जस की तस रही। महाराष्ट्र में किस तरह उद्धव ठाकरे ताकते रह गए और एकनाथ शिंदे ने खेल कर दिया। महीनों तक दलबदल मामले का फैसला तक न हो सका और जब हुआ भी तो ऐसा कि समझने वाले समझ न सके।बहरहाल, राजनीतिक निष्ठा पर कपड़े की दुकान का वही स्लोगन ठीक बैठता है : फ़ैशन के ज़माने में गारंटी की उम्मीद न करें। इसे बिहार के लोग अच्छी तरह से जान चुके हैं। बाकी लोग भी समझ रहे हैं। आप को भी समझ लेना चाहिए।

आज यहां नौकरी तो कल वहाँ। परसों कहीं और। नए जमाने में तेजी से आगे बढ़ने वाले नौकरीपेशा लोगों का यही शगल रहा है। कोई कहीं से रिटायर नहीं होना चाहता। सबको जल्दी पैसा, जल्दी तरक्की की दरकार है। पहले सरकारी नौकरी रिटायरमेंट की नौकरी होती थी। लेकिन अब वहां भी ऐसा नहीं रहा। कम्पनी से मोहब्बत - वफ़ादारी पुराने ज़माने की बातें हो गई हैं।

यही हाल पॉलिटिक्स का भी हो चला है। आज इस दल तो कल उस दल। बस कैसे न कैसे आगे बढ़ना है, पैर जमाना है, हैसियत बढ़ानी है। बड़ी कुर्सी हथियानी है। निष्ठाएं अब मायने नहीं रखतीं। जबकि हमारे संविधान में कम से कम राजनीतिक निष्ठा को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए एक प्रावधान तक किया गया है। लेकिन कोई माने तब न।

भारत का संविधान किसी भी गणतांत्रिक देश का सबसे लंबा लिखित संविधान है। संविधान में समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कई बार संशोधन भी किए गए। संविधान में एक महत्वपूर्ण संशोधन दलबदल विरोधी कानून का भी है।मगर दलबदल का यह खेल कभी रुक नहीं सका। विधानसभा चुनाव हों या लोकसभा चुनाव या फिर बिहार की तरह यूं ही कभी भी प्रतिबद्धताएं, सिद्धांत, वफ़ाएँ, कसमें वगैरह कभी भी पलटी मार सकती हैं। हर चीज की तरह पलटी का भी एक कारण होता है वह कारण है सत्ता सुख। भला किसी की अंतरात्मा यूं ही थोड़े न जग जाती है, उसको कुर्सी या कुर्सी की करीबियत का सुख जगा देता है।

इसी सुख के कीड़े को मारने के लिए हमने एक कानून भी बना रखा है। राजीव गांधी की सरकार ने 1985 में 52वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिये से दलबदल विरोधी कानून पारित किया था। इसे संविधान की दसवीं अनुसूची में जोड़ा गया। इस कानून का मुख्य मकसद देश में दलबदल के खेल को समाप्त करना था। आया राम, गया राम को खत्म करना था। हालांकि तमाम कानूनों की तरह यह कानून भी सिर्फ कानून ही है।क्योंकि इसके बनने के बाद भी दलबदल का खेल पहले की तरह ही बदस्तूर जारी है।इसने देश, काल व परिस्थियाँ के मुताबिक़ अपना स्वरूप नया गढ़ लिया। स्वरूप बदल लिया। ,,,

वैसे आपको बता दें कि इस कानून के तहत किसी भी निर्वाचित सदस्य को स्वेच्छा से किसी राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

यदि कोई निर्दलीय निर्वाचित सदस्य किसी राजनीतिक दल की सदस्यता लेता है, तो उसे भी अयोग्य घोषित किया जा सकता है। यदि कोई निर्वाचित सदस्य सदन में पार्टी के रुख के विपरीत वोट करता है तो वह भी अयोग्य माना जाएगा। किसी सदस्य के वोटिंग से खुद को अलग रखने पर भी उसकी सदस्यता जा सकती है। इस कानून में सदन के अध्यक्ष को सदस्यों को अयोग्य करार देने की शक्ति दी गई है।

2003 के 91वें संविधान संशोधन के मुताबिक दलबदल विरोधी कानून में एक राजनीतिक दल को किसी अन्य राजनीतिक दल में विलय करने की अनुमति दी गई है मगर इसके साथ यह शर्त होगी कि उसके कम से कम दो तिहाई सदस्य विलय के पक्ष में हों।

वैसे दलबदल विरोधी कानून बनने के बाद भी नेताओं के दल बदलने के खेल पर कभी रोक नहीं लग सकी। एक चर्चित शेर है कि मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की। देश में दल बदलने की बीमारी पर ये पंक्तियां बिल्कुल सटीक बैठती हैं। देश में चुनाव के मौके को दल बदलने का सबसे उम्दा सीजन माना जाता है क्योंकि इस समय सदन के सदस्य का कार्यकाल पूरा हो चुका होता है। किसी भी चुनाव के दौरान इस दलबदल के खेल का नंगा नाच देखा जा सकता है। दलबदल की यह घटना अब भारतीय राजनीति में किसी को नहीं चौंकाती। अगर बहुत पुरानी घटनाओं को छोड़ भी दिया जाए तो 2020 में मध्य प्रदेश, गोवा और कर्नाटक आदि राज्यों में दलबदल के खेल के सहारे सरकारें तक बदल गईं। मध्यप्रदेश में तो दलबदल विरोधी कानून के तहत दल बदलने वाले सभी सदस्यों की विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई। दल बदलने वाले विधायकों को पार्टियों की ओर से फिर चुनाव मैदान में उतारा गया। उनमें से एक कई जीत कर फिर नई सरकार में मंत्री बन गए। जो जीतने में कामयाब नहीं हो सके या जिन्हें चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया, उन्हें दूसरे तरीकों से सरकार की ओर से उपकृत कर दिया गया। 1957 से 67 के बीच के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो इस दौरान 98 सदस्यों ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया। जबकि 419 सदस्यों ने दूसरी पार्टियों से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। 1967 में तो गजब खेल हुआ था।निर्वाचित लगभग 35 सौ सदस्यों में से करीब 550 ने पार्टी बदलकर दूसरी पार्टी का दामन थामा था। हरियाणा में तो 1967 में एक रोचक घटना हुई थी जिसमें विधायक गया राम ने 15 दिनों के भीतर तीन बार दल बदलने का रिकॉर्ड कायम किया था। उसी के बाद भारतीय सियासत में आया राम,गया राम की कहावत प्रचलित हुई। हरियाणा में ही एक चर्चित नेता भजनलाल ने तो गजब का खेल खेला था। उन्होंने पार्टी के सभी सदस्यों के साथ पाला बदलकर मुख्यमंत्री बने रहने में कामयाबी हासिल की थी। सितंबर 2021 में तो नागालैंड में गजब ही हो गया था। राज्य विधानसभा में प्रमुख विपक्ष नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) ने नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने की घोषणा कर दी। नतीजतन राज्य में विपक्ष ही नहीं बचा। दल-बदल विरोधी कानून तब लागू नहीं होता जब किसी राजनीतिक दल को छोड़ने वाले विधायकों की संख्या सदन में पार्टी की कुल संख्या का दो-तिहाई हो। ये विधायक किसी अन्य पार्टी में विलय कर सकते हैं या सदन में एक अलग समूह बन सकते हैं। मिसाल के तौर पर मेघालय में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक, तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2019 में राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी के सभी छह विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उसी साल, तेलुगु देशम के छह राज्यसभा सांसदों में से चार भाजपा में शामिल हो गए। ये सब दलबदल कानून की जद से बाहर थे।

बिहार में विपक्ष बदला। सत्ता नही।सत्ता जस की तस रही। महाराष्ट्र में किस तरह उद्धव ठाकरे ताकते रह गए और एकनाथ शिंदे ने खेल कर दिया। महीनों तक दलबदल मामले का फैसला तक न हो सका और जब हुआ भी तो ऐसा कि समझने वाले समझ न सके। बहरहाल, राजनीतिक निष्ठा पर कपड़े की दुकान का वही स्लोगन ठीक बैठता है : फ़ैशन के ज़माने में गारंटी की उम्मीद न करें। इसे बिहार के लोग अच्छी तरह से जान चुके हैं। बाकी लोग भी समझ रहे हैं। आप को भी समझ लेना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1958 पहले अमेरिकी उपग्रह एक्सप्लोरर I को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया। 1961 नासा का मर्करी-रेडस्टोन 2, हैम द चिंप बाहरी अंतरिक्ष में लॉन्च होने वाला पहला होमिनिड बन गया। 1963 मोर को भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया। 1971 वियतनाम के दिग्गजों ने युद्ध के खिलाफविंटर सोल्जर इनवेस्टिगेशन खोला, वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिकी बलों और उनके सहयोगियों द्वारा युद्ध अपराधों और अन्य अत्याचारों को प्रचारित करने के लिए तीन दिन का मीडिया कार्यक्रम। 1971 पूर्व और पश्चिमी बर्लिन के बीच 19 साल के अंतराल के बाद फिर से टेलीफोन सेवा स्थापित की गयी। 1972 बीरेन्द्र बीर बिक्रम शाह नेपाल के 12वें राजा बने। 1983 यूनाइटेड किंगडम में सीटबेल्ट ड्राइवरों और फ्रंट सीट के यात्रियों के लिए उपयोग अनिवार्य किया गया। 1987 ओहरबैक्स का डिपार्टमेंटल स्टोर 64 साल के ऑपरेशन के बाद न्यूयॉर्क शहर में बंद हुआ। 1990 रूस की राजधानी मास्को में विश्व का सबसे बड़ा मेकडोनाल्ड स्टोर शुरू हुआ। 1991 सबसे कम एनबीए खिलाड़ी नगेट के माइकल एडम्स को ट्रिपल डबल मिला।

QUIZ TIME

1) वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस पर, केंद्र सरकार कितने लोगों को जीवन रक्षा पदकों से सम्मानित करेगी?

2) एशियाई विकास बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?

3) समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफइंडिया लि. (पीटीआई) ने अपनी सेवाएं कब आरम्भ की थी?

4) पर्यावरण का जैविक कारक क्या है?

5) किस रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के पूर्व महानिदेशक का हाल ही में अमेरिका में निधन हो गया वह रॉयल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के पहले भारतीय फेलो थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 31 (2) विकास शील (3) 1 फरवरी 1949 (4) वनस्पति (5) डॉ. वी एस अरुणाचलम

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:17, सूर्यास्त : 06:03, चन्द्रोदय : 21:58, चन्द्रास्त : 09:42, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : हस्त, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : बालव (08:54 तक), द्वितीय करण : कौलव (22:16 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:09 से 12:52, अमृत काल : 13:57 से 15:46, विजय मुहूर्त : 14:17 से 15:00, गोधूलि मुहूर्त : 17:49 से 18:16, सायाह्न सन्ध्या : 17:51 से 19:11, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:56, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:50 से 11:10, होमाहुति : मंगल (22:06 से गुरु), दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : उत्तर (22:06 तक), अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : कैलाश पर (08:54 से नन्दी पर)

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, आज जन्मे शिशुओ का नाम हस्त नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (पू, ष,ण, ठ) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिये साधारण रहेगा दिन का पहला भाग किसी ना किसी कारण अशान्त बनेगा कार्य क्षेत्र पर भी आरम्भ में व्यवधान आने से परेशान रहेंगे लेकिन दोपहर के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी।

वृषः आज के दिन परिस्थितियां कुछ राहत वाली रहेंगी लेकिन आपका अकड़ू स्वभाव शांत हुए विवाद को फिर ताजा करेगा लेकिन स्थिति गंभीर होने से पहले संभल भी जाएंगे।

मिथुनः आज का दिन कलहकारी रहेगा दिन के आरम्भ में ही किसी छोटी सी गलती के कारण घरवालो से भिड़ंत होगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिये उन्नति कारक रहेगा। आज आप थोड़े में संतोष नही करेंगे अधिक से अधिक लाभ कमाने के चक्कर मे सेहत की भी अनदेखी करेंगे।

सिंहः आज का दिन सुख शांति से व्यतीत होगा मन मे धन संबंधित उलझने लगी रहेंगी इनका समाधान आज मुश्किल ही हो पायेगा।

कन्याः आज का दिन लाभदायक रहेगा। स्वभाव से चंचल रहेंगे लेकिन अन्य लोगो के ऊपर इसका अनुकूल प्रभाव पड़ेगा लोग आपके सानिध्य में हल्कापन अनुभव करेंगे।

तुलाः आज का दिन हानिकारक है किसी भी प्रकार के आर्थिक अथवा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य यथा संभव टालने का प्रयास करें धन का लेनदेन भूल कर भी ना करें।

वृश्चिकः आज का दिन आपको आकस्मिक धन लाभ करा कर आश्चर्यचकित करेगा।

धनुः आपको आज का दिन पूर्व में किये शुभ कार्यो का फल देगा। पैतृक मामलो को लेकर परेशानी हो सकती है।

मकरः आज के दिन आप मानसिक रूप से शान्त रहेंगे। दिन का आरंभ शुभ कार्यो में व्यतीत होगा आध्यात्मिक पक्ष बलवान रहेगा धर्म कर्म का किसी ना किसी रूप में फल अवश्य मिलेगा।

कुंभः आज का दिन सेहत के लिए प्रतिकूल रहने वाला है लापरवाही से बचें अन्यथा परिणाम गंभीर हो सकते है।

मीनः आपके लिये आज का दिन सफलता दायक है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -319

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 318 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			ट्टू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

■ न्यूज गैलरी

दो ट्रकों पर कारवाई, 54 वाहनों की जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदूषण से बचाव और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देशानुसार गठित दल द्वारा वाहनों की जांच लगातार जारी है। टीम द्वारा बीती रात दो ट्रकों पर प्रदूषण के आरोप में कार्रवाई की गई। दल द्वारा बीते शाम तक पेण्ड्रीडीह बाईपास से बेलतरा के बीच बिना तारपोलिन ढके एवं ग्रीन नेट ढके वाहनों की जांच कर कार्रवाई की गई। इस दौरान लगभग 54 ट्रकों की जांच की गई, जिसमें से 2 ट्रकों द्वारा बिना तारपोलिन अथवा ग्रीन नेट के साथ परिवहन किया जा रहा था। एक ट्रक में मेसर्स एस.ई.सी.एल., दीपका, कोरबा से 38 टन कोयला तथा दूसरे ट्रक में मेसर्स सिंघल इंटरप्राईजेस, रायगढ़ से 37 टन स्लैग चूर्ण था। दोनों ट्रकों को हिर्री थाने में जब्ती बनाकर आगे की कार्रवाई हेतु खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया है। दल में अनिल साहू, खनिज अधिकारी, राहुल गुलाटी खनिज निरीक्षक, राजेन्द्र प्रसाद वासुदेव वैज्ञानिक, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, दुष्यंत कोसले, तहसीलदार, विजय दीक्षित, अभिलाष सिंह, अनीश बघेल, मनोहर लाल, परिवहन विभाग तथा हिर्री थाने से उमेश अधिकारी शामिल हैं।

ग्रामीण अंचलों में प्रतिभा की कमी नही प्रोत्साहन देकर बढ़ाएं हौसला-लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। मल्टीपरपस हॉयर सेकेण्डरी स्कूल खम्हरिया में रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे 23 जनवरी को मानस गायन प्रतियोगिता 24 जनवरी को उपलब्धि प्राप्त प्रतिभावान एवं पूर्व छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह 27 जनवरी को वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। पुरुस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य आतिथ्य के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने शिरकत की। मां शारदे की आराधना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का सिलसिला शुरू हुआ। वार्षिकोत्सव में बच्चो ने रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देकर उनका हौसला बढाना जरुरी है। ग्रामीण अंचलों में भी एक से बढ़कर एक प्रतिभा छिपी हुई है। आवश्यक सिर्फ उन्हें एक मंच देकर उनकी कला को तराशकर उभारने की। सभी ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शिक्षित होने जागरूक करे। शिक्षा से ही देश व प्रदेश का सर्वांगीण विकास संभव है। शिक्षक छात्रों की भविष्य के कर्णधार है शिक्षा समाज को नई दिशा प्रदान करती है विशिष्ट अतिथि के रूप में सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय बुटन पाटनवार प्रमिलदास मानिकपुरी प्रमोद जायसवाल ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता महेंद्र कश्यप घनश्याम नेताम शेषनारायण साहू नंद कुमार साहू सुरेश सोनझरी उमेश कश्यप मोती किशोर जायसवाल प्राचार्य बलराम यादव सचिव केएलसाहू सहित स्कूल के संचालक अहमद मोमिन रामखिलावन साहू सहित अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालक अहमद मोमिन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्कूली वार्षिक खेलकूद स्पर्धा के तीन प्रतियोगिता में प्रथम आए छात्रा सरला ठाकुर को हीरो रेंजर सायकल, प्रशस्ति पत्र नगद पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया व अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

क्रिकेट खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम मटियारी में पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच सूर्यवंशी इलेवन मटियारी व सुपर किंग्स मटियारी के मध्य खेला गया। अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच , भाजपा जिला महामंत्री अवधेश अग्रवाल राष्ट्रपति पदक से सम्मानित आईपीएस राजेश कुमार अग्रवाल मटियारी सरपंच राजेन्द्र सूर्यवंशी उपस्थित रहे। सुपर किंग्स के द्वारा पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में सूर्यवंशी इलेवन को फाइनल मैच जीतने के लिए 42 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य को सूर्यवंशी इलेवन ने 8 ओवरों में 3 विकेट खोकर जीत हासिल करते हुए स्वर्गीय बद्री प्रसाद अग्रवाल स्मृति की खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच के मैच किशन मैन आफ द सीरीज नीतीश बघेल को ट्राफी दिया गया। लेजेंड क्रिकेटर का खिताब विजय सिसोदिया और सुनील टाइगर को प्रदान किया गया। विजेता टीम को स्व रामस्वरूप पाण्डेय की स्मृति में नगद राशि प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए व द्वितीय 5001 रुपए स्व श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल स्मृति द्वारा स्व अग्रवाल जी के ज्येष्ठ सुपुत्र अवधेश अग्रवाल पूर्व सरपंच , भाजपा जिला महामंत्री द्वारा प्रदान किया गया। वरिष्ठ नागरिक सचिन अग्रवाल , गोविंद अग्रहरि द्वारा प्रतियोगिता में सहयोग हेतु क्रमशः 1001 रुपये का प्रदान किया गया।

रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने वाली पहली आस्था स्पेशल ट्रेन रद्द

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के रामभक्तों में मायूसी, अब 4 फरवरी को होगी रवाना

रायपुर/नवप्रदेश। रामलला के अलौकिक दर्शन के लिए अयोध्या जाने वाली पहली आस्था स्पेशल ट्रेन रद्द कर दी गई है। इस ट्रेन के अचानक कैंसिल होने से छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के रामभक्तों में मायूसी है। पहली ट्रेन 31 जनवरी को गोंदिया से रवाना होने वाली थी, अब 4 फरवरी को होगी रवाना। आस्था स्पेशल ट्रेन के लिए 1344 यात्रियों ने टिकट बुक भी करा लिया था।

बिलासपुर जोन से चलने वाली पहली आस्था स्पेशल ट्रेन को कैंसिल कर दिया है। 6 आस्था स्पेशल ट्रेनें अयोध्या के लिए चलाने का फैसला किया गया था। अब दावा किया जा रहा है कि यह गाड़ी चार फरवरी को दुर्ग से रवाना होगी। लेकिन उनके लिए रेलवे ने अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की है। इसके अलावा न ही टिकट वापसी की घोषणा की है। विदित हो कि आस्था स्पेशल ट्रेन राज्य सरकार चलाने की घोषणा की है। हालांकि इस ट्रेन का टिकट और कैटरिंग की जिम्मेदारी आईआरसीटीसी को दी गई है। आस्था स्पेशल ट्रेन गोंदिया से 10:05 बजे छूटकर 11:01 बजे डोंगरगढ़, 11:25 बजे राजनांदगांव, 12:10 बजे दुर्ग, 13:00 बजे रायपुर और भाटापारा स्टेशन में रुकते हुए 15:25 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी। इसका स्टापेज या बोर्डिंग पॉइंट पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी और प्रयागराज जैसे प्रमुख स्टेशनों में दिया गया था।

आलमारी से सोने चांदी के जेवर-नगदी पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चित्रसेन सिंह निवासी राज किशोर नगर सरकण्डा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके घर में पूजा कार्यक्रम चल रहा था, सुबह दो महिलाएं आकर घर में साफ सफाई का काम करने के लिए काम मांगे और घर में साफ सफाई करने के दौरान बेडरूम में रखे आलमारी को खोलकर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम 2500 रू. को चोरी कर लिए की सूचना पर थाना सरकण्डा में तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया गया, तथा इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर संतोष कुमार सिंह (भापुसे) को दी गई, जिस पर तत्काल आरोपियों की धरपकड़ करने के निर्देश प्राप्त हुये, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी (सरकंडा) पूजा कुमार के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकडा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकण्डा से एक टीम तैयार कर घटना स्थल तथा आरोपियों के भागने के रास्ते एवं सरहदी क्षेत्र की ओर रवाना किया गया टीम द्वारा पतासाजी के दौरान जयराम नगर रेल्वे स्टेशन के पास दबिश दिये स्टेशन के पास कुछ महिलायें पुलिस टीम को देखकर भागने लगे जिसे टीम के द्वारा महिला स्टाफ के मदद से घेराबंदी कर 4 महिलाओं को पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर पुलिस को गुमराह करते रहे, जिन्हें चेक करने पर सभी चारो महिलाओ के पास से चोरी गये सोने एवं चांदी के आभूषण जिसमें गले का हार 5 नग, कान के झुमके 5 नग, 2 अंगूठी, पायल 1 नग, सहित कुल किमती लगभग 9 लाख रूपये को जप्त किया गया।

महापौर ने देवरी खुर्द में सीसी रोड और बोर खनन की दी स्वीकृति

बिलासपुर/नवप्रदेश। देवरी खुर्द वार्ड 42 में उत्कल समाज द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, बिलासपुर महापौर रामशरण यादव के मुख्य अतिथि में वार्ड पार्षद लक्ष्मी यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद लक्ष्मी यादव ने महापौर रामशरण यादव से सोनू पान सेंटर के पास चौक के सीसी रोड के निर्माण और वार्ड क्रमांक 42 देवरीखुर्द में पयाप्त पानी की सुविधा नहीं होने के कारण दो जगह पर बोर खनन करने की मांग रखी साथ ही क्षेत्र के विकास हेतु सोनू पान सेंटर चौक में कैमरा की मांग रखी.तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर रामशरण यादव ने अति शीघ्र सोनू पान सेंटर के पास रोड निर्माण एवं दो जगह पर बोर खनन की तत्काल घोषणा किया और अति शीघ्र सड़क निर्माण एवं बोर खनन को अपने महापौर निधि से तत्काल देने की बात कही। कार्यक्रम में सभी अतिथियों व पार्षद लक्ष्मी यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज विकास में हरसंभव सहयोग करने व अध्यक्ष रवि छूरा, उपाध्यक्ष अमित तांडी, कोषाध्यक्ष खेमराज छूरा, सहसचिव रोहित महानद, महिला अध्यक्ष सुमित्रा देवी शर्मा, उत्कल समाज के वरिष्ठ विभीषण , सूरज साहू , दसमुख बुधराम पाइक , सेंद्री नाग, गुड्डू सोना , कोडबोलो छूरा , पुनम सोनी, खुशबू बाघ, जानकी छूरा, समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

बिलासपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने किया जादूगर अजूबा का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपने हैरतअंगेज और हास्य भरे करतबो से न्यायधानी के लोगो को आनंदित कर रहे सुपर स्टार जादूगर सम्राट अजूबा का मंगलवार को प्रेस क्लब बिलासपुर द्वारा क्लब के सदस्यों के लिए आयोजित एक विशेष शो के दौरान भव्य सम्मान किया गया.

जादूगर अजूबा के जनसंदेश भरे रोचक रोमांचक शो के दौरान आज बिलासपुर प्रेस क्लब के प्रेसिडेंट इरशाद अली, सचिव दिलीप यादव, कोषाध्यक्ष प्रतीक वासनिक, राजेश दुआ और अन्य सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो व पुष्पगुच्छ देकर जादूगर सम्राट अजूबा को सम्मानित किया। वहीं जादूगर अजूबा ने भी मीडिया के द्वारा मिले मान सम्मान और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए क्लब के अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ से स्वागत सम्मान किया। अपने संबोधन मे क्लब अध्यक्ष इरशाद अली ने जादूगर अजूबा की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप शहर के कला प्रेमियों को एक माह से स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने के साथ जनसंदेश देकर अनेक विकृतियों से बचने के लिए भी प्रेरित करते आए है, क्लब के सदस्यों के लिए विशेष शो प्रदर्शित करने केलिए हम आभार व्यक्त करते हैं। जादूगर सम्राट अजूबा ने आज मंगलवार को अनेक रोचक रोमांचक जादुई करतब दिखा कर पत्रकारों और उनके परिजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हॉल पल पल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजता रहा. अपने शो के दौरान जादूगर अजूबा ने बताया कि यहां 11फरवरी तक ही शो होगा इसके बाद कोरबा में शो की तैयारी चल रही है।

चोरी की बाइक कबाड़ में बेचने की फिराक में घूम रहा आरोपी पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। संतोष कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही लगातार मोटर सायकल चोरियों पर अंकुश लगाने एवं अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे चोरी के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर राजेन्द्र एवं सी.एस.पी. पूजा कुमार के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकण्डा तथा ए.सी.सी.यू के साथ संयुक्त टीम तैयार कर पतासाजी किया जा रहा था कि 29 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति मोटर सायकल के कबाड़ को बेचने के फिराक में घूम रहा है, उक्त सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा तत्काल तस्दीक करते हुये संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम छोटू उर्फ राजराव इंगोले निवासी फजलबाड़ा सिटी कोतवाली का रहने वाला बताया, जिससे पूछताछ करने पर चांटीडीह सोनी धर्मशाला गली से एक स्प्लेण्डर प्रो मोटर सायकल चोरी करना एवं उसके चेचिस एवं पार्ट्स को अलग-अलग कर कबाड़ में बेचने हेतु रखना तथा जिले के अलग-अलग स्थानों से 4 अन्य मोटर सायकल चोरी करना बताया, जो कबाड़ किये बाइक थाना सरकण्डा के अप. क. 144/2024 धारा 379 भादवि का मशरूका होना पाया गया, जिससे आरोपी के निशानदेही पर उक्त प्रकरण के मोटर सायकल सहित 05 नग मोटर सायकल जुमला किमती 2 लाख रूपये को बरामद किया गया।

कोरबा लोकसभा सीट के लिए जामवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने पी एम मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सभी ग्यारह सीटों पर विजय हासिल हो सके, इस हेतु संगठनात्मक स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मिले दायित्व का निर्वहन करना होगा। लोकसभा स्तर पर सम्मेलन कराया जाए, विधानसभा में समस्त पदाधिकारी प्रवास करें एवं संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करें, बूथ कमेटियो में समन्वय हो, पत्रा कमेटी वास्तविक रूप में कार्य करें, शक्ति केदो की समीक्षा की जाए, आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीट जीतकर केंद्र में सरकार बनाना हमारा लक्ष्य उक्त बातें क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कोरबा जिले में लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में कही। प्रदेश पदाधिकारी भाजपा,जिला अध्यक्ष, महामंत्री भाजपा, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, संभाग प्रभारी सहप्रभारी जिला प्रभारी सह प्रभारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चो के जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, लोकसभा के प्रभारी संयोजक, सहसंयोजक, विधानसभा के प्रभारी संयोजक की बैठक कोरबा लोकसभा क्रमांक 4 में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने ली। प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से लोकसभा स्तरीय कार्यालय एवं विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालयों को सक्रिय बनाने निर्देश दिया। बूथ स्तर पर एएक बार फिर से मोदी सरकारए का दिवार लेखन की जानकारी देते हुए क्लस्टर स्तर की बैठक एवं विविध मोर्चा सम्मेलन करवाने पर चर्चा की। क्लस्टर प्रभारी बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने विशेषकर कोरबा लोकसभा में शामिल समस्त विधानसभा क्षेत्र से रणनीति बनाकर भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एवं जन-जन तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की पहुंच उपलब्ध कराने हेतु अपील की।लोकसभा चुनाव के चलते तीन तरह के प्रवास की योजना बनाई गई है। इसमें पहला क्लस्टर प्रवास, दूसरा लोकसभा और तीसरा विधानसभा प्रवास शामिल है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए तीन तरह की प्रबंधन समितियां बनाने का भी निर्णय लिया गया है। अगले कुछ दिनों में इस समितियों के संयोजकों के नाम भी घोषित हो जाएंगे।लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए भाजपा ने रणनीति बनाना शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव के चलते तीन तरह के प्रवास की योजना बनाई गई है। इसमें पहला क्लस्टर प्रवास, दूसरा लोकसभा और तीसरा विधानसभा प्रवास शामिल है।

निरीक्षण अमृत भारत स्टेशन योजना बाराद्वार और बेलपहाड़ स्टेशन के विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन का डीआरएम ने किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के विंडो ट्रेलिंग कर निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होने बाराद्वार, सक्ती , खरसिया, हिमगीर व बेलपहाड़ स्टेशनों का भी निरीक्षण किए मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय, शाखाधिकारियों के साथ निरीक्षण यान से पटरियों, सिग्नल, इंटरलाकिंग, प्वाईंट्स आदि की संरक्षा का बारीकी से निरीक्षण कर जायजा लिये ।

बाराद्वार स्टेशन में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जा रहे स्टेशन पुनर्विकास के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया । इसके साथ ही स्टेशन मैप का अध्ययन कर ट्रेनों के गतिशील परिचालन व अधोसंरचना विकास के संभावनाओं पर अधिकारियों से चर्चा किये । तत्पश्चात उन्होने अधिकारियों को सभी कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने का आवश्यक दिशानिर्देश दिये ? इसके बाद सक्ती स्टेशन यार्ड व नई लाईन का निरीक्षण किये।

खरसिया स्टेशन में मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म में उपलब्ध यात्री सुविधाओं, फुटओवर ब्रिज, बुकिंग कार्यालय, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, ऊ लॉबी, रनिंग रूम आदि का निरीक्षण किया गया रनिंग रूम में कर्मचारियों की बेहतर आवास, खानपान व स्वच्छता सुनिश्चितता हेतु वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिए। साथ ही वर्हा के रसोई, भोजन कक्ष व संयुक्त लॉबी का भी निरीक्षण किए एवं कर्मचारियों से चर्चा भी की सर्कुलेटिंग क्षेत्र में आवश्यक सुधार के साथ बेहतर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए

इसके बाद रायगढ़ स्टेशन के दूसरे छोर का भी उन्होंने निरीक्षण किये। हिमगीर स्टेशन में उन्होने स्टेशन का निरीक्षण किए तथा अधिकारियों के साथ संभावित अधोसंरचना विकास कार्यों से संबंधित चर्चा की। बेलपहाड़ स्टेशन में उन्होंने स्टेशन के दोनों छोर जाकर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे पुनर्विकास के कार्यों का अवलोकन व भी निरीक्षण किये निर्माण कार्यों के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार का परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने की बात उन्होंने कही।

जिला कांग्रेस ने किया महात्मा गांधी याद, दी श्रद्धांजलि



बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की शहादत दिवस मनाई गई ,गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य ,अहिंसा और सविनय अवज्ञा के अमोघ अस्त्र से आज़ादी दिलाई , स्वतन्त्रता की लड़ाई 1857 से लड़ी जा रही थी किन्तु एक जुटता ,और जन सहयोग के अभाव में आंदोलन कमजोर पड़ रहा था ,गांधी जी ने आंदोलन को नई दिशा दी ,और समाज के सभी वर्गों को एकता की सूत्र में बांधकर व्यवस्थित आंदोलन को लक्ष्य तक पहुंचाया, गांधी जी ने असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा और 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन से अंग्रेजो को देश छोड़ने में विवश किया और 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ ,किन्तु आज़ादी के विरोधी और अंग्रेज परस्त लोगों ने आज़ादी को स्वीकार नही कर पाए ,विरोध में तिरंगा झंडे को पैरों से कुचला गया ,जलाया गया इससे भी उनका मन नही भरा और 30 जनवरी 1948 को एक खूंखार आतंकवादी द्वारा महात्मा गांधी जी की हत्या कर दी गई ,गांधी जी ने हे राम कहते हुए देश के लिए शहीद हो गए। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक जफ़र अली, विनोद शर्मा, हरीश तिवारी, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओतालवार, अभय नारायण राय, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, शिवा मिश्रा, राकेश शर्मा, अनिल चौहान ,ऋषि पांडेय, विनोद साहू, अरविंद शुक्लस, मोती ठाकवानी, शिल्पी तिवारी, स्वर्णा शुक्ला, शंकर परिहार, शैलेन्द्र जायसवाल, अखिलेश बाजपेयी, बद्री जायसवाल, राजेश जायसवाल, जगदीश कौशिक, चन्द्र शेखर मिश्रा, वीरेंद्र सारथी, सुभाष ठाकुर, रामदुलारे रजक, ,प्रियंका यादव, सुदेश नन्दिनी, अफ़रोज़ बेगम, गणेश रजक, सन्तोष अग्रवाल, दिनेश सूर्यवंशी, गौरव एरी,उमेश वर्मा,करम गोरख, अनिल शुक्ला आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

शहीद दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

कांकेर/नवप्रदेश। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर अभिजीत सिंह, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एसडीएम मनीष साहू, संयुक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

दो भाईयों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर चारामा के दो सगे भाइयों से ठगी करने वाला आरोपी को राजनांदगांव गिरफ्तार किया गया है। चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार

दिव्यांग पटेल पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर मोहसिन खान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कांकेर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चारामा जितेन्द्र गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार थाना चारामा के अपराध कमांक 23/2024 धारा 420 भादंवि के प्रकरण में आरोपी (01) धीरज घोड़ेसवार पिता चन्द्रशेखर घोड़ेसवार उम्र 45 वर्ष निवासी ममता नगर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के खिलाफ अपराध पंजीबध्द किया गया था। जिसमें प्रार्थी चंदन सिन्हा निवासी आंवरी थाना चारामा जिला कांकेर द्वारा बताया गया था कि स्वास्थ्य विभाग में वार्ड व्याय पद हेतु 70,000/- (सत्तर हजार) रुपये दिया था। जिस पर अपराध कायम किया गया।थाना चारामा में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता के द्वारा टीम बना कर विवेचना प्रारंभ किया गया। मुख्य आरोपी धीरज घोड़ेसवार को कब्जे में लेकर पूछताछ किया गया, तो आरोपी ने बताया कि लालच में आकर मै कार्य कर रहा था।

380 पौवा गोवा ब्रांड शराब जप्त

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर नकेल कसने एवं नशे की अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर



अभियान चलाकर कार्यवाही करने की दिशा निर्देश पिछले दिनों की समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा द्वारा दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उपलेश कुमार अनुविभाग्य अधिकारी पुलिस (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। दौरान मुहिम थाना लखनपुर पुलिस टीम को 28 जनवरी की रात दौरान गस्त मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मुटकी की ओर से दो संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग मोटरसाइकिल में भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस गश्त टीम द्वारा तत्काल ग्राम बगदरी चौक नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया ,जो आरोपियों द्वारा अपने मोटरसाइकिल को नहीं रोका गया पुलिस टीम होने का आभास होने पर उक्त दोनों मोटरसाइकिल चालक अपने वाहनों को घटनास्थल पर छोड़कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

इंटक मजदूर यूनियन ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

बचेली/नवप्रदेश। देश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक), शाखा



बचेली में शहीद दिवस मनाया गया। आयोजन की शुरुआत यूनियन के अध्यक्ष देवाशीष पॉल व यूनियन के वरिष्ठ सदस्य वाय. राममोहन द्वारा इंटक यूनियन प्रांगण में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात यूनियन सदस्यों द्वारा देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा भी रखा गया । इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष देवाशीष पॉल द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जीवन में प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में यूनियन के वर्किंग प्रेसिडेंट रंजीत परीक्षा एवं संगठन सचिव एल. रमेश के अलावा सर्व दयाराम नाग, राकेश कुमार, आर.गोपीनाथ, पीतांबर देवहारी, शक्ति सिंह, सुयश देवांगन, राजेश पहाड़े सहित बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

पीएम जनमन योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

कांकेर/नवप्रदेश। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आज वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में पीएम जनमन योजना के तहत केन्द्र शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उक्त वीसी में कलेक्टर अभिजीत सिंह जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत राज्य के विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) समूह के परिवारों के आधार कार्ड, जन धन खाता, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री उज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एसडीएम कांकेर मनीष साहू एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एल.आर. कुर्रे उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पीएम जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के कमार जनजाति के कुल 72 परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नरहरपुर विकासखण्ड के 18 परिवारों को पक्का आवास स्वीकृत किए गए हैं। कुल 72 परिवारों में 22 शासकीय नौकरी में, 24 पूर्व से लाभान्वित हैं और 18 को शासकीय नौकरी स्वीकृत की जा चुकी है। सभी 13 गांव सड़क मार्ग से जुड़ चुके हैं। केवल ग्राम मावलीपारा (कमारपारा) में 800 मीटर आंतरिक सड़क की आवश्यकता है,

जिसे मनरेगा के तहत स्वीकृत की जाएगी। सभी 13 गांव में पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। केवल 18 परिवारों में नल जल की सुविधा हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य प्रक्रियाधीन है। पीवीटीजी बसाहट वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 02 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित की जा रही है, जिनके माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 263 लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है, शेष 20 व्यक्तियों का आधार पंजीयन किया जा चुका है और आधार नंबर प्राप्त होते ही उनका भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। विभागीय छात्रावास नरहरपुर, सरोना, दुधावा और मुसुरपुट्टा में 50-50 सीटर छात्रावास एवं आश्रम संचालित है, जिसमें कमार जनजाति के 11 छात्र एवं 06 छात्राएं सहित कुल 17 बच्चे अध्ययनरत हैं।

सभी पीवीटीजी बसाहटों में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। सभी 13 ग्राम विद्युतीकृत है। उक्त सभी 13 ग्राम वन धन केन्द्र नरहरपुर एवं सरोना के समीप हैं। सभी ग्रामों में इंटरनेट तथा मोबाइल कनेक्टिविटी सेवाएं उपलब्ध है। आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास प्राधिकरण एवं आजीविका महाविद्यालय द्वारा 20 हितग्राहियों को बांस शिल्पकला प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है और आगामी माह में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह 248 पीवीटीजी सदस्यों के आधार कार्ड बन चुके हैं और वर्तमान में 35 सदस्यों का पंजीयन किया गया है, जिसमें 29 सदस्यों के आधार नंबर प्राप्त हो चुके हैं। जिन लोगों का मतदाता परिचय पत्र नहीं है, उनका पंजीयन हो चुका है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 49 परिवारों को नया गैस कनेक्शन प्रदाय किया जा चुका है, शेष परिवारों के आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति हेतु केन्द्र में भेजी जा चुकी है। साथ ही सभी पीवीटीजी परिवारों को शत-प्रतिशत राशन कार्ड वितरित की जा चुकी है।

पंडरीपानी में विधायक गोमती साय का स्वागत

पत्थलगांव/नवप्रदेश। विधायक महोदया के आगमन पर पूरे जोश और उत्साह के साथ धूम धाम से ग्रामवासियों और भाजपा के कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत गाजे बाजे के साथ सभा स्थल पर पहुंचे जहां विधायक महोदया जी ने राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी,भारत माता और सरस्वती माता की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई।जिसके बाद कार्यकर्ताओ और पंचायत के सदस्यों व वाहा उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा स्वागत पुष्पहार व पुष्पगुच्छ देकर किया गया जिसके बाद यहां के बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसके बाद विधायक महोदया ने जनसभा में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित ग्रामवासियों और वाहा उपस्थित प्यारे प्यारे बच्चो को संबोधित किया । विधायक महोदया ने पंडरीपानी के परिवार जनों से कहा चुनाव प्रचार के लिए नही आ पाई लेकिन चुनाव जीत के बाद आप सब को धन्यवाद देना आई हूं आप सब ने मुझे पत्थलगांव के विधायक के रूप में सेवा का अवसर दिया जो विकास कार्य पिछले कई सालों से होना चाहिए था वो नही हुआ जो अब होगा जो भी वादे हमने चुनाव प्रचार मे किए सब पूरे होंगे ।आप सब के स्नेह और सम्मान के लिए सहृदय आभार।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनीष अग्रवाल (जिला मंत्री),रोशन प्रताप सिंह (मण्डल अध्यक्ष),गीता पैंकरा(सरपंच), फिलिम साय (उपसरपंच), विशाल अग्रवाल,राम डनसेना,रवि गुप्ता,तेजराम सिदार, लक्ष्मी प्रसाद पैंकरा,रामदेव पैंकरा,रामप्रसाद चौहान,आलम साय चौहान,गुरु साय पैंकरा, अज्योध्या पैंकरा, लक्ष्मी नारायण साहू,भोजराम साहू ,राजकुमार सिदार,सहित अन्य कर्मठशील कार्यकर्ता ग्रामवासी और प्यारे प्यारे बच्चे माताएं बहनों की उपस्थिति ने सफल बनाया।।

बच्चे और पालकों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम को देखा और सुना

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा 2024 के सातवें संस्करण में स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बच्चों से सीधा संवाद कर उन्हें परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने तनावमुक्त एवं उत्साह के साथ दिलाने के टिप्स दिए।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सभी न्यूज चौनलों के साथ डीडी न्यूज, डीडी नेशनल, डीडी इंडिया, एफएम रेडियो, फेसबुक लाईव, यूट्यूब चौनल और स्वत्नश1.द्विठु पोर्टल की वेबसाईट के माध्यम से लाईव देखा गया। बीजापुर के विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावकों ने इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कलेक्टर जिला बीजापुर के निर्देषन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बघेल के मार्गदर्शन में जिले के उच्च प्राथमिक, हाई स्कूलों एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा 2024 का भारत मण्डपम प्रगति मैदान से माननीय प्रधानमंत्री जी के संवाद का टी व्ही., प्रोजेक्टर, मोबाईल एवं रेडियो के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस वर्ष जिले में कुल 15628 बच्चे, 5556 पालक एवं 1600 शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर जिले के कलेक्टर श्री अनुराग

पाण्डे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.आर. बघेल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल नैमेड़ में संस्था के बच्चों के साथ में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस वर्ष पहली बार सर्वाधिक बच्चे एवं पालकों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी को देखा एवं सुना। दिखे। विजेन्द्र राठौर डीएमसी जिला बीजापुर ने बीजापुर के ऑडीटोरियम में लोगों के लिये प्रधानमंत्री जी के संवाद का सीधा प्रसारण को देखा एवं प्रोत्साहित किया। जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारीयों ने सार्वजनिक स्थलों में लोगों के लिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कण्डिक नारायण ने स्थानीय निवासियों को सीधा प्रसारण देखने के लिये बस स्टैंड भोपालपटनम एवं सांस्कृतिक भवन भोपालपटनम में टी.व्ही और प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई। लोग काफी उत्साहित दिखे। कलेक्टर के निर्देशन में समस्त विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारीयों ने इस कार्यक्रम को देखा एवं सुना। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में श्रीनिवास एट्ला एपीसी जिला बीजापुर ने पूरी जिम्मेदारी के साथ अधिक से अधिक लोगों तक माननीय प्रधानमंत्री जी के संदेशको पहुचाने के लिये संस्था प्रमुखों एवं अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कुआकोंडा में विधायक चैतराम अटामी ने छात्रों के साथ सुना

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा के कन्या हाई स्कूल में विधायक चैतराम अटामी समेत भाजपा पदाधिकारियों ने विश्व के लोकप्रिय व देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को छात्र छात्राओं व शिक्षकों के साथ सुना।

विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दैनिक जीवन के विषय पर विभिन्न वर्गो से जुड़े जनता को सम्बोधित करते है तो प्रेरणा मिलती है । इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, महामंत्री द्वय संतोष गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप, उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान,मण्डल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम,अभिशेख एवं समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित हुए ।

स्कूली छात्रा से छेड़छाड़,शिक्षक निलंबित

■ **मीडिया के हस्तक्षेप के बाद हुई कार्रवाई**

कांकेर/चारामा। चारामा क्षेत्र मे नाबालिक छात्राओ के साथ शारीरिक छेड़ छाड़ की घटना सुनने में आ रही है। पिछले दिनों भी एक स्कूली छात्रा का विडियो वायरल हुआ था जो कि मीडिया द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर समाचार प्रकाशित किया था जिस पर संबंधित कुछ अधिकारियों ने कार्रवाई की थी 15 दिन बाद क्षेत्र के संस्कारित ग्राम जो चारामा से कुछ ही दूर पर स्थित है तथा दर्शनीय गांव के नाम से एक अलग पहचान है इस गांव में स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल की एक छात्रा को इस स्कूल के एक शिक्षक जो की विज्ञान सहायक है अपने प्रयोगशाला में परीक्षा में अच्छे नंबर दिलाने की बात कहते हुए छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत की जिसके कारण छात्रा स्कूल जाने से डरने लगी वह घर वालों के द्वारा बार-बार पूछने पर उसने पूरी बात अपने परिजनों को बताया जिसकी शिकायत स्कूल के प्राचार्य से की गई तब ग्राम के कुछ प्रमुख लोगों की समझाइए इस पर मामला को छिपाने का प्रयास किया गया जब उक्त घटना की जानकारी मीडिया तक पहुंची और उसकी प्रतिक्रिया जानने शाला के प्राचार्य से संपर्क करने का प्रयास किया गया तब भी टालमटोल किया जाता रहा। इस विषय पर जिम्मेदार अधिकारियों से पूछे जाने के पश्चात ही प्रशासन सक्रिय हुआ तब उक्त शिक्षक को निलंबित करने की बात सामने आ रही है जबकि इस घटना की सूचना पुलिस को भी नहीं दी गई जिसके द्वारा गुड टच एवं बेड टच तथा चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन की जानकारी के लिए काउंसलिंग की जाती है। छात्रा के परिजनों के मुताबिक घटना को दबाने के उद्देश्य से उनके घर पर साला स्टाफ द्वारा दबाव बनाने की बात भी सामने आ रही है छात्रा भयभीत है सामने उसका भविष्य है परीक्षा भी सर पर है ऐसी स्थिति में उसको हौसले की जरूरत है प्रश्न यह उठता है कि आखिर छात्राएं किस तरह से अपने आप को सुरक्षित महसूस करें अगर ऐसी हरकत करने वालों को संरक्षण दिया जाता है तो उनके हौसले बढ़ाने लगेंगे तथा इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगा पाना मुश्किल हो जाएगा इस घटना को छुपाने का प्रयास करने वाले भी उतने ही दोषी हैं जितना की घटना को अंजाम देने वाला शिक्षक देखना यह है कि प्रशासन आगे और क्या कार्रवाई कर पाती है।

राष्ट्रपिता को कन्या शाला के बच्चों ने दी मौन श्रद्धांजलि

कांकेर/नवप्रदेश। शहीद राम कुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित बच्चों ने स्टाफ के साथ आज 30 जनवरी को 11:00 बजे पुण्यतिथि/शहादत दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमनअर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

महात्मा गांधी के 76वी पुण्यतिथि पर उनके आदर्श और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं बच्चों में महात्मा गांधी के आदर्शो को पहुंचने के लिए शहादत दिवस मना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है । महान वैज्ञानिक आइंस्टीन ने बापू को लेकर कहा था कि भविष्य की पीढियों को इस बात पर यकीन करने में मुश्किल होगी कि हाड़ मांस से बना ऐसा इंसान कभी धरती पर आया था।यही कारण है महात्मा गांधी के आदर्श और विचार से देशदुनिया भर के लोग प्रेरणा लेते हैं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह हेतु 19 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने जानकारी दिया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत 120 जोड़ों का विवाह कराया जाना प्रस्तावित है। कन्या विवाह हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रति जोड़ा 15 हजार रूपये का उपहार सामग्री, 6 हजार रूपये का श्रृंगार सामग्री तथा 21 हजार रूपये. की राशि चेक के माध्यम से वधु के नाम पर दिया जायेगा। विवाह करने के लिए इच्छुक वर वधु अपना आवेदन 19 फरवरी तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय नारायणपुर, छोटेडोंगर, बेनूर, ओरछा में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कार्यालय, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग नारायणपुर से सम्पर्क कर सकते है।



व्यापारियों की बैठक में स्वच्छता लेकर हुई चर्चा

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सरगुजा जिले के जिला महामंत्री सौरभ अग्रवाल ने व्यापारी संघ के साथ मिलकर ब्लाक उदयपुर में स्वछता को लेकर बैठक आयोजित किया गया । इस दौरान देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित महती स्वच्छ भारत मिशन जंप क्षेत्र उदयपुर के ग्राम पंचायतों में पिछले कुछ सालों से बिल्कुल ना के बराबर चल रहा हैं। सिग्रेगेशन प्लांट रेस्ट हाउस के पीछे में मशीन तो आ गया लेकिन पंचायत द्वारा स्वच्छता को लेकर बिलकुल लापरवाही बरती जा रही हैं। विकासखंड मुख्यालय के नेशनल हाईवे एव सरकारी क्वार्टर , दफ्तरों के ईर्द-गिर्द कचड़े का अंबार नजर आ रहा है । डोर-टू-डोर स्वच्छता अभियान शुरू करने ई-

रिक्शा एव कचड़ा वाहन की मांग बैठक में हाजिर व्यापारियों द्वारा रखी गई । कचरा उठाने 4 रिक्शा हैं पर पंचायत एव समूह के आपसी तालमेल नहीं बैठ पाने कारण कोई सार्थक कदम नहीं उठाया जा सका हैं । पंचायत सचिव का कहना था फंड नहीं होने से पंचायत स्वच्छता अभियान को गति नहीं मिल पा रही है। यदि ब्लॉक मुख्यालय के पंचायत में पंचायत 2 से 3 लेबर नहीं रख पा रही है तो बहुत बड़ी समस्या है। समूह के सामने भी फंड की समस्या आ रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी कविता रजवाड़े एवम सब इंजीनियर दया मडलास्की भी बैठक में शामिल हुये उनके द्वारा जल्द उदयपुर में अनाउंसमेंट एवम डाटा कलेक्ट कर सुविधा चालू किया जाएगा। सौरभ अग्रवाल ने व्यापारियों से आग्रह किया की अधिकारी कर्मचारी के साथ मिलकर जनपद पंचायत उदयपुर के हर घर तक प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को पहुंचाया जाये । समूह तथा पंचायत को एकजुट व्यवस्थित करते हुए स्वच्छता को चालू किया जाए । व्यापारियों द्वारा अन्य दूसरे मांगों को लेकर भी चर्चा किया गया। जिसमे मनीष ट्रैक्टर के सामने बेढंगे अजीब तरीके से बनाया गया डिवाइडर जिसमे लगातार दुर्घटनाएं हो रहे हैं उसपर कम से कम दोनो तरफ सड़क पर संकेत के लिए रेडियम लगाया जाये ताकि सतर्कता बढ़ सके । इसपर सौरभ अग्रवाल ने जल्द पहल करने की बात कही । इन सभी अव्यवस्थाओं और मांगो को माननीय विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल के सम्मुख रखने सहमति बनी। कार्यक्रम में सौरभ अग्रवाल, व्यापारी संघ अध्यक्ष गुरुचरण सोनी, दिलीप गुप्ता, विजय अग्रवाल, निरंजन कुमार, दीपक सिंघल, सब इंजीनियर दया मडलास्की , दीपक कुमार सिंह, कमलेश अग्रवाल ,सुरेश अग्रवाल बाबूराम अग्रवाल, आशीष बंसल, रविन्द्र सिंह, सावनअग्रवाल, आकाश जायसवाल, सचिन अग्रहरी, शीला दास, मनीष अग्रवाल, अभय वर्मा, अन्य व्यापारी जन उपस्थित रहे ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

थोड़ा सा दबाव पड़ता...

इस देश में किसकी कितनी आबादी है। लोगों की गिनती हो जाए। यह पता चले कि देश में किस वर्ग के कितने लोग हैं। देश में कितने गरीब और कितने अमीर हैं। यही सामाजिक न्याय का पहला कदम है।

संक्षिप्त निविदा सूचना

(छ.ग. भंडार क्रय नियम 4.4.2)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/01 — दिनांक 30.01/2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद छ.ग. द्वारा जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित गरियाबंद के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में विभागीय कार्यों मे उपयोग हेतु Hollow Tube Section, POLYMER PRECOATED GALVALUME PROFILE SHEET (PPGL), DOOR AND WINDOW ALUMINIUM WORK सामग्री क्रय बाबत सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 500.00 रू. का डिमांड ड्राफ्ट या नगद शुल्क जो प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के पक्ष में देय हो जमा कर दिनांक 2.2.2024 से कार्यालयीन दिवस से निविदा दिनांक को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा शर्त एवं प्रपत्र www.cgforest.com &www.cgmfpfed.org से भी डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक समय निम्नानुसार हैः-

निविदा स्थल:-जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित कार्यालय गरियाबंद

क्र	विवरण	प्रथम निविदा	द्वितीय निविदा	तीसरा निविदा
1	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	11.03.2024, दोपहर 3:00 बजे	04.04.2024, अपराह्न 3:00 बजे	18.04.2024,3:00 अपराह्न
2.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	11.03.2024, शाम 4:00 बजे	04.04.2024, सायं 4:00 बजे	18.04.2024,3:00 अपराह्न

जी - 39489/1

प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम शर्मा भागवत कथा और नवधा रामायण में हुए शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज ग्राम कल्याणपुर और छोटे पीपरटोला में आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा क्षेत्र की जनता के साथ बैठकर श्रीमद भागवत कथा श्रवण किया। उन्होंने श्रीमद भागवत पुराण पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश तथा क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम खजरी में आयोजित नवधा रामायण प्रतियोगिता में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में बहुत पहले से ही नवधा रामायण के आयोजन की परंपरा रही है। नवधा रामायण के माध्यम से रामयण मंडली भगवान श्री राम की जीवन-गाथा को गाकर लोगों को जीवन की सीख देते है और यही परंपरा आज भी चली आ रही है। इस अवसर पर इस अवसर पर कैलाश, ईश्वरी साहू, मनीराम साहू, संतोष मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कोचिये से 16 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। 27 जनवरी को थाना दाढी में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी नेतराम चंद्राकर पिता ईश्वर चंद्राकर उम्र 65 साल साकिन बिपतरा थाना पिपरिया जिला कबीरधाम के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की गई है। कोचिये से 16 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1280 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

गुरुकुल के खिलाड़ियों ने गोवा में लहराया परचम

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय 7 1 साइड फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में राट्रीय स्तरीय ओपन 7। साइड फुटबॉल स्पर्धा 19 से 21 जनवरी तक गोवा में आयोजित की गई थी। इस स्पर्धा में कबीरधाम जिले के गुरूकुल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किये जिनमें बालक वर्ग 17 वर्ष आयु में प्रतीक नेताम, जितेन्द्र मेरावी, समीर कौशिक, आनंद दीप उर्राव, अभिनव गुप्ता, उज्जवल साहू, पीयूष चंद्रवंशी, अमन राज, अक्षय तम्बोली ने उत्कृष्टता हासिल करने का भागीरथ प्रयास किए। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किए। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने में शाला के क्रीड़ाध्यापक सुमीत यादव का प्रशंसनीय प्रयास रहा। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के समस्त पदाधिकारीगण व शाला के प्रभारी प्राचार्य श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों व क्रीड़ाध्यापकों को हार्दिक बधाइयाँ व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

14 साल की पहाड़ी कोरवा लड़की की फांसी पर लटकती मिली लाश

लखनपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष आरक्षित पहाड़ी कोरवा जनजाति की एक नाबालिग लड़की ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक लखनपुर थाना क्षेत्र के कुंजी चौकी के अन्तर्गत लब्जी के आश्रित ग्राम सेलरा में 25 जनवरी को कु. कलिस्टा कोरवा आत्मजा प्रेम कोरवा उम्र 14 साल ग्राम लालमाटी थाना कोतवाली अम्बिकापुर अपने मां के साथ बड़ी बहन की ससुराल ग्राम सेलरा छेरता त्योहार मनाने गई थी, जहां से वह लापता हो गई थी। 30 जनवरी को गांव के समीप एक झाला (कुटिया) में उसकी लाश फांसी पर लटकी हुई मिली। मकतुला की मां ममता कोरवा ने पुलिस चौकी कुंजी में नाबालिग लड़की के फांसी लगाकर जान दे देने की सूचना दी। चौकी पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए नाबालिग लड़की के शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। अभी घटना का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।पुलिस सूत्रों का कहना है कि नाबालिग लड़की की दिमागी हालत ठीक नहीं थी।

छात्रों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है स्कूल: योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। नालेज प्रोग्रेशिव स्कूल गुधेली में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में वार्षिक उत्सव हुआ। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने धार्मिक व देश भक्ति के गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी होती है। यहां विद्यार्थी न केवल शिक्षित होता है, बल्कि संस्कारवान भी बनते हैं। वार्षिक उत्सव खेह सम्मेलन न केवल स्कूल की वार्षिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का मंच है, बल्कि प्रतिभाशाली बच्चों के हुनर को निखारने का भी मंच है। विद्यार्थियों के लिए वार्षिक उत्सव का आयोजन गौरव का क्षण होता है। साल भर की गतिविधियों, शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति सहित अन्य क्षेत्रों में अच्छा करने का उत्सव है।

एक लक्ष्य बनाकर पढ़ने से मिलती है सफलता: दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानद शासकीय शिक्षालाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेमेतरा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सम्मिलित हुए। विधायक श्री साहू ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

परीक्षा के दौरान ध्यान लक्ष्य पर होना चाहिए : मोदी

■ डीएवी जांता में परीक्षा पे चर्चा का हुआ लाइव प्रसारण

बेमेतरा/नवप्रदेश। दयानंद एग्लो वैदिक विद्यालय (डीएवी) जांता में आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मां-बाप अपने बच्चों को कोसते रहते हैं कि सिर्फ खेलते रहता है, दूसरे से कंपेयर भी करते हैं। जो मां-बाप सफल नहीं हुए वो परिजन अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विज़िटिंग कार्ड समझ लेते हैं। उन्होंने कहा दोस्ती कोई लेन-देन का खेल है क्या? मैंने ऐसे दोस्त देखा है, जो फेल हो गया, लेकिन दोस्त के टॉप करने का मीठा बांटता है। मैंने ऐसे भी दोस्त देखा है जो अपने ज्यादा अंक लाने का उत्सव नहीं मनाते, क्योंकि उसके दोस्त का कम अंक आया है। कांकेर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख कैफ़ुर रहमान ने पीएम मोदी से सवाल पूछा कि परीक्षा के दौरान तनाव के कारण प्रश्न को ध्यान से नहीं पढ़ पाते इसलिए कई गलतियां हो जाती हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि घूम फिर के फिर तनाव आ गया। गलतियां अति उत्साह के कारण भी होती है, चाहे मां-बाप से हो या बच्चों से। ठीक परीक्षा के समय पर बच्चों का पहुंचना भी तनाव का कारण है, परीक्षा के कम से कम 15 मिनट पहले पहुंचे, मस्ती में रहिए और खुद में खो जाओ। उन्होंने कहा कि अर्जुन के पक्षी के आंख वाली कथा सुनते जानते हैं, लेकिन जीवन में नहीं उतारते। परीक्षा के दौरान ध्यान लक्ष्य में होना चाहिए, लिखने की आदत नहीं होने, कम होने का कारण जानते हुए भी नहीं लिख सकते। लगातार लिखने के प्रयास से आपको अपने लिखने का स्पीड का अंदाजा होगा कि कितने समय में कितना लिख सकते हैं तो सवाल कैसे छूटेगा, प्रैक्टिस ही समाधान हैं।

संस्था के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने कहा हमारे बच्चे तनाव मुक्त हुए निश्चित ही बहुत ही लाभप्रद कार्यक्रम हैं। हम आभार व्यक्त कर रहे देश हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी का। आज के कार्यक्रम में शिक्षक ललित देवांगन, राहुल पटेल, अखिलेश पटेल, ज्ञानेश्वर साहू, निशु गुप्ता, पुरुषोत्तम कुमार, अमित कुमार, गोविंद साहू, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, छोटू राम साहू, मनीषा सोनी, सविता साहू, रेणुका पटेल, आरती धीवर, सरिता साहू, सुमित्रा पटेल, दीपिका वर्मा, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर, गीता साहू, नरेश साहू सहित 300 छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लिए।

ओवरलोड हाईवा से वसूले 48 हजार रुपए

■ त्रिनेत्र हेल्पलाईन पर मिली सूचना पर बेरला पुलिस ने की कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पुलिस के द्वारा यातायात व्यवस्था सुगम व सुरक्षित बनाने हेतु त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर 9479255622 का विभोचन, सडक सुरक्षा माह 2024 के शुभारंभ के दौरान किया गया। इस नंबर पर जिलें के नागरिकों के द्वारा कभी भी यातायात से संबंधित समस्याओं को सीधे एक फोन में उच्च अधिकारियों को सूचना/शिकायत कर सकते हैं। बेमेतरा पुलिस की यातायात व्यवस्था सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर 9479255622 का विमोचन किया गया है जिसमें सडक पर दोपहिया वाहन में 3 से 4 सवारी, बाईकर्स स्टंट्स्स अमानक साईलेंसर, ओव्हर लोड सवारी वाहनों में, माल वाहनों में, सडक पर खतरनाक ढंग से पार्किंग, जिससे यातायात बाधित हो रहा हो आदि। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले का फोटो, वीडियो, लोकेशन स्थल का नाम उक्त व्हाट्सएप नंबर में भेजकर आप बेमेतरा पुलिस के सहभागी बनें।

एक व्यक्ति से त्रिनेत्र हेल्पलाईन नंबर पर सूचना/शिकायत प्राप्त हुआ कि थाना बेरला क्षेत्र में ओवरलोड हाईवा परिवहन कर रहा है। इस वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक विवेक पाटले को थाना स्टाफ के साथ ओवरलोड हाईवा वाहन के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। लिमाही चौक बेरला के पास थाना बेरला स्टाफ द्वारा ओवरलोड हाईवा वाहन को पकड़ा गया। हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमजे 3607 के वाहन चालक और वाहन स्वामी अनेश साहू एवं रमेश साहू के विरूद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। वाहन चालक एवं स्वामी के विरूद्ध कार्यवाही कर 48000 रूपये समन शुल्क लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी विवेक पाटले, आरक्ष बिरेन्द्र साहू एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

जीवन में अनुशासन सिखाता है खेल: आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला के ग्राम पंचायत परपोडा में आयोजित स्टार क्लब पो कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम लट्ठी बाबा के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि ग्राम परपोडा के भूईंया में स्टार क्लब के साथियों द्वारा आयोजित कबड्डी स्पर्धा एवं कबड्डी मैदान की भव्यता देखते ही बन रही है। ऐसा लग रहा है कि यहां राज्यस्तर की नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी का आयोजन हो रहा है। कबड्डी भारत के प्राचीन खेलों में से है। गांव से लेकर शहरों तक सर्वाधिक खेले जाने वाले खेलों में से एक हैं। निश्चित रूप से जीवन में खेलो का बहुत अधिक महत्व है, जीवन में खेल के प्रति लगाव होना चाहिए, किसी भी परंपरा को चालू करना और उस परंपरा का लगातार निर्वाहन करना दोनो में काफी अंतर हैं। परपोडा के हमारे युवा साथियों द्वारा बढ़िया मैहल में कबड्डी खेल का आयोजन किए हैं। प्रतियोगिता में विजयी होने टीम को प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय पुरूस्कार 10 हजार, तृतीय पुरस्कार 6 हजार एवं चतुर्थ पुरूस्कार 4 हजार रूपए सहित अन्य पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर संतोषी डोमन साहू सरपंच, मोतीलाल मारकंडे, गौकरण राजपुत, शंकर साहू, त्रिलोक राजपुत, नीलेश राजपुत, भुवनेश्वर साहू, मनोज साहू, होरी साहू, राजेश चंदेल, सनत निषाद, महेन्द्र साहू, तेजराम साहू, बैतल साहू, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

डीएमसी सतीश ब्यौहारे ने किया पीएम श्री स्कूलों का औचक निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे एवं उनकी टीम के द्वारा जिले में संचालित पीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण किया गया। इस योजना के तहत जिले में सात स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों का उद्देश्य सिर्फ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण, अध्ययन और सज्ञानात्मक विकास होगा, बल्कि कौशल की जरूरतों के अनुरूप समग्र और पूर्ण विकसित नागरिकों का निर्माण करना है, उसी कड़ी में डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने पीएम श्री स्कूलों के क्रियान्वयन में कसावट एवं निरीक्षण हेतु पीएम श्री स्कूल अमलीडीह डोंगरगांव, पीएम श्री स्कूल मोर कुटुम्ब विकासखंड छुरिया, पीएम श्री स्कूल डुडेरा एवं पीएम श्री स्कूल कंडारापारा विकासखंड डोंगरगढ़ का निरीक्षण कर सभी संस्था प्रमुखों को कहा कि पीएम राइज स्कूल की गरिमा व प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है कि यहां का शैक्षणिक स्टाफ समय पर आए और कक्षाओं का वास्तविक संचालन हो एवं छात्र निर्धारित यूनिफार्म में आए। यहां की शैक्षणिक गुणवत्ता का सतत केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय तथा नामचीन प्राइवेट स्कूलों की तरह होनी चाहिए। शासन से प्राप्त राशि का उपयोग 10 फरवरी तक पूर्ण करने की समझाइश दी गई एवं बीईओ बीआरसी को निर्देशित किया गया कि समय-सीमा में लक्ष्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना गणतंत्र दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं गांधी जी को माल्यार्पण एवं पूजन से किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य ने संबोधित किया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

चुनौतियों के बगैर जीवन चेतनाहीन बन जाएगा : पीएम मोदी

■ छात्रों,जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में देखा प्रसारण

कवर्धा/नवप्रदेश । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बोर्ड परीक्षा 2024 से पहले देशभर के विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के लिए 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत कर मार्गदर्शन दिया। कबीरधाम जिले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद के सीधे प्रसारण में छात्र शामिल हुए।कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी का संवाद का श्रवण किया। इसके साथ ही जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त पूर्व माध्यमिक व हाई तथा हायर सेकंडरी स्कूलों में भी शिक्षक और विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के संवाद का श्रवण किया।

उन्होंने कहा कि अगर जीवन में चुनौतियां ना हों तो फिर जीवन बहुत ही चेतनाहीन बन जाएगा, प्रतिस्पर्धा होनी ही चाहिए, लेकिन यह हेल्दी होना चाहिए। परीक्षा में सबसे बड़ा चैलेंज होता है लिखना, इसलिए अपना ध्यान प्रैक्टिस में रखें। परीक्षा से पहले विषय के बारे में या जो पढ़ा है वह लिखें फिर खुद ही उसे ठीक करें, क्योंकि अगर आपको तैरना आता है तो पानी में जाने से डर नहीं लगता। जो प्रैक्टिस करता है उसे भरोसा होता कि मैं पार कर जाऊंगा। जितना ज्यादा आप लिखेंगे उतनी ज्यादा शार्पनेस आएगी। परीक्षा कक्ष में कोई अन्य छात्र कितनी स्पीड से लिख रहा है, अगल-बगल में कौन क्या कर रहा है वो सब छोड़कर खुद पर भरोसा रखें। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एग्जाम हॉल में जाने के दौरान होने वाले तनाव से बचने का सुझाव देते हुए कहा कि पैरेंट्स को उत्साह के साथ बच्चे को एग्जाम हॉल में जाने देना चाहिए। एग्जाम हॉल में हमेशा आप जल्दी जाने की कोशिश करें। एग्जाम हॉल में गहरा सांस लीजिए और खुद में खोने की कोशिश की जाए। अब आपके हाथ में पेपर आएगा तो आपको तनाव महसूस नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमेशा प्रश्न पेपर को पढ़ लीजिए और उन्हें हल करने का समय तय कर लीजिए। छात्रों को हमेशा सवालों को लिखकर प्रैक्टिस करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थी द्वारा शारीरिक व्यायाम के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि जैसे मोबाइल फोन को चार्जिंग की जरूरत होती है, इसी तरह शरीर को भी चार्जिंग की जरूरत होती है।

जीवन इसके बिना नहीं जी सकते हैं, इसलिए जीवन को थोड़ा संतुलित बनाना पड़ता है। अगर हम स्वस्थ ही नहीं रहेंगे तो हो सकता है कि तीन घंटे परीक्षा में ही ना बैठ पाएं। स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन के लिए जरूरी है। इसका मतलब यह नहीं कि आपको पहलवानी करनी है। किताब लेकर सनलाइन में पढ़ें क्योंकि शरीर को रीचार्ज करने में सनलाइट की भी जरूरत होती है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि एक के बाद एक रील्स देखते रहेंगे तो समय बर्बाद हो जाएगा, नींद खराब होगी, जो पढ़ा है वो याद नहीं रहेगा। नींद को कम ना आंके। आधुनिक हेल्थ साइंस नींद को बहुत तवज्जोह देता है। आप नींद आवश्यक लेते हैं या नहीं, यह आपके स्वास्थ्य पर ध्यान देता है। जिस जगह में हैं, उसमें जिन चीजों की जरूरत है वो आहार में है या नहीं यह जानना जरूरी है।

बच्चों के संरक्षण और समाजसेवा के लिए विपिन

■ जिला प्रशासन ने मुख्य समारोह में किया सम्मानित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बच्चों के संरक्षण और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय विपिन ठाकुर को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया है। श्री ठाकुर की कर्तव्यनिष्ठा, समाज के प्रति उनके समर्पण और दायित्वों के निर्वहन की प्रशंसा की गई है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम, राजनांदगांव में किया गया। विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में विकास एवं प्रगति के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये।

जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए गए विपिन ठाकुर लंबे समय से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, पुलिस विभाग, यूनिसेफ, काँउंसिल फॉर सिक्योर जस्टिस, महिला बाल विकास संचालनालय, महिला बाल विकास विभाग के विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने वर्षों से इन विभागों में अलग राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किए हैं और ये क्रम अनवरत जारी है। वे कई विषयों के विशेषज्ञ हैं जिनकी सेवाएं समय.समय पर सरकार व शासकीय विभाग लेते हैं।

गौरतलब है कि विपिन ठाकुर ने बच्चों के मेंटल हेल्थ पर काम करते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए हैं। आत्मघाती सोच से जूझ रहे किशोरों को उन्होंने सामान्य जीवन में लाने के लिए काउंसिलिंग के माध्यम से उनकी मदद की है। वे अब तक 40 से अधिक बार बच्चों को रक्तदान कर चुके हैं। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर 2023 को इंडिया सोशल इम्पेक्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें सम्मानित किए जाने पर शहर के वरिष्ठ जनों, समाज सेवियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व पत्रकारों सहित सभी वर्ग के लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मेला मड़ई हमारी संस्कृति का हिस्सा: डिप्टी सीएम शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश । डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज ग्राम केजादाह में आयोजित छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े मेला-मड़ई कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की और कार्यक्रम की शुरुआत की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का कार्यक्रम में पहुंचने पर छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक वेशभूषा में तैयार यादव समाज के नर्तक दलों द्वारा पारम्परिक वाद्ययंत्रों से आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को मड़ई मेला के आयोजन के लिए बधाई दी तथा अपनी ओर से कई सौगातें दी। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बड़ैदा कला में सर्व सर्वसमाज के सामुदायिक भवन एवं मंच के लिए 15 लाख रुपए, ग्राम सिंगारपुर जंगल में सीसी सड़क के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम सोनपुर में सीसी सड़क के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का विश्वास दिलाया। उन्होने साहू, यादव समाज और क्षेत्र के विकास के लिए सौपे गए सभी मांग पत्रों पर कहा कि क्षेत्र विकास के लिए मेरा प्रयास निरन्तर जारी रहेगा।

धीरेन्द्र शास्त्री ने लगाया दरबार, 40 लोगों की समस्याओं का किया समाधान

कवर्धा/ नवप्रदेश । धीरेंद्र शास्त्री महाराज के द्वारा कवर्धा में तीन दिवसीय हनुमान कथा कही जा रही है,इसके साथ ही सोमवार को सुबह 10 बजे से दिव्य दरबार लगाया गया। दरबार लगने के पहले से ही लाखों की संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए,इसके साथ ही कार्यक्रम मे साजा विधायक ईश्वर साहू और राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे कथा सुनने के लिए पहुंचे,वहीं धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज से आशीर्वाद लेकर देश की खुशहाली की कामना की । साथ ही डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी महाराज धीरेंद्र शास्त्री के कथा में शामिल हुए और उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर देश और राज्य की खुशहाली की कामना की।वही जहां धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के द्वारा दिव्य दरबार लगाया गया,वहीं जिन्हें ऊपरी बाहरी हवा लगी हुई थी,वह अचानक कूदते नाचते चिल्लाते हुए दिव्या दरबार तक पहुंच गए। धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने जहां ऐसे लोगों को बुरी हवाओं से बचाए,वही उन्हें भभूती भी दिया

इसके साथ ही कई लोगों के नाम के पर्ची खोले गए और उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया। हम आपको बता दें कि आज 40 से ज्यादा लोगों के नाम के पर्ची खोले गए और महाराज उनके बिना बताए ही धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने उनकी समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया, इसके साथ ही कुछ ऐसी परिवारिक जटिल विषय भी थे जिन्हें धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने बिना माइक के ही उन्हें पूरी समस्या का निवारण के विषय दिया। आज जहां में जानकारी हनुमान कथा कही जाएगी वही अर्जी भी लगाया जाएगा हम आपको बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने बताया कि कल यहां हनुमत कथा की जाएगी वही लोगों की सामूहिक रूप से अर्जी भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही साधराम यादव के पती व उनके पुत्र भी सोमवार को दिव्य दरबार में पहुंचे हुए थे जहां शास्त्री जी महाराज ने अपने शिष्यों से कहकर उनके लिए 5 लाख की राशि की व्यवस्था भी कराई। साथ ही इस मामले के विषय में कहा कि आरोपियों को फांसी की सजा देनी चाहिए और पीड़ित परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिया जाना चाहिए इसके साथ ही कांवाई को लेकर भी धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने जिला प्रशासन शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया है। धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने आवाहन भी किया कि आप सभी हिंदू एक हो जाओ क्योंकि ऐसी घटना किसी भी के साथ घटित हो सकती है इसलिए सभी हिंदू एक हो जाए और सनातन धर्म की रक्षा करें।

न्यूज गैलरी

लक्ज़री लिविंग के लिए रायपुरियंस का नया पता अवंति विहार

रायपुर/नवप्रदेश। आर एण्ड जी ग्रुप द्वारा शहर के मध्य अवंति विहार में अल्ट्रा लक्ज़री लाइफ स्टाइल के साथ एक क्लब रेजीडेंसी का नया एहसास, एक साथ ही कैपस में सकून देने वाला प्रोजेक्ट द एड्रेस ने अब अपना आकार लेना शुरु कर दिया है। आर एण्ड जी ग्रुप के इस प्रोजेक्ट

को पिता और पुत्री एक ऐसा ब्रांड बनाना चाहती है जिसका सपना देखा तो सभी ने है लेकिन साकार बहुत ही कम हो पाया। उसी सपने को पूरा करने के लिए रुप के आर एण्ड जी रुप के संचालक राजेश कुकरेजा और उनकी बेटी आर्टिटेक्ट व इंटीरियल डिजाइनर तमन्ना कुकरेजा ने अवंति विहार में द एड्रेस के साथ साकार करने का बीड़ा उठाया है। राजेश कुकरेजा और तमन्ना कुकरेजा का मानना है कि घर केवल दीवारों से सजा होने के बजाय अपने सपने के अनुरूप सजा होना चाहिए और इसी सपने को साकार करता है द एड्रेस । द एड्रेसके बंगलों की डिजाइन ओनर्स फ्लोर कॉन्सेप्ट की तर्ज पर तैयार की गई है जो ऊंचाईयों पर रहकर बंगले में रहने का एहसास कराते है। यहाँ पर मॉडल बंगलों ऑन हाईट्स तैयार है, जहां एक फ्लोर पर 5500 स्क्वेयर फीट पर बने बंगले में बड़ा लिविंग रूम,डायनिंग हॉल, लक्ज़री बेडरूम, किचन, बॉलकनी और अत्याधुनिक रूप से तैयार किया गया डिज़ाइनर बंगलों, चारों तरफसे ओपन घर, बेडरूम में अटैच्ड बालकनी जहां से शहर का नजारा देखने को मिलता है। इसके साथ ही क्लब हाउस और बच्चों के लिये प्ले जोन भी हैं। सीनियर सिटीजन का ध्यान रखते हुए इसकी डिजाइन तैयार की गई है जिसमें वे खुली प्राकृतिक सौंदर्यता का आनंद ले सकें। 60 लिमिटेड एडिशन वाले द एड्रेस में रहने वाले एक नया एहसास का अनुभव करेंगे। द एड्रेस में अलग से एक टावर में लाज्जरी बिजनेस टावर बनाया गया है जहां बिजनेस में अपने बिजनेस को एक नया आयाम दे सकते हैं। अत्याधुनिक इस बिजनेस टावर जोन में में स्वीविंग पुल,लाइब्रेरी, गेमिंग जोन है जहां सकुन के पल यहां बीता सकते हैं।

उषा यादव ने जूनियर कुराश चैपियनशिप में जीता कांस्य पदक

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जूनियर कुराश टीम ने श्री गंगानगर में संपन्न हुए जूनियर नेशनल कुराश चैपियनशिप में अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुए 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। यह पदक उषा यादव 40 कि ग्रा ने अपने वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। पदक विजेता खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय कुराश महासंघ तकनीकी निर्देशक रवि कपूर भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष राजन वर्गीस , भारतीय कुराश महासंघ महासचिव विक्रांत कश्यप ,भारतीय कुराश महासंघ कोषाध्यक्ष शिवाजी सालुंके , टेक्निकल कमीशन सदस्य सोमवीर सिंह , छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के सचिव आदित्य सिंह , , , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के सदस्य आशीष यादव , जगदीश चौधरी गोपी देवांगन , ओमप्रकाश मिश्रा , वर्षा मिरी , गौतम मिरी , सरस्वती यादव ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

शहीदों की स्मृति में आज दो मिनट का मौन

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में मंगलवार 30 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे देश में दो मिनट का मौन रखा जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों, एसडीएम, सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार सहित शिक्षा विभाग को छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र को प्रेषित किया है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि सभी विभागों में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखना सुनिश्चित करें।

महिला स्वसहायता समूह को आजीविका के लिए आर्थिक मदद

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत देवभोग विकासखण्ड के 31 ग्राम एवं गरियाबंद विकासखण्ड के 11 ग्राम में एनजीडब्ल्यूडीपी जलग्रहण परियोजना संचालित है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने परियोजना के आजीविका घटक के तहत देवभोग परियोजना से 52 महिला स्व-सहायता समूहों को 26 लाख रुपए एवं गरियाबंद परियोजना के 25 महिला स्व-सहायता समूहों को 12 लाख 50 हजार रुपए विभिन्न आजीविका गतिविधि जैसे-सब्जी उत्पादन, मछलीपालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन, टेंट हाउस, किराना दुकान, दोना पत्तल निर्माण, सिलाई मशीन, फैंसी स्टोर्स, मशरूम उत्पादन, टी स्टाल, आटा चक्की सहित अन्य कार्यों के लिए प्रत्येक समूह को 50-50 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने परियोजना अधिकारी को तत्काल समूह के खाते में राशि हस्तांतरित करने के निर्देश दिए है। कृषि विभाग के उप संचालक श्री चंदन राय ने बताया कि उक्त प्रदाय राशि को स्व-सहायता द्वारा आजीविका गतिविधि प्रारम्भ करने के लिए स्वीकृत किया गया है। चक्रीय राशि में किसी भी प्रकार का ब्याज देना नहीं होता है। समूहों द्वारा उक्त राशि को 18 से 24 माह में समान किश्तों में समिति स्तर की जलग्रहण विकास निधि की खाता वापस करना होता है। इसके अलावा भविष्य में जलग्रहण विकास निधि में प्राप्त राशि को पुनः आवश्यकता एवं मांग अनुरूप अन्य स्व-सहायता समूहों को चक्रीय निधि जारी किया जाएगा।

कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चन्दन कुमार ने सोमवार को जनचौपाल में दूर दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनचौपाल में दिव्यांग जमुनी बानो, उषा ध्रुव ने मोटराइज्ड ट्राइसिकल तथा राजेश साहू ने श्रवण यंत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर कुमार ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को तत्काल आवश्यक उपकरण प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम ने बलौदाबाजार निवासी जमुनी बानो, सिमगा नवागांव निवासी उषा ध्रुव को मोटराइज्ड ट्राइसिकल तथा ग्राम कंजी निवासी जितेन्द्र कुमार को श्रवण यंत्र प्रदाय किया।जनचौपाल में कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे प्रधानमंत्री आवास, समय सीमा एवं सामान्य प्रकार के आवेदन शामिल है।

दावा आपत्ति 8 फरवरी तक

दुर्ग/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन-2023 में निर्वाचन कार्य में संलग्न/अधिग्रहित किये गये यात्री वाहन सहित अन्य श्रेणी के वाहनों के प्रस्तुत देयकों के परीक्षण उपरांत अंतिम रूप से भुगतान कार्यवाही की जानी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी (निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी अनुसार देयक भुगतान पूर्व किसी प्रकार की आपत्ति हों तो तथ्यात्मक रूप से लिखित आवेदन 08 फरवरी को सायं 5.00 बजे तक जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, दुर्ग के यातायात शाखा में श्री विनय देवांगन, राजस्व निरीक्षक, मो.नं. 8889618596 के पास जमा कराना होगा।

दूसरों से नहीं, खुद से करनी चाहिए बच्चों को प्रतिस्पर्धा : पीएम

■ सीधा प्रसारण में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ‹परीक्षा पे चर्चा› कार्यक्रम में सम्मिलित होकर छात्रों से संवाद कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने सुना। छात्रों को भारत के भविष्य का आकार देने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम उनके लिए भी एक परीक्षा की तरह है। इस दौरान पीएम ने बच्चों, पेरेंट्स और शिक्षकों को नसीहत दी। छात्रों को भारत के भविष्य को आकार देने वाला बताते हुए मोदी ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम उनके लिए भी एक परीक्षा की तरह है. परीक्षाओं से पहले छात्रों के साथ अपने संपर्क कार्यक्रम की सातवीं कड़ी में उन्होंने कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवाचारी हो गए हैं. मोदी ने कहा, ''हमारे छात्र हमारे भविष्य को आकार देंगे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। परीक्षाओं से पहले छात्रों के साथ को आने वाली परीक्षाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, जाहिर अब्बास, प्राचार्य केशव देवांगन, मुकेश देवांगन सहित संस्था के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने डीईओ आफिस का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया तथा दस्तावेजों एवं फनीचरों का व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी कक्ष, सहायक संचालक कक्ष, स्थापना शाखा, लेखा शाखा, कम्प्यूटर कक्ष सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान स्वामी आत्मानन्द चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पुस्तकालय निर्माण के लिए स्थल का भी अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तकालय निर्माण के लिए सभी पहलुओं को ध्यान रखने के निर्देश दिए ताकि बच्चों के लिए सुविधाजनक हो। इस दौरान सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का हुआ वर्चुअल उद्घाटन

● केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक ने किया

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थापित एकीकृत पेरीमीटर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन सोमवार 29 जनवरी को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह द्वारा, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक (मध्य खंड, सीआईएसएफ) संजय प्रकाश, उपमहानिरीक्षक (सीआईएसएफ) प्रतिभा अग्रवाल, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट अभिजीत कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (अनुरक्षण एवं उपयोगिताएँ असिस साहा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) पी के सरकार, महाप्रबंधक (इन्फ्रास) रविशंकर, महाप्रबंधक (इन्फ्रास) एम पी सिंह एवं सीआईएसएफ के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में नीना सिंह ने कहा कि उन्होंने इस तरह की सुरक्षा प्रणाली अब तक एयरपोर्ट में देखा है। सीआईएसएफ तकनीकों के साथ कार्य करने वाली सुरक्षा बल है। इस परियोजना पर बीएसपी सीआईएसएफ इकाई ने जो कार्य किया है, इस पर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। इस परियोजना के कार्यान्वयन से निश्चित ही हमें बहुत लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने इसके लिए इस परियोजना में कार्य कर रही पूरी टीम को बधाई दी।

अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा, वास्तव में इतना विशाल संयंत्र परिसर होने के कारण सभी अनाधिकृत प्रवेश व गतिविधियों को रोकना व्यावहारिक रूप से एक कठिन कार्य है। ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी को शामिल करना शायद सबसे अच्छा तरीका है। प्रौद्योगिकी कुशल कार्य को स्मार्ट तरीके से करना सुनिश्चित करती है जो न केवल हमारे उपकरणों, बल्कि हमारे कर्मियों की सुरक्षा से भी संबंधित है। निश्चित ही सभी संबद्ध विभाग और एजेंसियां, परिधि और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में भी काम करेंगी और समय के साथ इसे और विस्तारित करने के लिए समय-समय पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रौद्योगिकी या ड्रोन का भी उपयोग करके प्रणाली को उन्नत किया जायेगा। यह इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर› केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के बीएसपी इकाई हेतु स्थापित किया गया है।

इसके कार्यान्वयन से संयंत्र के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में निरीक्षण और कड़ी निगरानी एक ही स्थान से की जा सकेगी। इससे, संयंत्र की परिधि, शॉप्स, वैगन-प्रवेश द्वारों सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी से सामग्री की चोरी के लिए अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश व अनुचित हस्तक्षेप को रोकने तथा संयंत्र की संपत्ति की रक्षा आदि अनेक लाभ प्राप्त होंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम में उपमहानिरीक्षक श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा उपकमांडेंट (सीआईएसएफ) सुश्री निधि सिंह ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की विस्तृत एवं तकनीकी जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सीआईएसएफ कमांडेंट अभिजीत कुमार द्वारा दिया गया।

उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व देखने इटली के पर्यटक पहुंचे

गरियाबंद/नवप्रदेश। पिछले कुछ समय से उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व में पर्यटन में तेजी आई है, यहां की प्राकृतिक खूबसूरती को देखने लोग लगातार पहुंच रहे हैं। टाइगर रिज़र्व के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण भी कर रहे है। आज खूबसूरती देखने के लिए इटली के पर्यटक पहुंचे। अगोरा ईको टूरिज्म और नोवा नेचर एनजीओ एवं वन प्रबंधन समिति ओढ़ द्वारा आयोजित की गई ट्रैकिंग में 20 पर्यटकों ने भाग लिया। इसमें 4 इटली के पर्यटकों भी शामिल थे। यह आयोजन उदंती सीतानदी के ओढ में किया गया था जो अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस ट्रैकिंग में उन्हें इस क्षेत्र के वन्य जीवों, जैवविविधता और आदिवासी जनजीवन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कोयबा, बुढ़ाराजा, बनियाधस जलप्रपात और तीरेंदाजी का भी लुफ्त उठाया। इटली के पर्यटकों को यहां की जैवविविधा, आदिवासी जीवनशैली और भोजन ने बहुत लुभाया।

दुर्ग की खो-खो महिला टीम दूसरी बार ऑल इंडिया के लिए क्वॉलीफाई

दुर्ग/नवप्रदेश। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया की पिछले वर्ष 2022-23 में खो-खो महिला टीम ने क्वालीफाई कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया था। वर्तमान सत्र वर्ष 2023-24 में भी फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर में दिनांक 27-30 जनवरी 2024 को आयोजित खो-खो महिला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सम्बलपुर विश्वविद्यालय, ओड़िसा को 01 पारी 12 पाइंट से हराकर ऑल इंडिया प्रतियोगिता हेतु क्वालीफाई की।

महिला टीम की इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाऐ दिये। टीम के मैनेजर दिलीप हिंगले व कोच लाडली है जिनके मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन कर रहे है। खो-खो महिला दिनांक 15-18 फरवरी 2024 को आयोजित अखिल भारतीय अंतर विवि. में भाग लेने हेतु 13 फरवरी 2024 को पुणे विश्वविद्यालय के लिए रवाना होगे। खो-खो महिला टीम की इस जीत से हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग की कुल 12वी टीम ने क्वालीफाई की है।

लो वोल्टेज और बिजली की समस्या होगी दूर: मंत्री देवांगन

कोरबा/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने खरमोरा में नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सब स्टेशन के शुरु हो जाने से कई वार्डों की बिजली की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। विशेष तौर पर दादरखुर्द, खरमोरा समेत अन्य वार्डों में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो पाएगी।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सब स्टेशन से गर्मी के दिनों में लो वोल्टेज और कटौती से राहत मिलेगी। शहर के कई जगहों पर नवीन उपकेंद्र निर्माणाधीन है। हमारा प्रयास है कि सभी का निर्माण जल्द पुरा हो सके ताकि पूरे शहर में बिजली की समस्या से निदान मिल सके। इस सब स्टेशन से आसपास के 4 वार्डों के 5 हज़ार उपभोक्ताओ को इसका लाभ मिलेगा। वार्ड वासियों की मांग पर मंत्री श्री देवांगन ने वितरण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन भी वार्डों में अधिक बिजली बिल की शिकायत है, वहां जल्द शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण करें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण सहित डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के अधिकारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

डॉ पाणिग्राही का डिप्टी सीएम ने किया

दुर्ग/नवप्रदेश। समाजसेवा ,पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता के क्षेत्र में एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप जाने जानेवाले डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सम्मानित किया। डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही नगरपालिका निगम दुर्ग के स्वच्छ सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसेडर हैं। स्वच्छता के नवाचारी कार्यक्रमों के साथ दुर्ग में सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो अभियान के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं । सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो अभियान के लिए डॉ पाणिग्राही ने एक विशेष नारा दिया ÷ अपने घर से थैला लेकर बाजार चलो ,सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो । इस नारे का अच्छा प्रतिसाद मिला है । लोग घर से थैला लेकर आने लगे हैं ।डॉ पाणिग्राही ने अपनी एक्टिवा दोपहिया वाहन को भी सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो नारे से पेंट कर स्वयं की वेशभूषा भी उसी अनुरूप बनाकर जागरूकता के लिए निकलते हैं जो आकर्षण का केंद्र बनाता है। गणतंत्र दिवस पर सम्मान मिलने पर प्रसन्नता का अनुभव करते हुए उन्होंने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी , संभाग कमिश्नर सत्यनारायण राठौड़, एस एस पी रामगोपाल गर्ग ,दुर्ग नगर निगम कमिश्नर लोकेश चंद्राकर , एडिशनल कलेक्टर गोकुल रावटे ,अरविंद एक्का , सी ई ओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन ,नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

गायत्री मंत्र प्रभावशाली, हमें अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता : विजय

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्थानीय प्रभात चौक स्थित गायत्री मंदिर में तीन दिवसीय पांच कुंडीय महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा एवं दीप महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। इसके दूसरे दिन सांसद विजय बघेल गायत्री मंदिर में दर्शन कर कथा का श्रवण किया पश्चात उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रज्ञा पुराण जीवन का आधार है परम् पूज्य पं. आचार्य श्रीराम शर्मा जी वो संत हुए हैं। जिन्होंने समाज को दिशा देने के लिए सर्वाधिक पुस्तकें लिखी हैं । उस वक्त लिखी गई अखण्ड ज्योति के अक्षरशः शब्द आज

सत्य हो रहे हैं, उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि गायत्री मंत्र कितना प्रभावशाली है जिसे हमें अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के लिए समस्त गायत्री परिवार को साधुवाद देते हुए स्वामी परमानंद जी से आशीर्वाद लिया। उक्त आयोजन में सांसद प्रतिनिधि रामकुमार सोनी, मनोज वर्मा, राजकुमार शर्मा , संतोष वर्मा , नारायण वर्मा, मनीलाल साहू, एवं गीतेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि रामाधार शर्मा ने एवं आभार गायत्री परिवार के बी एल यदु ने व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

2 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय जाँजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 2 फरवरी 2024 दिन शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक नव किसान बॉयो प्लॉटिक लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव के 25 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु केवल पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे, शैक्षणिक योग्यता 10 वी से स्नातक रखा गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 9000 से 15000 रुपए निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदक का कार्यक्षेत्र जाँजगीर चांपा, बलौदा एवं बिलासपुर रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

लोक प्रस्तुतियों के लिए स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित

जांजगर/नवप्रदेश। जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 का जिला मुख्यालय जांजगीर में 10, 11 एवं 12 फरवरी 2024 तक आयोजित है। इस अवसर पर जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2024 हेतु प्रकाशित होने वाले जाज्वल्य स्मारिका के लिए लेख, रचनाएँ, कविता, कहानी प्रकाशन हेतु इच्छुक रचनाकारों से उनकी मौलिक रचनाएं प्रकाशन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आयोजन में स्थानीय कलाकारो के सांस्कृतिक प्रस्तुति हेतु परिचय सहित आवेदन के साथ फोटो एवं मय सी.डी. सहित 05 फरवरी 2024 तक कार्यालय जिपं जांजगीर-चाम्पा के कक्ष कमांक 19 में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 31 जनवरी 2024 को प्रातः11:00 बजे से जिपं सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्वसम्बन्धितो को निर्धारित समय मे उपस्थित होने का आग्रह किया है। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में एजेण्डानुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 से वर्तमान तक के जिपं के आय-व्यय की योजना समीक्षा, जिपं अंतर्गत संचालित योजनाओं के ब्याज राशि की जानकारी वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक की एवं प्राप्त ब्याज राशि के उपयोग की जानकारी, जिपं में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों को भारमुक्त के संबंध में पूर्व में पारित प्रस्ताव पर की गई कार्यवाही की जानकारी एवं वर्तमान में संलग्न किए गए अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी एवं औचित्य,विभिन्न योजनाओं में आकस्मिक व्यय की कटौती की गई है उन कटौती की गई राशि की जानकारी एवं इस राशि के उपयोग के संबंध में जानकारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

जिपं की सामान्य सभा की बैठक आज

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 31 जनवरी को दोपहर 1:00 बजे से जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्वसम्बन्धितो को निर्धारित समय मे उपस्थित होने का आग्रह किया है। सामान्य सभा की बैठक में एजेण्डानुसार शिक्षा विभाग के तहत मुख्यमंत्री जतन योजना, धान खरीदी एवं कृषि विभाग के योजनाओं,स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाएं एवं निर्माण कार्यों, 15वां वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में जिला पंचायत विकास योजना की चर्चा एवं अनुमोदय सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

दिव्यांजनों को आवश्यक उपकरण देने करने सीएसआर तहत शिविर आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में दिव्यांगजनों की मदद के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए बताया कि साउथ कोल्फील्डस लिमिटेड भारत सरकार का मिनिरल उपक्रम की सामाजिक निगमित दायित्व योजनांतर्गत गौतम कुमार, पुनर्वास विशेषज्ञ एवं अनंत सिंह, ऑपरेटर के द्वारा 1 जनवरी से 3 जनवरी तक सरगुजा जिले के 80 प्रतिशत से अधिक अस्थिबाधित दिव्यांगों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगो को सुगम्य केन प्रदाय करने हेतु विखं लखनपुर, उदयपुर में 1 फरवरी 2024 को जपं लखनपुर के सभाकक्ष, विखं सीतापुर, मैनपाट और बतौली में 2 फरवरी 2024 को जपं सीतापुर के सभाकक्ष और विखं अम्बिकापुर और लुण्ड्रा में 3 फरवरी 2024 को जपं अम्बिकापुर के सभाकक्ष में परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

निधन

भंवरलाल तिवर

मुंगेली/नवप्रदेश। सदर बाजार निवासी भंवरलाल तिवर का आज 27 जनवरी को दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया। वे अमित गोलु, सुमित टीनू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 28 जनवरी रविवार सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम मे किया गया।

सरोजनी देवी तिवारी



जांजगीर/नवप्रदेश। बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम कपिस्दा के प्रतिष्ठित नागरिक सरोजनी देवी तिवारी का 68 वर्ष की आयु में शुक्रवार 26 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कपिस्दा के मुक्तिधाम में किया गया।

सरगुजा को मेडिकल हब बनाएंगे-श्याम बिहारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार को अम्बिकापुर पहुंचे जहां उन्होंने जिला चिकित्सालय के मातृ-शिशु स्वास्थ्य भवन का निरीक्षण किया, साथ ही मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस दौरान अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, कलेक्टर विलास भोस्कर, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ रमणेश मूर्ति, सीएमएचओ डॉ आरएन गुप्ता, पार्षद आलोक दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मातृ शिशु स्वास्थ्य भवन के प्रसव विंग, एसएनसीयू, गायनिक वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और महिलाओं से सीधे बात कर चिकित्सालय में मिल रही विभिन्न सुविधाओं पर भी फीडबैक लिया। उन्होंने चिकित्सकीय सुविधाओं पर संतोष जताते हुए कहा कि चिकित्सकीय टीम इसी तरह बेहतर काम करते हुए महिलाओं और बच्चों के इलाज में संवेदनशीलता बरते, जिससे लोगों का विश्वास बना रहे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व में किए गए निरीक्षण के पश्चात आज की स्थिति में प्रगति देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों तक बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने अस्पताल प्रबंधन और कॉलेज प्रबंधन द्वारा की गई मांगों को भी समय पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की अध्यक्षता में राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें नवनिर्मित चिकित्सा महाविद्यालय के शेष कार्यों हेतु बजट राशि 109.92 करोड़ राशि के एजेंडा पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास सरगुजा को चिकित्सा हब बनाने का है। इसके लिए आवश्यकता अनुरूप कॉलेज में प्राध्यापकों की नियुक्ति, चिकित्सकों की पदस्थापना, आवश्यक केमिकल्स और रीजेंट्स की उपलब्धता, समय पर पदोन्नति सभी बिंदुओं पर प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर और चिकित्सालय परिसर में अनिवार्य रूप से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने जिला, अस्पताल एवं कॉलेज प्रबंधन को निर्देशित किया।बैठक में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए मेडिकल कॉलेज डीन ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्थापना हेतु 20 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी।

जिसपर स्वास्थ्य मंत्री ने कलेक्टर श्री भोस्कर से इस पर जरूरी कार्यवाही की चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने चिकित्सालय में इलाज कराने आए लोगों की सुविधा हेतु मंगल भवन के बगल में शेड निर्माण, बिलासपुर रोड से मेडिकल कॉलेज तक सीधा पहुंचे मार्ग, परिसर में स्वच्छता, एमआरआई मशीन के संचालन हेतु डीएमएफ से टेक्नीशियन की नियुक्ति आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में एम्बुलेंस की मांग को भी पूरा किया जा रहा है। साथ ही जल्द ही लगभग 10 चिकित्सकों की पदस्थापना जिले में की जायेगी। इसके साथ ही पूरे संभाग में बड़ी संख्या में चिकित्सकों की पदस्थापना होगी।

तेज हार्न वाले 41 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही

मुंगेली। ध्वनि प्रदूषण रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न, मोडीफाईड साईलेंसर वाले वाहनों, अनियमित ध्वनि वाले 41 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। 41 वाहनों के विरूध्द कुल 1 लाख 9 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। माह जनवरी 2024 में प्रेशर हॉर्न, मोडीफाईड साईलेंसर वाले वाहनों, अनियमित ध्वनि वाले वाहनों के विरूद्ध कुल 41 प्रकरणों में समन शुल्क 109000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है। जिसमें यातायात मुंगेली द्वारा कुल 12 प्रकरणों में प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। थाना मुंगेली द्वारा 2 प्रकरणों प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्यवाही कर 4000 रूपये एवं 7 प्रकरणों में मॉडिफाईड साईलेंसर के विरूद्ध कार्यवाही कर 41000 रूपये, लोरमी द्वारा 6 प्रकरणों में प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्यवाही कर 12000 रूपये, पथरिया द्वारा 4 प्रकरणों में प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्यवाही कर 8000 रूपये, । जरहाणाव द्वारा 2 प्रकरणों में प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्यवाही कर 4000 रूपये, थाना फास्टपुर द्वारा 2 प्रकरणों में प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

ग्राम पंचायत कोलबिरा में नवीन राशन दुकान

गोरेला पेंड्रा मरवाही। मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत कोलबिरा में युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोला गया है। दुकान संचालन हेतु संध्या महिला स्व सहायता समूह कोलबिरा को खाद्य अधिकारी श्रीमती श्वेता अग्रवाल द्वारा इपोस मशीन प्रदाय किया गया। नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलने से लोगो को राशन समय से मिल सकेगा साथ ही दूरी कम पड़ने से राशन सामग्री लाने ले जाने में उन्हे सुविधा होगी। ईपोस मशीन से राशन वितरण करने के संबंध में प्रोग्रामर योगेश पड़वार, पूरण साहू एवं जिला समन्वयक चयन देवांगन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर खाद्य निरीक्षक श्री राहुल सिंह राजपूत भी उपस्थित थे।

जेवर, मोबाइल पार करने वाला गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। ग्राम मोहदीकला में हुई चोरी के आरोपीगण को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी राम लाल पटेल पिता मसत राम साकिन मोहदीकला का 29 जनवरी को थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी 28 जनवरी को रात्रि करीबन 11.30 बजे अपने परिवार सहित खाना खाकर सोया था। घर नया बनाया हुं। घर में दरवाजा नही लगा है। कि रात्रि करीबन 02.30 बजे मेरी पत्नी कुसुम बाई पटेल आवाज सुनकर उठी तथा मुझे भी आवाज देकर उठाई की घर में कोई चोर घुसा है तब मैं उठा तो मोटर सायकल की आवाज सुनाई दिया तब घर से बाहर निकलकर देखा तो बाहक से वह भाग गया। तब घर अंदर आया और घर के सामन को देखा तो घर के आलमारी में रखे 30 तोला चांदी का पायल पुरानी इस्तेमाली कीमती करीबन 10000 रुपये, नगदी करब 15000 रुपये तथा आलमारी के उपर रखे 01 नग हैंकिनेक्स का मोबाईल कीमती करीबन 5000 रुपये का नहीं था।

अडभार नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

सक्ती (अड़भार)/नवप्रदेश। नगर पंचायत अड़भार के अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग के खिलाफ 29 जनवरी सोमवार को नगर पंचायत पार्षदो द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में वर्तमान अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग कांग्रेस को मात्र 3 मत प्राप्त हुए जबकि विपक्ष में 12 मत प्राप्त हुआ इस प्रकार से 3 - 12 से नगर पंचायत अड़भार अध्यक्ष के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया । पीठासीन अधिकारी मालखरौदा अरुण कुमार सोम की अध्यक्षता में यह जानकारी दी गई। मालखरौदा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश चंद्रवंशी थाना प्रभारी मालखरौदा , चौकी प्रभारी उप निरीक्षक चिंतामणि मालाकार के द्वारा चौक चौबंद व्यवस्था कर शांतिपूर्ण मतदान कराया गया।12 पार्षदों में 8 कांग्रेस और 4 भाजपा के पार्षदों ने नगर पंचायत अड़भार की निवर्तमान अध्यक्ष एवं उनके पति के अमर्यादित रवैये और भ्रष्टाचार से आक्रोशित होकर पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया।उनकी एकजुटता और दृढ़ प्रतिबद्धता से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया।इस जीत से सत्ता पक्ष भाजपा के कार्यकर्ताओं व पार्षदों में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं स्थानीय कांग्रेसी नेताओं ने भी बचाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई बल्की उनकी कुर्सी जाने पर कोई दुख भी नहीं जताया जा रहा है। बताना उचित होगा की जब प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता थी उस समय भी एक बार अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था मगर वह अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया था। मगर सत्ता परिवर्तन होते ही दोबारा पार्षदों के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया जिसमे पार्षदों को सफलता हासिल हुई। इस सूचना से पूरे नगर में हर्ष का माहौल है जगह जगह फटाके फोड़ रंग गुलाल लगा कर खुशी का इजहार कर रहे है और एक दूसरे को बधाईयां दे रहे है। विजयी पार्षदो ने इस जीत पर कहा कि सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से यह जीत संभव हो पाई है।

योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने अधिकारी पहुंचे गांवों में

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागीय योजनाओं के सफलता पूर्वक क्रियान्वयन एवं समयबद्ध शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु पीवीटीजी बसाहटों के ग्राम पंचायतों में दूसरे चरण के तीन दिवसीय बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक बहुद्देशीय शिविर के संचालन के लिए नोडल अधिकारी और विकासखंड वार अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है।जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विकासखंड स्तरीय नोडल और सीईओ जनपद पंचायत को खंड स्तरीय सहायक नोडल बनाया गया है। इन शिविरों का उद्देश्य शत प्रतिशत हितग्राहियों को नौ केंद्रीय मंत्रालयों की 11 योजनाओं पक्के आवास, संपर्क सड़कें, पेयजल की उपलब्धता, मोबिकल सुविधा, छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, बहुद्देशीय केंद्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण, वन धन केंद्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास से जोड़ना है। इसी कड़ी में सोमवार को आधार कार्ड हेतु लुण्ड्रा जनपद पंचायत के सपड़ा, बबोली, जोरी और चंगेरी में, उदयपुर जनपद पंचायत के मरेया, सितकलो, केसमा और खुले में शिविर आयोजित किया गया। इसी तरह मैनपाट के उडुमकेला कोरवा आश्रम, कदनई पंचायत भवन, पीडिया पंचायत भवन, बतौली जनपद पंचायत के तिरंग, बांसाझाल, बड़ादमाली, पंपापुर और ससौली आमादरहा, सीतापुर जनपद पंचायत के हल्दीसांड(जामझरिया), सुर और बागडोली तथा लखनपुर जनपद पंचायत के लोसंगा, लोसर्गी और चांदो में शिविर का आयोजन किया गया। इन ग्रामों में शिविर का आयोजन आगामी 31 जनवरी और 02 फरवरी को भी किया जायेगा। मैनपाट जनपद पंचायत के ग्राम राजखेता पंचायत भवन, नर्मदापुर प्राथमिक शाला रगुवापारा और कलजीवा प्राथमिक शाला बरडांड, में आगामी 02 और 04 फरवरी को शिविर का आयोजन किया जायेगा।

रंगोली स्पर्धा के प्रतिभागी पुरस्कृत

पेंड्रा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने मध्यगगरीय बजरंग चौक में झंडा फहराया। इस दौरान चौक में कई संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन पेंड्रा नगर पालिका के अध्यक्ष एवं लाइनस क्लब की महिलाओं ने रंगोली प्रतियोगिता के दिव्या पंजाबी पालक पंजाबी, एंड प्राची पंजाबी ने प्रथम पुरस्कार जीता द्वितीय पुरस्कार हर्षिता पंसारी को पुरस्कृत किया गया।

कलेक्टर राहुल देव ग्रास रूट परफार्मर की सूची में

मुंगेली। बेहतर नवाचार के लिए कलेक्टर राहुल देव ग्रास रूट परफार्मर की सूची में शामिल हुए। विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बेहतर नवाचार के साथ आम नागरिकों को सेवाएं एवं सुविधाएं जमीनी स्तर तक पहुंचाने तथा सुशासन को मजबूत बनाने के लिए ब्यूरोक्रेट्स इंडिया द्वारा देश के शीर्ष नौकरशाहों की सूची तैयार की जाती है। मुंगेली कलेक्टर ने अपने अभिनव पहल 'सशक्त युवा सशक्त मुंगेली' थीम पर जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए आकांक्षा प्लेटफार्म का संचालन किया था। इस नवाचारी पहल और उसके सफल क्रियान्वयन के लिए उन्हें ब्यूरोक्रेट्स इंडिया के टॉप 23 ग्रास रूट परफार्मर की सूची में शामिल किया गया है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को निजी संस्थानों में रोजगार से जोड़ने के लिए सशक्त युवा सशक्त मुंगेली की थीम पर 10 अगस्त 2022 से आकांक्षा प्लेटफार्म का संचालन किया जा रहा है।

अधिकारी-कर्मचारियों को उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक ने जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी तारतम्य में उन्होंने जिला जनसंपर्क कार्यालय सहायक सूचना अधिकारी सोनू राम चन्द्राकर को निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने, कम्प्यूटर ऑपरेटर (फोटोग्राफर) कोमल देवांगन को समाचार कवरेज में विशेष योगदान देने और वाहन चालक दिनेश साहू बब्बा को कार्यक्रम कवरेज के लिए दी गई जिम्मेदारी को गंभीरता पूर्वक करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जिला जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक सुजीत कुमार सिंह ने अधिकारी एवं कर्मचारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संतोष कुमार कोरी, जिला समन्वयक ताज अली अंसारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर महेंद्र कुमार बंजारा उपस्थित रहे।

समीक्षा... जनदर्शन में मिले 95 आवेदन, मूकबधिर दिव्यांगों को मिली आर्थिक सहायता, कलेक्टर ने सौंपा चेक

कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विभागवार समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, टेकचंद अग्रवाल, एएल ध्रुव सहित समस्त एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर भोस्कर ने पीएम जनमन योजना के विभिन्न बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीवीटीजी बसाहटों के ग्राम पंचायतों में आयोजित दूसरे चरण के बहुद्देशीय शिविर की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी शिविरों में उपस्थित रहें और शासन की मंशानुरूप पीवीटीजी हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निम्न प्रगति वाले विभागों को सख्त निर्देशित किया कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों को सभी योजनाओं का लाभ मिले। बैठक में उन्होंने जिले में धान खरीदी की वर्तमान स्थिति के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने लम्बित प्रकरणों की जानकारी लेकर प्रकरणों को समय-सीमा में त्वरित गति से पूर्ण करने कहा। राजस्व

संबंधी प्रकरणों की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही हेतु उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री भोस्कर ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि जनहितकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों तक पहुंचे।

जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में समयसीमा की बैठक के पश्चात आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में लगभग 95 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री भोस्कर ने लोगों को आवेदनों का जल्द निराकरण किए जाने के लिए आश्वस्त करते हुए सम्बंधित विभागों को त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व मामलों, सम्पत्ति विवाद, सहित तथा अन्य मामलों से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनदर्शन में अम्बिकापुर के नवापारा की विशाखा पाण्डे सहित चार मूक-बधिर दिव्यांगों को उड़ीसा राज्य में आयोजित होने वाले नेशनल एसोसिएशन ऑफ द डेफ (एनएडी) और उड़ीसा फॉर्म्स ऑफ द डेफ सोसाइटी द्वारा आयोजित 8वें राष्ट्रीय बधिर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आने-जाने में यात्रा व्यय, भोजन, आवास और पंजीयन शुल्क के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से 15 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान किया गया। विशाखा की माता श्रीमती सुशीला पाण्डे ने बताया कि उन्हें सम्मेलन में भेजने हेतु आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी, जिसके लिए उन्होंने समाज कल्याण विभाग में आवेदन किया था।

पीएम ने परीक्षा पे चर्चा छात्रों का किया मार्गदर्शन

सक्ती/नवप्रदेश। जीवन में हार मानकर हताश हो जाना अच्छी बात नहीं है। गलतियां हमें हर मोड़ पर नई सीख देती हैं यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान छात्रों से कहा कि हर गलती हमें नई सीख देती है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि स्टूडेंट, टीचर्स और पेरेंट्स के साथ बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाले तनाव और डर को कम करने के लिए 7वीं बार परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम कर रहे हैं जिसका बच्चों पर हमेशा की तरह सकारात्मक प्रभाव बढ़ेगा। आज प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सप्तम संस्करण का प्रसारण जिला प्रशासन के दिशानिर्देशन में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ ही जनप्रतिनिधी शामिल होकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के तार्किक बातों को सुनकर आत्मसात किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का जिलास्तरीय आयोजन कलेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में किया गया।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान विद्यार्थियों शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक अध्यापक की भूमिका के साथ ही छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों के बीच का बंधन पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या से परे होना चाहिए। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं। बल्कि भाई-बहनों को एक-दूसरे के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। अपने सभी कार्यों और अध्ययन में प्रतिबद्ध और निर्णायक बनने का प्रयास करें।

न्यूज गैलरी

सीता-राम विवाह में दिखाई गई जीवंत झांकी

कवर्धा/नवप्रदेश। पंचायत मानिक चोरी में सीता राम विवाह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जहां रसकेश्वर दास जी महाराज के द्वारा सीता विवाह के कार्यक्रम को संपन्न कराया गया । वहीं सीता विवाह की जीवंत झांकी भी प्रस्तुत की गई । विधिवत पूरे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । वहीं मंत्र उपचार के साथ पूरे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ आयोजन को लेकर छबिलाल साहू द्वारा लगभग एक माह पहले से ही तैयारी की जा रही थी । कार्यक्रम के आयोजन को लेकर ग्रामीण जन जहां बड़ी संख्या में उपस्थित हुए । वहीं सीता राम विवाह के दौरान लोगों ने फूलों की वर्षा भी की ग्राम मनिकचौरी में ऐसा पहला आयोजन देखा गया जिसमें जीवंत झांकी की प्रस्तुति की गई । इसके साथ ही सीता राम विवाह के विषय में महाराज श्री रसकेश्वर दास जी के द्वारा संपूर्ण जानकारी प्रदान की । गई हम आपको बताना चाहेंगे कि सीता स्वयंवर के विषय में जहां बहुत से ऐसे पहलू हैं जिन्हें लोग नहीं जानते इन सब विषयों को लेकर रसकेश्वर दास जी महाराज ने पूरी जानकारी प्रदान प्रदान की। उक्त कार्यक्रम के संबंध में नवल किशोर झरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि धरमपुरा ,नवागांव पालीगुडा परसवारा,कोठार ,पिपरिया सहित अन्य क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में जहां कार्यक्रम का दर्शन लाभ लिया इसके साथ ही सीता राम विवाह की जीवंत झांकी को भी दिखाया गया। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर ग्रामीण जनों ने काफी सहराना किया।

नाबालिग को फुसलाकर ले जाने वाले दो गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा/ नवप्रदेश। थाना कसडोल प्रभारी निरीक्षक मंजूलता राठौर द्वारा आपरेशन मुस्कान अंतर्गत नाबालिग बच्चों की लगातार खोजबीन की जा रही है। इसी क्रम में थाना कसडोल क्षेत्र के जिसमें सूचक की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में गुम इंसान पर दर्ज कर नाबालिग होने से अपराध धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर लगातार खोजबीन की जा रही थी प्रकरण में क्रमशः 28 जनवरी को नाबालिग अपहृता को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया एवं परिजनों के सुपुर्द किया गया। पीड़िता से पूछताछ बाद आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करना पाए जाने से अपराध क्रमांक 382/2023 धारा 363,366,373(क) भादवि, एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी पंकज डोहरे पिता छोटेलाल डोहरे उम्र 24 वर्ष साकिन पीटेसुरे बस्ती गोदनी रेलवे नागपुर थाना कोराडी जिला नागपुर महाराष्ट्र तथा अपराध क्रमांक 583/2023 धारा 363,366,376 भादवि, एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी रवि कुमार बंजारे पिता रामप्रसाद बंजारे उम्र 19 वर्ष साकिन तुरमा थाना लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को विधिवत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि श्रवण नेताम, सउनि प्रभात साहू, प्र.आरक्षक परमानंद रथ, दिनेश कुर्रे, आरक्षक प्रताप बंजारे, शरद साहू का विशेष योगदान रहा।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म के आरोपी को सिमगा पुलिस ने कथरूट पुणे से गिरफ्तार किया है। नाबालिग को छुड़ाया है। थाना प्रभारी सिमगा परिवेश तिवारी के नेतृत्व में थाना सिमगा के अपराध क्रमांक 475/2022 धारा 363,366,376 भादवि व 4,6 पाक्सो एक्ट केआरोपी को कथरूट पुणे से अपहृता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 16 अक्टूबर 2022 को प्रार्थी थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 अक्टूबर 2022 की सुबह 9 बजे इसकी पुत्री उम्र 16 साल 07 माह का घर में बिना बतायी कही चली गई है जिसकी आस पास रिश्तेदारों में पता की पता नहीं चला है कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में गुम इंसान क्रमांक 69/22 कायम किया गया । किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की शंका पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध थाना सिमगा में अपराध क्रमांक 475/2022 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना क्रम में अपहृता नाबालिक बालिका व मुख्बिर से प्राप्त आरोपी के मोबाइल नंबर के माध्यम से पता चला कि अपहृता नाबालिग का मोबाइल लोकेशन कथरूट पुणे पता चला जिस पर थाना सिमगा के द्वारा एक टीम बनाकर पुणे रवाना किया गया जहां पर टीम के द्वारा अपहृता तथा आरोपी सूरज कुमार बघेल को पुणे से बरामद किया गया। अपहृता का कथन महिला पुलिस अधिकारी से लेने पर अपहृता नाबालिग ने बताया आरोपी सूरज कुमार बघेल के द्वारा बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ कुथरूट पुणे ले जाकर किराया के मकान में रखकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया। प्रकरण में धारा 366,376 भादवि व 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया। आरोपी को सोमवार 29 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



कवि बंशीधर मिश्रा साहित्य सृजन सम्मान 2023 से सम्मानित

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। क्षेत्र के हास्य व्यंग्य के प्रसिद्ध कवि बंशीधर मिश्रा को मीरगपुर बालाघाट में साहित्य सम्मान 2023 से इनायत साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। कवि बंशीधर मिश्रा को उक्त सम्मान हास्य व्यंग्य के क्षेत्र में काव्य मंचों के माध्यम से उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य हेतु दिया गया।कवि मिश्रा को यह सम्मान मीरगपुर में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों एवं गण मान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर कवि बंशीधर मिश्रा के संचालन में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रोता गण उपस्थित थे।

भू विस्थापित किसान कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन

■ आरकेएम पावर प्लांट व डीबी पावर प्लांट के भू विस्थापित कर्मचारियों की 13 सूत्रीय मांग

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत संचालित दो पावर प्लांट आरकेएम पावर प्लांट व डीबी पावर प्लांट के भू विस्थापित किसान कर्मचारियों के द्वारा नियमितीकरण व स्थाई नौकरी के मांग सहित 13 सूत्रिय मांगों को लेकर आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए हैं !

आपको बता दें कि पिछले 14 15 वर्षों से यहां पावर प्लांट संचालित है और पावर प्लांट लगाने के लिए आरकेएम पावर प्लांट और डीबी पावर प्लांट के द्वारा आसपास के किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई थी ! उस समय भूमि स्वामियों को स्थाई नौकरी देने का वादा करके उन्हें आज भी प्लांट में मजदूरी व अस्थाई नौकरी पर रखा गया है 14,15 वर्ष बीत जाने के बाद भी इन्हें उनका सही हक नहीं मिल सकता है ,बार-बार शासन प्रशासन व पावर प्लांट प्रबंधन से आवेदन निवेदन करने के बावजूद भी इनके मांगों को पूरा नहीं किया गया! जिससे रुष्ट और आक्रोशित भू विस्थापित किसान कर्मचारी के द्वारा शांतिपूर्ण मौन धारण एवं धरना प्रदर्शन किया जा रहा है इनके द्वारा किए जा रहे हैं आंदोलन को चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव द्वारा समर्थन दिया गया है! और विधायक यादव स्वयं उनके साथ इस आंदोलन में शामिल हो गए हैं, अब देखना यह है कि क्या छत्तीसगढ़ की सरकार इन किसानों के साथ इंसाफ कर पाती है, या फिर पावर प्लांट प्रबंधन इन किसानों के साथ यूं ही नाइंसाफी करती रहेगी।

रंगोली स्पर्धा के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

पेंड्रा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने मध्यनगरीय बजरंग चौक में झंडा फहराया। इस दौरान चौक में कई संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन पेंड्रा नगर पालिका के अध्यक्ष एवं लाइनस क्लब की महिलाओं ने रंगोली प्रतियोगिता के दिव्या पंजाबी पालक पंजाबी, एंड प्राची पंजाबी ने प्रथम पुरस्कार जीता द्वितीय पुरस्कार हर्षिता पंसारी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी श्रीवास, अरुणा गणेशा जायसवाल, इकबाल सिंह सरदार समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

बच्चे पढ़कर अपने जीवन में आगे बढ़े कैरियर चुनें और सफल बने : कलेक्टर

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के.एल. चौहान से आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम भड़ीसार छात्रावास के बच्चों ने मुलाकात की। कलेक्टर श्री चौहान ने बच्चों से उनके दैनिक खानपान, दिनचर्या, खेलकूद, स्कूल आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी लिया। उन्होंने सभी बच्चों को सभी गतिविधियों में शामिल रहते हुए अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर के आग्रह पर 26 जनवरी में सांस्कृतिक गतिविधियों में सम्मिलित बच्चों ने गीत गायन किया। कलेक्टर से बच्चों ने स्कूल में गणित शिक्षक और छात्रावास में सोलर पैनल स्थापित करने की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एस.एन. भगत को पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौहान से एक बालिका ने ''कलेक्टर कैसे बनते हैं'' का सवाल की, जिसके जवाब में चौहान ने यूपीएससी और सीजीपीएससी के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अच्छे से पढ़कर अपने जीवन में आगे बढ़े, कैरियर चुनें और सफल बनें। इस अवसर पर सभी बच्चों को चॉकलेट और फल प्रदान किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, सहायक आयुक्त आशीष बैनर्जी उपस्थित थे। सभी बच्चों ने सभाकक्ष में बाल फिल्म का अवलोकन किया।

उमृदु संचालन हेतु दिया गया इपोस मशीन

गोरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत कोलबिरा में युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोला गया है। दुकान संचालन हेतु संध्या महिला स्व सहायता समूह कोलबिरा को खाद्य अधिकारी श्रीमती श्वेता अग्रवाल द्वारा इपोस मशीन प्रदाय किया गया। नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलने से लोगो को राशन समय से मिल सकेगा साथ ही दूरी कम पड़ने से राशन सामग्री लाने ले जाने में उन्हे सुविधा होगी। ईपोस मशीन से राशन वितरण करने के संबंध में प्रोग्रामर योगेश पड़ग़ार, पूरण साहू एवं जिला समन्वयक चयन देवांगन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर खाद्य निरीक्षक श्री राहुल सिंह राजपूत भी उपस्थित थे।

वार्षिकोत्सव आज

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूल पवनी में वार्षिक उत्सव का आयोजन 31 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे से होगा जिसके मुख्य अतिथि से.नि.प्राचार्य पी.एस. ठाकुर,विशिष्ट अतिथि जवाहर पड़वार एवं नंद कुमार साहू तथा अध्यक्षता एम.के. श्रीवास करेंगे।उक्त जानकारी प्राचार्य ए. के.साहू एवम जितेंद्र चौधरी ने दिया।

डोंगरगांव मानस महोत्सव 2 से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के धार्मिक स्थल साकेत धाम परिषद शिव मंदिर के पास कोरोना काल के बाद फिर डोंगरगांव में चिरप्रतीक्षित मानस महोत्सव का आयोजन 2,3व 4 फरवरी को किया जा रहा है। इस आयोजन का यह 25 वाँ वर्ष रजत जयंती के रूप होगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन भी किया गया है जिनमे संरक्षक लक्ष्मीनारायण गुप्ता डॉक्टर एन के लहरे गजानन सोनी कृष्ण कुमार शर्मा हीरा निषाद देवनारायण वैष्णव श्याम सुंदर पटेल आरडी मानिकपुरी कैलाश पटेल मनूलाल यादव शेषनारायण शांडिल्य अध्यक्ष दिना पटेल उपाध्यक्ष यशवंत साहू पंचराम चंदनमलागर सचिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष रमाकांत गुप्ता सचिव हेमंत यदु सह सचिव लेखेन्द्र साहू मिडिया प्रभारी घनश्याम साव संयोजक गजेन्द्र हरिहरनो सह संयोजक गुमान सिंह साहू के अलावा कार्यकारी सदस्यों को शामिल किया गया है।

बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को विजिटिंग कार्ड न बनाएं: पीएम मोदी

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री भारत शासन के वार्षिक कार्यक्रम ''परीक्षा पे चर्चा'' के सातवें संस्करण का आयोजन आज नई दिल्ली के भारत मंडपम से किया गया, जिसका सीधा प्रसारण पूरे भारत वर्ष में किया गया। जिसमें प्रसारण को देखने के साथ अन्य रोचक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय गरियाबंद के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किया गया। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्कूलों में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, एसडीएम विशाल महाराणा अन्य गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, डीएमसी के.सी नायक सहित अन्य स्कूलों के माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थीगण और पालकगणों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को बड़े उत्साहपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान छात्राएं शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं। माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों के बीच का बंधन पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या से परे होना चाहिए। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं।

परीक्षा के समय बना रहे उमंग और उत्साह भरा माहौल: पीएम मोदी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं पालकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में उक्त समबन्ध में तनाव दूर करने के लिए परीक्ष पे चर्चा के 7 वे संस्करण को संबोधित किया। परीक्षा पे चर्चा 2024 का कार्यक्रम सोमवार को भारत मण्डपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में प्रातः11 बजे शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से ऑनलाइन जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रश्नों का जवाब देने के साथ ही उनके शंकाओं का समाधान भी किया। स्वामी आत्मानन्द चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में कलेक्टर चंदन कुमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, समाज सेवी विजय केशरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, प्राचार्य श्री सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम के सीधा प्रसारण का अनुश्रवण किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा के समय विद्यार्थी अनावश्यक तनाव या दबाव अपने मन में न लाएं बल्कि परीक्षा को एक उत्सवके रूप में लेते हुए उमंग और उत्साह का वातावरण बनाएं। परीक्षा हॉल में 10 -15 मिनट पहले ही प्रवेश कर अपने स्थान पर इत्मीनान से बैठ जाये और गंभीर होने के बजाय हंसी -मजाक या चुटकुले सुनाकर अपने ऊपर तनाव बिल्कुल भी न आने दें। केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित करें। परीक्षा हॉल में प्रश्न पत्र मिलते ही पहले पूरे प्रश्न को ध्यान से पढ़ें।

हरिशंकर की अगुवाई में बेलटीकरी में मंत्री का स्वागत

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री का भटगांव आगमन पर बेलटीकरी के अटल चौक में भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत बेलटीकरी के अटल चौक में हरिशंकर जायसवाल सरपंच के अगुवाई में टंक राम वर्मा मंत्री राजस्व खेल युवा कल्याण विभाग आपदा प्रबंधन का स्वागत किया। वर्मा अपने उत्थोधन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की एवम योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवम और चहुमुखी विकास करने की बात कही जिसमे प्रमुख रूप से सदानन्द जायसवाल,ईश्वर साहू,मनीष साहू,पुष्पा साहू,प्रमोद जायसवाल, लुकराम साहू,गणेश चौहान, सन्तोष साहू,राजकुमार साहू,खुश राम उपसरपंच ईश्वर साहू भाजपा कार्यकर्ता, राहुल साहू,राजेश यादव,उमेश कर्ष, रूपेश साहू,अजय साहू,लोकनाथ साहू,चन्द भूषण जायसवाल जनभागीदारी अध्यक्ष हायर सेकंडरी स्कूलबेलटीकरी,लेखराम जायसवाल,सन्तोष साहू,धनेश साहू मंडल अध्यक्ष बिलाईगढ़, महामंत्री हेतराम साहू,राधा राकेश,प्रहलाद जायसवाल, रामनारायण देवांगन, प्रभु लाल जाटवर,नन्दू साहू युवा मंडल अध्यक्ष बिलाईगढ़, लोकनाथ साहू महामंत्री सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

पटना-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन का 29 अप्रैल तक विस्तार

■ भाटापारा में इस गाड़ी के ठहराव की सुविधा नहीं

भाटापारा/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा स्पेशल ट्रेन 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन, 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन एवं 07255 हैदराबाद--पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 अप्रैल तक विस्तार किया गया है। यह ट्रेन भाटापारा में नहीं रुकती है जबकि पटना साहिब,रांची जाने के लिए इस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग व्यापारी गण लंबे समय से कर रहे हैं। यह गाड़ी पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन 31 जनवरी तक चल रही 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन नम्बर के परिचालन में 29 अप्रैल 24 तक विस्तार किया गया। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना समर स्पेशल ट्रेन नम्बर के साथ 2 फरवरी, 24 तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 26 अप्रैल तक विस्तार किया गया है तथा हैदराबाद से प्रत्येक बुधवार को ट्रेन नंबर 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 29 अप्रैल 24 तक विस्तार किया गया। इस विस्तार से यात्रियों सहित व्यापारियों ने इस ट्रेन की जरूरत को अपनी आवश्यकता बताते हुए स्टॉपेज की थी। हरेरी बाजार निवासी हाजी ट्रेडर्स के संचालक हाजी इकबाल भाई ने इस ट्रेन के विस्तार होने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए इस ट्रेन के भाटापारा स्टॉपेज की मांग को दोहराया है,इकबाल भाई ने कहा कि यह ट्रेन झारखंड के अनेक शहरों को जोड़ने के साथ साथ हैदराबाद के लिए भी एक सीधी ट्रेन सुविधा है जिसका भाटापारा स्टॉपेज दिया जाना निहायत ही जरूरी है।

आयकर और जीएसटी के प्रावधानों और बारीकियों से कराया अवगत

■ चैंबर के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए व्यापारीगण

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का महाकुंभ 64 वां वार्षिक सम्मेलन रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इसमें जिले के व्यापारियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया ।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश के 12 लाख से अधिक व्यापारी हैं। जिसमें प्रदेश भर के 26000 से ज्यादा व्यापारी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में व्यापारियों की हर छोटी बड़ी समस्याओं के समाधान के कार्य होते हैं। वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवम विशिष्ट अतिथि प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री सहित कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। जिसमें प्रदेश के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं से अमर पारवानी ने प्रदेश कैबिनेट को अवगत कराया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील श्रृंगी, चेयरमैन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार ने की। अजमेर से आए विशेषज्ञ अंकित सोमानी सी ए , सी एस ने व्यापारियों को आयकर और जी एस टी के विशेष प्रावधानों और बारीकियों से अवगत कराया। व्यापार और चेंबर में आए बदलाओं को ध्यान रख चेंबर के संविधान में महत्वपूर्ण संशोधन को सम्मेलन में ध्वनिमत से पारित किया गया। जिसमें चेंबर के आजीवन सदस्यता शुल्क 3500 में अब जीएसटी लागू होना, 1000 से अधिक सदस्यता वाले जिलों में अब दो प्रदेश उपाध्यक्ष और दो प्रदेश मंत्री का चुनाव, अलग से अनुशासन समिति का गठन का निर्णय हुआ। सम्मेलन में जिले के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधर गोविंदानी, प्रदेश मंत्री सुभाष भट्टर, भाटापारा, बलौदा बाजार, सिमगा चेंबर अध्यक्ष श्रीचंद छबड़िया, जुगल भट्टर, मनोहर पंजवानी, पोहा मुरुसरा संघ अध्यक्ष - सचिव रंजीत दावानी एवम् अजय मंधान, दाल मिल, राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी कैलाश बालानी, रूपेश मखीजा, प्रेम भूषाणिया, मुकेश थारानी व्यापारीगण इंदरलाल जैन, अनिल रोचलानी, कमलेश कुकरेजा, प्रताप ठाकुर, अरुण मूंधड़ा, कैलाश सोनी, राकेश मंधान, सुरेश वर्मा, नरेंद्र भूषाणिया, गोपाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अशोक सोनी, संतोष अग्रवाल, शंकर किंगरानी, अनिल गंगवानी, राजेश राठी, हरीश निहलानी,अनिल सोनी, नरेश मौर्या, अंशुल जैन, शिव अग्रवाल, गोपाल तलरेजा, अनिल सचदेव, संजय सबलानी, कृष्ण केसरवानी, नंदलाल गिदवानी, मुकेश साहू, अजय छबड़िया, प्रदीप अग्रवाल, अशोक थारानी, संजय मंधान, रविंद्र पुरोहित, रवि मंधान आदि शामिल हुए ।

अर्शदीप, सूरज और स्टीवन ने किया ऑलंपिक के लिए क्वालिफाई

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के अर्शदीप सिंह नेशनल रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में पहले स्थान पर रहे। अर्शदीप सिंह, सूरज पवार, स्टीवन और अर्शप्रीत सिंह ने ओलिंपिक के रेसवॉकिंग इवेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चंडीगढ़ में आयोजित रेस वॉकिंग चैंपियनशिप के इंडिविजुअल इवेंट में अर्शदीप पहले, सूरज दूसरे, स्टीवन तीसरे और अर्शप्रीत सिंह चौथे नंबर पर रहे। चारों ने क्वालिफाइंग टाइम 1 घंटे 20 मिनट 11 सेकेंड से कम समय लेकर रेस पूरी की। विमेंस में मंजू रानी चैंपियन रहीं, लेकिन क्वालिफाइंग टाइम पूरा नहीं कर पाने के कारण वह ओलिंपिक में जगह नहीं बना सकीं। मिक्स्ड वॉक रेस ओलिंपिक में पहली बार होने जा रही है। गेम्स इसी साल जुलाई में फ्रांस के पेरिस में होंगे। पंजाब के अर्शदीप सिंह ने 20 किमी रेस वॉक एक घंटे 19 मिनट और 37 सेकेंड का समय लेकर जीती। उत्तराखंड के सूरज पवार 1 घंटे 19 मिनट और 43 सेकेंड का समय लेकर दूसरे नंबर पर रहे।तमिलनाडु के स्टीवन ने एक घंटे 20 मिनट और 3 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं चौथे नंबर पर रहे अर्शप्रीत सिंह ने भी क्वालिफाई कर लिया। उन्होंने एक घंटे

20 मिनट और 4 सेकेंड का समय लिया। चारों ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। क्वालिफिकेशन के लिए एक घंटे 20 मिनट और 11 सेकेंड के अंदर रेस पूरी करनी थी।

अंडर-20 की मेंस और विमेंस कैटेगरी में 10 किमी की रेसवॉक हुई। विमेंस में आरती भड़ाना पहले नंबर पर रहीं। वहीं वैष्णवी नेगी दूसरे और चकप्रमनोकिया चानू तीसरे नंबर पर रहीं। मेंस रेसवॉक में हिमांश कुमार ने रेस जीती। वहीं आदित्य नेगी दूसरे और रोशन कुमार तीसरे नंबर पर रहे। आरती भड़ाना (दाएं) और वैष्णवी नेगी 10 किमी रेसवॉक में पहले और दूसरे नंबर पर रहीं। मेंस इवेंट में भारत से अब 6 वॉकर ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अर्शदीप, सूरज, स्टीवन और अर्शप्रीत से पहले विकास सिंह और परमजीत बिष्ट ओलिंपिक खेलने के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों ने पिछले साल जापान में एशियन चैंपियनशिप के दौरान क्वालिफाई किया था। तब विकास ने 1 घंटा 20 मिनट और 8 सेकेंड, जबकि परमजीत ने एक घंटा 20 मिनट और 11 सेकेंड का समय लिया था।अर्शदीप ने पिछले साल नेशनल चैंपियनशिप एक घंटे 20 मिनट 5 सेकेंड का समय लेकर ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया था, उन्होंने इस बार सिर्फ अपना प्रदर्शन सुधारा।नेशनल विमेंस चैंपियनशिप में कोई भी महिला ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। चंडीगढ़ की मंजू रानी एक घंटे 34 मिनट 16 सेकेंड का समय लेकर पहले नंबर पर रहीं। लेकिन ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए रेस एक घंटे 29 मिनट और 20 सेकेंड के अंदर पूरी करनी थी। दूसरे और तीसरे नंबर पर की वॉकर भी क्वालिफिकेशन के आसपास नहीं पहुंच सकीं।हालांकि विमेंस में भारत से प्रियंका गोस्वामी पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं और वह इस वक्त ऑस्ट्रेलिया में ओलिंपिक के लिए तैयारी कर रही हैं। मंजू रानी ने विमेंस की नेशनल रेसवॉकिंग चैंपियनशिप जीती लेकिन वह ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। पेरिस ओलिंपिक में पहली बार मिक्स्ड मैराथन वॉक रेस होगी। इसके लिए तुर्किये में अप्रैल में होने वाले वर्ल्ड रेस वॉकिंग चैंपियनिशप में भी ओलिंपिक क्वॉलिफाइंग होगा। मिक्स्ड मैराथन वॉक रेस 42 किमी की होगी। इसमें एक टीम में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी होगी। पहले पुरुष एथलीट 11 किमीटर दौड़ेगा, फिर महिला एथलीट 10 किमी दौड़ेगी। उसके बाद फिर से पुरुष एथलीट 10 किमी दौड़ेगा और आखिर में महिला एथलीट 11 किलोमीटर दौड़ कर रेस खत्म करेगी।

दूसरे टेस्ट से पहले भारत को झटका केएल राहुल, रविंदर जडेजा बाहर

नई दिल्ली। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले भारत के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा कि हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत के 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी।

वहीं, केएल राहुल को भी इस मैच के दौरान ही चोट लगी और अब यह दोनों खिलाड़ी अगला मैच नहीं खेल पाएंगे। बयान में आगे बताया गया है कि पुरुष चयन समिति ने विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया है। जडेजा और राहुल की चोटें भारतीय टीम के लिए एक बड़ा झटका है। खासकर हैदराबाद टेस्ट 28 रन से हारने और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पिछड़ने के बाद। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है, जो व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से बाहर हैं। साथ ही वरिष्ठ तेज गेंदबाज

मोहम्मद शमी टखने की चोट से जूझ रहे हैं।वाशिंगटन ने भारत के लिए चार टेस्ट खेले हैं, जिसमें उनके नाम छह विकेट हैं। साथ ही उन्होंने तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। मार्च 2021 में अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ प्रारूप में अपनी आखिरी उपस्थिति के बाद उन्हें टेस्ट सेट-अप में वापस बुला लिया गया है।सौरभ मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम के सदस्य थे और उन्हें साल के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए जडेजा के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया था।इस बीच सरफराज को भारतीय टेस्ट टीम में अपना पहला, लेकिन लंबे समय से प्रतीक्षित बुलावा मिल गया है। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट के पिछले तीन सीज़न में शानदार रन बनाने वाले सरफराज ने हाल ही में शानदार 161 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अहमदाबाद में दूसरे चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस को एक पारी और 16 रन से हरा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम ञ रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

आईसीसी ने बुमराह को लगाई फटकार

हैदराबाद। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट में आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी खिलाड़ी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

आईसीसी ने बुमराह को फटकार लगाई है, उनके ऊपर जुर्माना नहीं लगाया गया। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। हालांकि, आईसीसी ने कार्रवाई करते हुए उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया है। यह वाकया इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुआ। बुमराह ने जानबूझकर ओली पोप के रास्ते में कदम रखा था। पोप एक रन लेने के लिए दौड़े थे। बुमराह की हरकत से अनुचित शारीरिक संपर्क हुआ। हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा ने मामला संभाला और दोनों खिलाड़ियों को शांत किया। टेस्ट सीरीज़ के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से 28 रन की हार मौजूदा 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में टीम की दूसरी हार है, जिसका मतलब है कि भारत मौजूदा रैंकिंग में तीन स्थान गिरकर पांचवें स्थान पर आ गया है। दो बार के डब्ल्यूटीसी उपविजेता भारत का अंक प्रतिशत अब 54.16 से घटकर 43.33 हो गया है। इसके अलावा वे अब डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से पीछे हैं।

लबर्न स्टार्स के साथ 2026-27 तक जुड़े रहेंगे मार्क्स स्टोइनिस

केप टाउन। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के साथ अपना अनुबंध तीन साल तक बढ़ा दिया है। यानी वो अब 2026-27 तक स्टार्स से जुड़े रहेंगे। मार्कस स्टोइनि का मेलबर्न स्टार्स के साथ बने रहने का निर्णय सस्पेंस में था। कई क्लबों ने इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने में रुचि व्यक्त की थी।

पर्थ स्कॉर्चर्स स्टोइनिस की प्रारंभिक बीबीएल टीम थी जहां उन्होंने 2012-13 सीज़न में तीन मैच खेले थे। उन्हें

फिर से अपने साथ शामिल करना चाहती थी। हालांकि, स्टोइनिस ने स्टार्स के साथ अपनी यात्रा जारी रखने का फैसला किया।स्टार्स के प्रति उनकी प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। स्टोइनिस एक बड़े रिकॉर्ड के करीब हैं जिसे केवल कुछ चुनिंदा लोग ही हासिल कर पाते हैं।

वो मेलबर्न स्टार्स के लिए 100 मैच खेलने के करीब हैं। स्टार्स के पूर्व कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने पिछले सीजन में यह उपलब्धि हासिल की थी।मैक्सवेल के नेतृत्व की भूमिका से हटने के साथ स्टोइनिस टीम की कप्तानी के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। वर्तमान में, वह दक्षिण अफ़्रीकी टी20 लीग में डरबन के सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं। जो उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी, लखनऊ सुपर जायंट्स की सहयोगी है।

बिजनेस

एक फरवरी से होंगे ये 8 बड़े बदलाव

नई दिल्ली। फरवरी के महीने का आगमन होने वाला है। देश में 1 फरवरी से 8 नियम बदलने जा रहे हैं। ये नियम सीधे आम आदमी की जेब पर असर डालेंगे। ऐसे में आपको इन नियमों के बारे में पहले से जानकारी होना जरूरी है। आप अपने जरूरी काम इसी महीने की अंतिम तारीख तक फटाफट जरूर निपटा लें। चलिए विस्तार से जानते हैं इस बारे मेंः

फास्टैग केवाईसी-भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा कि वह उन स्नस्ञ्जड्डद्द्य को बैन या ब्लैकलिस्ट कर देगा जिनके ्यङ्घष्ट पूरा नहीं हुआ है। फास्टैग केवाईसी अपडेट करने की समय सीमा 31 जनवरी है।**नेशनल पेंशन सिस्टम के बदले नियम-** पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत पेंशन निकासी के नियमों में 12 जनवरी को बदलाव किया था। जो कि एक फरवरी 2024 से लागू होंगे। नए नियम के तहत ह्वक्क- अकाउंट होल्डर अपने पेंशन खाते के कंट्रीब्यूशन का 25त्न तक निकाल सकते हैं।**फंड ट्रांसफर का नियम-**अब आपको अगर किसी को पैसा तुरंत ट्रांसफर करना हो तो आप एक फरवरी से बिना बेनिफिशरी का नाम जोड़े सीधे बैंक अकाउंट में 5 लाख तक का

पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं वो भी एक मिनट में, इसके लिए आपको बस बेनिफिशरी का फोन नंबर और अकाउंट नंबर एड करना होगा।**सीएनजी और पेट्रोल-डीजल के दाम-** हर महीने की पहली तारीख को ष्टहृत्र और क्कहृत्र के रेट अपडेट किए जाते हैं इसलिए उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी नए रेट जारी होंगे। तो वहीं मई 2022 से देश में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार पेट्रोल के रेट को लेकर बड़ा ऐलान हो सकता है।**एलपीजी के दाम-** हर महीने की पहली तारीख को रुक्कत्र के दाम भी अपडेट किए जाते हैं। नए साल के पहले दिन 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम हुए थे। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1.50 रुपये से लेकर 4.50 रुपये तक सस्ता हुई थी।

हालांकि घरेलू 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था, उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी ये चेंज हो सकता है।

बल्क ईमेल-गूगल बल्क ईमेल भेजने के लिए प्रमाणीकरण के नियम में बदलाव करने जा रहा है, जो कि एक फरवरी से लागू हो जाएगा। इसके तहत अब 5000 मेल को एक साथ भेजना संभव नहीं होगा।**एसबीआई होम लोन-** एसबीआई की तरफ से स्पेशल होम लोन कैंपेन चलाया जा रहा है, जिसके तहत बैंक के ग्राहक 65 बीपीएस तक के होम लोन पर छूट का लाभ उठा सकते हैं। प्रोसेसिंग फीस और होम लोन पर रियायत की आखिरी तारीख 31 जनवरी, 2024 है। यह डिस्काउंट सभी होम लोन के लिए मान्य है।

यूको बैंक की एयरो सिटी शाखा का उद्घाटन

मोहाली। यूको बैंक के एमडी तथा सीईओ अश्वनी कुमार ने आज मोहाली सिटी सेंटर में यूको बैंक की एयरो सिटी शाखा का उद्घाटन किया। अश्वनी कुमार ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए यूको बैंक के दिसंबर 2023 के वित्तीय परिणामों की जानकारी दी और बताया कि यूको बैंक देश का अग्रणी बैंक है। पिछली तिमाही में बैंक ने उल्लेखनीय लाभ कमाया है। कारोबार के अन्य क्षेत्रों में यूको बैंक का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। बैंक ने ग्राहकों की सुविधा के लिए अनेक ऋण योजनाएं तथा डिजिटल उत्पाद शुरू किए हैं। अश्वनी कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों का आभार व्यक्त किया और ग्राहकों से अपना सहयोग बनाए रखने का अनुरोध किया।

स्पाईसजेट- इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम के जरिए मिले 160 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। स्पाइसजेट ने 744 करोड़ रुपये के अलावा, इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) के जरिए 160 करोड़ रुपए भी सुरक्षित किए हैं, जिसके पास अब 900 करोड़ रुपये का पर्याप्त बैंक बैलेंस है। एयरलाइन सूत्र ने बताया। पिछले हफ्ते, स्पाइसजेट ने पहली किश्त में कुल 744 करोड़ रुपये के शेयर और वारंट आवंटित किए थे। यह फैसला कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 25 जनवरी को लिया गया, जो स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।सूत्र ने आगे कहा कि एयरलाइन के सीएमडी अजय सिंह व्यक्तिगत रूप से सभी प्रमुख खर्चों की निगरानी करेंगे। सूत्रों ने कहा, प्रत्येक रुपये की सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी, मंजूरी के बिना किसी भी व्यय की अनुमति नहीं होगी। सिंह ने स्पष्ट किया कि खराब प्रदर्शन करने वालों को स्पाइसजेट में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। एक एयरलाइन अधिकारी ने कहा कि फंड इन्फ्यूजन के साथ, कंपनी फ्लीट अपग्रेड, टाइम परफॉर्मेंस को बढ़ाने और कस्टमर्स को प्राथमिकता देगी।इसके अलावा, संचालन को सुव्यवस्थित करने और दक्षता बढ़ाने के लिए लागत में कटौती के उपायों की एक श्रृंखला लागू की जाएगी। कंपनी को उम्मीद है कि फाइनेंसिंग के लिए वह पर्याप्त पूंजी जुटाएगी।

इंसानी दिमाग में पहली बार लगाया 'ब्रेन चिप', मस्क की कंपनी न्यूरोलिंक का करिश्मा

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने घोषणा की है कि उनकी मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफ़ेस कंपनी न्यूरालिंक ने अपना पहला मानव मस्तिष्क प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर लिया है, और यह अच्छी तरह से रिकवर हो रहा है। मस्क ने कहा कि कंपनी का पहला उत्पाद, जिसे टेलीपैथी कहा जाता है, केवल सोचने से फोन या कंप्यूटर पर नियंत्रण ला देगा। न्यूरालिंक को पिछले साल मानव परीक्षण के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की मंजूरी मिली थी और सितंबर में कहा गया था कि वह छह साल के शुरुआती परीक्षण के लिए अपने पहले परीक्षण विषयों की तलाश कर रहा था। मस्क ने देर रात एक्स पर पोस्ट किया, पहले इंसान को कल न्यूरालिंक से इम्प्लांट मिला और वह ठीक हो रहा है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक परिणाम आशाजनक न्यूरॉन स्पाइक का पता लगाते हैं। मस्क ने बताया कि पहले न्यूरालिंक उत्पाद को टेलीपैथी कहा जाता है।

अरबपति के अनुसार, यह आपके फोन या कंप्यूटर और उनके माध्यम से लगभग किसी भी डिवाइस को केवल सोचने मात्र से नियंत्रित करने में सक्षम होगा। मस्क ने कहा, शुरुआती उपयोगकर्ता वे होंगे, जिन्होंने अपने अंगों का उपयोग खो दिया है। कल्पना कीजिए कि स्टीफन हॉकिंग एक स्पीड टाइपिस्ट या

नीलामीकर्ता की तुलना में तेजी से संवाद कर सकते हैं, यही लक्ष्य है।

यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) को दी गई फाइलिंग के अनुसार, पिछले साल नवंबर में ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस कंपनी ने उद्यम पूंजी में अतिरिक्त 43 मिलियन डॉलर जुटाए थे। फाइलिंग से पता चला कि कंपनी ने पीटर थिएल के फाउंडर्स फंड के नेतृत्व में अपनी पिछली किश्त को अगस्त की शुरुआत में 280 मिलियन डॉलर से 323 मिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया था। फाइलिंग के अनुसार, बत्तीस निवेशकों ने इस दौर में भाग लिया। न्यूरालिंक, जिसे 2016 में स्थापित किया गया था, ने एक सिलाई मशीन जैसा उपकरण विकसित किया है, जो मस्तिष्क के अंदर अति पतले धागे को प्रत्यारोपित करने में सक्षम है।

धागे इलेक्ट्रोड के साथ एक कस्टम-डिज़ाइन किए गए चिप से जुड़ते हैं, जो न्यूरॉन्स के समूहों से डेटा पढ़ सकते हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, प्राइम अध्ययन (सटीक रोबोटिक रूप से प्रत्यारोपित मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफ़ेस का संक्षिप्त रूप) का उद्देश्य हमारे प्रत्यारोपण (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आर1) की सुरक्षा का मूल्यांकन करना और पक्षाघात से पीड़ित लोगों को अपने विचारों से बाहरी उपकरणों को नियंत्रित करने में सक्षम करने के लिए हमारे वायरलेस मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफ़ेस की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना है।

तू झूठी मैं मक्कार से हसलीन कौर को मिली पहचान

रणबीर कपूर इस दौर के बॉलीवुड के शीर्ष अभिनेताओं में शुमार हैं। कई नए कलाकार उनके साथ काम करने की इच्छा जता चुके हैं, वहीं उनके साथ काम करने वाले सहायक कलाकारों ने उनकी खूब प्रशंसा की है।पिछले साल रणबीर की 2 फिल्में रिलीज हुई थीं। तू झूठी मैं मक्कार और एनिमल से पिछले साल रणबीर ने खूब सुर्खियां बटोरीं।तू झूठी मैं मक्कार की उनकी साथी कलाकार हसलीन कौर ने उनके साथ काम करने पर खुशी जताई है।तू झूठी... में हसलीन ने रणबीर की बहन का किरदार निभाया था।हसलीन ने इस फिल्म के बारे में कहा, मुझे लगता है कि इस फिल्म ने मुझे पहचान दिलाने का काम किया है। लोग सड़कों पर मुझे रणबीर की अड़ियल, लेकिन प्यारी बहन मिनी के रूप में जानते हैं और मेरे साथ तस्वीरें लेना चाहते हैं। यह बहुत सुखद एहसास है।उन्होंने रणबीर के अभिनय की भी तारीफ की।रणबीर के बारे में हसलीन ने कहा, जब अभिनय की बात हो तो यह उन्हें विरासत में मिला है। यह उनके खून में है, लेकिन वह इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत भी करते हैं। जिस तरह से उन्होंने एक के बाद एक अपनी फिल्मों के लिए अपना लुक बदला है, तू झूठी, ब्रह्मास्त्र, एनिमल वह काबिल-ए-तारीफ है।हसलीन ने को-स्टार श्रद्धा कपूर के बारे में भी कहा कि वह उन्हें फिल्म जगत में अपना दोस्त बुला सकती हैं।लव रंजन की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार पिछले साल होली के मौके पर रिलीज हुई थी। फिल्म में रणबीर और श्रद्धा की जोड़ी नजर आई थी।इस फिल्म में बोनी कपूर ने पहली बार कैमरे के सामने अभिनय किया था। फिल्म में डिंपल कपाड़िया भी थीं।स्टैंडअप कॉमेडियन अनुभव बस्सी ने भी अपने अभिनय से दर्शकों का मनोरंजन किया था।इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन कारोबार किया था।तू झूठी... से पहले हसलीन 2014 में कर ले प्यार कर ले में नजर आई थीं।इससे पहले वह सैफ अली खान की फिल्म लव आज कल में भी नजर आ चुकी हैं।हसलीन ने बताया कि जब उन्होंने लव आज कल में काम किया था, तब उनका अभिनय में करियर बनाने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने इसे एक साधारण मॉडलिंग असाइमेंट समझकर इसमें काम किया था।

नोरा फतेही, ध्रुव सरजा स्टारर केडीः द डेविल में हुई शामिल

अभिनेत्री नोरा फतेही इन दिनों अपनी आगामी स्पोर्ट्स-एक्शन फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी विद्युत जामवाल के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।हिंदी, तमिल और तेगुलु फिल्मों में अभिनय करने के बाद अब नोरा कन्नड़ सिनेमा में अपनी अदाकारी का दम दिखाएंगी।उन्होंने अपनी पहली कन्नड़ साइन की है, जिसका नाम केडी- द डेविल है।केवीएन प्रोडक्शन ने अपनी आगामी दो परियोजनाओं के लिए नोरा को साइन किया है। नोरा अपनी पहली कन्नड़ फिल्म में संजय दत्त के साथ नजर आएंगी। फिल्म में संजय और नोरा साथ में डांस करते हुए दिखाई देंगे।इस फिल्म का निर्देशन कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक प्रेम करने वाले हैं। इसमें शिल्पा शेट्टी और विजय सेतुपति भी हैं।प्रेम ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मुझे नोरा की मेहनत और काबिलियत पर पूरा भरोसा है। वह



सारे काम शिद्दत से करती हैं। उनकी वजह से ये फिल्म सुपर हिट होगी। नोरा एक साथ दो बड़ी कन्नड़ फिल्में साइन करके काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं बता नहीं सकती हूं कि मैं कितनी खुश हूं। मैं पहली बार एक नहीं दो-दो कन्नड़ फिल्में कर रही हूं। इन फिल्मों की बदौलत मुझे कर्नाटक की परंपरा और फिल्मों के दर्शकों से जुड़ने का मौका मिलेगा।उन्होंने आगे कहा, मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित महसूस कर रही हूं।

पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घरेलू विवाद को लेकर पत्नी से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपी पतियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास गीतानगर में रहने वाली प्रार्थिया रेणु पाल 45 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि उसका पति आरोपी पुनवासी पाल ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे मामले में कुशालपुर चौक निवासी प्रार्थिया रोजी लहरे 27 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि उसका पति आरोपी राजेश लहरे 28 वर्ष ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। दूसरे की जमीन को अपना बताकर 13 लाख रुपए में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाशचंद चौधरी 65 वर्ष गांधी चौक राजातालाब का रहने वाला है। बताया जाता है कि अग्रोहा कालोनी डीडीनगर में 848 वर्गफीट भूमि है जो आलोक महावर के नाम पर है। जिसे आरोपी समीर श्रीवास्तव ने अपना भूमि बताकर प्रार्थी को 13 लाख रुपए में बेच दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थी को हुई तो उसने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रोफेसर कालोनी पुरानी बस्ती स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुनीता नायक 26 वर्ष सेक्टर 1 प्रोफेसर कालोनी की रहने वाली है। बताया जाता है कि 27-28 जनवरी की दरम्यानी अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अस्पताल के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई स्थित जेठानी अस्पताल के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गिरीश धुव 38 वर्ष फाफडीह का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडब्ल्यू 7585 को खमतराई स्थित जेठानी अस्पताल के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के पार्किंग के पास गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 21 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नया बस स्टेण्ड के बाइक पार्किंग के पास आरोपी मुजाहिद 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से प्लास्टिक बोरी में 21 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कोरोना के आठ नए मरीज मिले

रायपुर/नवप्रदेश राज्य में बीते चौबीस घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 8 नए मामले सामने आए हैं। वहीं करीब 2 हजार 958 सैंपलों की जांच की गई है। आठ नए मरीजों के साथ मिलकर अब सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है. पॉजिटिविटी दर 0.27 प्रतिशत पर पहुंच गई है. बता दें कि दुर्ग, बालोद, रायपुर, धमतरी, रायगढ़ ,जांजगीर चाम्पा और बस्तर में कोरोना मरीज सक्रिय है।

25 पदों पर होगी सीधी भर्ती, 15 हजार तक मिलेगी सैलरी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 2 फरवरी दिन शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक नव किसान बायो प्लाटेक लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स एजीकर्यूटिव के 25 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु केवल पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक रखा गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 9000 से 15000 रुपए निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदक का कार्यक्षेत्र जॉजगीर चांपा, बलौदा एवं बिलासपुर रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

झुमका जल महोत्सव में इंडियन आइडल के कलाकार देंगे प्रस्तुति



■ कल से शुरू होगा दो दिवसीय महोत्सव, कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

लोकार्पण एवं भूमिपूजन का भी कार्यक्रम

जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन का कार्यक्रम भी आयोजन किया जाएगा। झुमका जल महोत्सव स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे ताकि जिलेवासियों को सरकार की योजनाओं के बारे में समुचित जानकारी मिल सके।

कोरियावासियों में जबरदस्त उत्साह

कोरिया में झुमका जल महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगो में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। विगत वर्ष भी झुमका जल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था, जिसे काफी सराहा गया है। बैकुण्ठपुर शहर में स्थित झुमका बोट क्लब पर्यटकों के लिए बहुत ही आकर्षक स्थल है। यहाँ के स्थानीय लोगों में यह स्थल घूमने के साथ सुकून की जगह के लिए भी प्रसिद्ध है।

कोरिया/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष भी दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव का आयोजन 01 एवं 02 फ रवरी बैकुण्ठपुर-कोरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय लंगेह ने झुमका बोट क्लब में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान श्री लंगेह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मंच सज्जा, रैम्प आदि के बाकी बचे कार्य को जल्द पूरा करने और अंतिम रूप देने निर्देश दिए हैं। साथ ही बेरिकेड्स, मंच सज्जा, लाइट, एलईडी, पीने की पानी, सुलभ शौचालय, आमन्त्रण कार्ड, प्रवेश पत्र, बैनर, पोस्टर व अतिविशिष्ट लोगो की अगुवानी, रुकने, ठहरने, भोजन व्यवस्था आदि कार्यों का भी निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिए। श्री लंगेह ने सुरक्षा सहित कार्यक्रम स्थल पर सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है।

स्थानीय व राष्ट्रीय कलाकारों से सजेगी महफिल

झुमका जल महोत्सव में मशहूर बॉलीवुड संगीत निर्देशक जोड़ी मीत ब्रदर्स की होगी शानदार प्रस्तुति इसके साथ ही इंडियन आइडल फेम शनमुखा प्रिय, नचिकेत लेले और निहाल टाओरो भी देंगे प्रस्तुति। स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के प्रतिभा को भी मंच दिया जाएगा।

अवैध शराब के साथ तीन कोचिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 99 पाव देशी शराब, एक्टिवा वाहन व बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास एक्टिवा वाहन से अवैध शराब लेकर जाते आरोपी करा बघेल 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से एक्टिवा वाहन व 88 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पास अवैध शराब बेचते आरोपी कमल सेन 35 वर्ष व योगेश कुमार पंजे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय का डीईओ ने किया निरीक्षण

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेकंट के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ का औचक निरीक्षण किया जिसमें विद्यालय संचालन की व्यवस्था दुरुस्त पायी गई। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों के पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। डीईओ ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी कक्षाओं में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद स्टाफ से बच्चों की उपस्थिति, स्टाफ उपस्थिति पंजी, आदि की जानकारी ली साथ ही फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो लैब में जाकर प्रैक्टिकल के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उक्त कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कक्षा 12 वीं में रसायन विज्ञान एवं कक्षा 10 वीं में अंग्रेजी की पढ़ाई कर रहे बच्चों के बीच रसायन विज्ञान विषय का अध्यापन कार्य किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत कर बोर्ड परीक्षा 2024 की तैयारी के लिए समुचित मार्गदर्शन एवं विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षण कार्य रुचि पूर्वक तथा बेहतर ढंग से करने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने शिक्षकों को कमजोर बच्चों पर अधिक ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि जिससे बोर्ड परीक्षा में जिले का परिणाम बेहतर आ सके इसके लिए शिक्षक, अभिभावक तथा स्वयं विद्यार्थियों को मिलकर मेहनत करने की आवश्यकता है।

10 से 28 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

रायगढ़/नवप्रदेश। राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार 10 से 28 फरवरी को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए फाइलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक की दवाई खिलाई जाती है, जिसमें 10 से 15 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, कालेज, तकनीकी संस्थानों के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हथीपांव की दवा खिलाई जाएगी। साथ ही 16 से 24 फरवरी तक गृह भेट कर घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जाएगा। शेष छूटे हुए व्यक्तियों को मॉप-अप राउंड में 26 से 28 फरवरी तक दवा का सेवन कराया जावेगा। जिसमें रायगढ़ जिले की कुल जनसंख्या के 100 प्रतिशत आबादी (1335278) में से 85 प्रतिशत (1134986) लक्षित आबादी लेवी, जिनका दवा सेवन कराने पर विशेष जोर दिया जायेगा। 15 प्रतिशत आबादी जिनको दवा सेवन से वंचित रखा गया है उसमें मुख्य रूप से डीईसी दवाई हेतु 0 से 2 वर्ष तक के बच्चे, ईयरमेंटिन दवा हेतु 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के साथ 90 से.मी. से कम उंचाई वाले व्यक्ति, अति गंभीर पीडित व्यक्तियों, इसमें गर्भवती महिला, स्तनपान कराने वाली महिला, गंभीर बीमारी से पीड़ितों को दवा नहीं दिया जाएगा।

राजस्व पखवाड़ा का आयोजन 1 फरवरी से, कलेक्टर ने की समीक्षा

शिविरों में ये काम होंगे

इन शिविरों में बी-1 पटन, अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, अभिलेख अपडेट, त्रुटि सुधार संबंधी अभिलेख सुधार, नवतरा बटाकरा, सीमांकन, डायवर्सन, वृध कटाई की अनुमति, जाति, निवास एवं आय प्रमाण सहित अन्य कार्यो के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन अधिकार मान्यता पत्र, नोनी सुरक्षा किसान क्रेडिट कार्ड आदि के लिए आवेदन की कार्यवाही की जायेगी।

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में 1 फ रवरी से 15 फ रवरी तक राजस्व पखवाड़ा मनाया जायेगा। इस दौरान हर ग्राम पंचायत में राजस्व शिविर लगेंगे। शिविरों में राजस्व संबंधी कामों के अलावा विकसित भारत योजना में शामिल योजनाओं के लाभ पाने से छूटे हुए लोगों के आवेदन भी लिए जाएंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारियों की बैठक लेकर इसकी तैयारी की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ श्री अजय अग्रवाल को इस योजना का नोडल अधिकारी बनाया गया है। पखवाड़े के दौरान अवकाश के दिन भी शिविर लगेगी। ग्राम पंचायत भवन अथवा अन्य कोई सुविधाजनक स्थल पर शिविर लगाया जायेगा। मुनादी के जरिए शिविर के तिथि और होने वाले कामों की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गये हैं। प्रत्येक राजस्व अनुविभाग में 5 से 6 शिविर हर रोज लगाए जाएंगे। तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार में से कोई एक अधिकारी हर शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का समाधान करेंगे। कलेक्टर श्री शरण ने लोगों को इन शिविरों में पहुंचकर अपने छूटे हुए सरकारी काम करवा लेने की अपील की है।

इन पंचायतों में 1 फरवरी को लगेगा शिविर : राजस्व पखवाड़े के अंतर्गत 1 फरवरी को 27 शिविर लगाये जायेंगे। इनमें बिलासपुर तहसील के अंतर्गत मोपका, सिरगिट्टी एवं तोरवा, बेलतरा तहसील में लिम्हा, बिल्हा तहसील के अंतर्गत निपनिया, अमेरीकापा, मुरकुटा, बोदरी तहसील में बोदरी, चकरभाठा, मस्तुरी तहसील के अंतर्गत गतौरा, भनेसर, सीपत में मचखंडा, नरगौड़ा, पचपेड़ी तहसील में ओखर एवं गिरपुरी, कोटा में सेमरिया, तेंदुवा, बेलगहना में आमगोहन एवं केन्दा, रतनपुर तहसील में पुडु एवं तेन्दूभांठा, तखतपुर के अंतर्गत पाली, कंचनपुर, सोनबंधा तथा सकरी तहसील के अंतर्गत सकरी, अमेरी एवं बेलमुण्डी में शिविर आयोजित किया गया है।

400 बोरा अवैध धान के साथ मिनी ट्रक जब्त

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में खाद्य एवं मंडी के संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान विक्रय एवं परिवहन पर कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि खिलेन्द्र कुमार कौशिक द्वारा धान उपार्जन केन्द्र तिलई, जांजगीर-चांपा में धान खपाने के उद्देश्य से 400 कट्टा धान वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 1806 में लोड कर ग्राम-कटगी विकासखण्ड-कसडोल जिला-बलौदाबाजार भाटापारा से लेकर आया था। जिसे वाहन मिनी ट्रक में भरे होने के कारण संदेह हुआ। संदेह के आधार पर वाहन चालक से पूछताछ किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि उक्त धान ग्राम-कटगी विकासखण्ड-कसडोल जिला-बलौदाबाजार भाटापारा से लोड कर लाया गया है तथा 300 कट्टा धान तिलई उपार्जन केन्द्र में खाली किया गया है, एवं 100 कट्टा धान उपार्जन केन्द्र से वापस लेकर जाना है बताया गया उक्त धान अन्य जिले से लाए जाने के कारण मौके पर जब्त किया गया तथा जब्तशुदा वाहन मिनी ट्रक सीजी 04 एनजेड 1806 तथा 400 कट्टा धान से पुलिस थाना जांजगीर के अभिरक्षा में दिया गया। उक्त कार्यवाही खाद्य एवं मंडी के संयुक्त टीम द्वारा की गई है।

मोबाइल एप के माध्यम से हो रहा राशनकार्ड का नवीनीकरण

कोरबा/नवप्रदेश। प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन तथा सामान्य राशनकार्डों का नवीनीकरण के लिए अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। खाद्य विभाग द्वारा राशनकार्डधारियों की सुविधा के लिए नवीनीकरण हेतु नया मोबाईल ऐप तैयार किया गया है, जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल, उचित मूल्य दुकानों में संधारित टेबलेट, दुकान संचालक के पंजीकृत मोबाइल में खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in/ से ऐप को डाऊनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। जिसके अंतर्गत आवेदन प्राप्ति 15 फरवरी 2024 तक तथा नवीनीकृत राशनकार्ड प्रदाय हेतु 01 फरवरी से 29 फ रवरी तक समय सीमा निर्धारित है।